3 राजधानी — साफ हवा के लिए हर कदम उठाने की तैयारी

6 अभिमत — रूस के संकट में न उलझे भारत

9 राष्ट्रीय — बारूदी सुरंग में विस्फोट बीएसएफ जवान घायल

10 विदेश — भारत-अमेरिका के बीच बेहतर संबंधः पेंटागन



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 327
नई दिल्ली, शनिवार, 8 अक्टूबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





फआईएच के वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए हरमनप्रीत
स्पोर्ट्स-12


# धर्मांतरण पर घिरे केजरीवाल के मंत्री

- भाजपा ने संसद मार्ग थाने में दर्ज कराई शिकायत, सीएम से गौतम को फौरन बर्खास्त करने की मांग
- बैकफुट पर आई आम आदमी पार्टी, राजेंद्र पाल गौतम को लेकर मुख्यमंत्री नाराज



झंडेवालान में पांच अक्टूबर को आयोजित कार्यक्रम में बौद्ध धर्म की दीक्षा लेते मंत्री राजेंद्र पाल गौतम।



दिल्ली के कैबिनेट मंत्री राजेंद्र पाल गौतम के विरुद्ध संसद मार्ग थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विजयादशमी** के अवसर पर राजधानी दिल्ली में बड़ी संख्या में लोगों के हिंदू धर्म त्यागकर बौद्ध धम्म की दीक्षा लेने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। कार्यक्रम में आप सरकार के समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम भी शामिल हुए थे।

भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कठघरे में खड़ा करते हुए आरोप लगाया कि मंत्री ने कार्यक्रम में सीएम के इशारे पर हिंदू धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की और धार्मिक भावनाओं को आहत किया। इस मुद्दे को लेकर आक्रामक हुई भाजपा ने मंत्री को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की और संसद मार्ग थाने में शिकायत दर्ज कराई है। विजयादशमी के दिन बुधवार को राजधानी दिल्ली में बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में लोग कथित तौर पर भगवान बुद्ध की शिक्षाओं का अनुसरण करने और हिंदू देवी-देवताओं की पूजा नहीं करने का संकल्प लेते नजर आ रहे हैं। राजधानी के झंडेवालान स्थित डॉ. आंबेडकर भवन में आयोजित इस विवादित कार्यक्रम के बारे में दावा किया जा रहा है कि इसमें दस हजार लोगों ने हिंदू धर्म त्यागकर बौद्ध धम्म की शिक्षा ली। इस कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री और सीमापुरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक राजेंद्र पाल गौतम ने भी हिस्सा लिया था। वह मंच पर अन्य अतिथियों के साथ खड़े दिख रहे हैं। सामूहिक शपथ लेते हुए लोग कहते दिख रहे हैं कि मैं कभी भी ब्रह्म, विष्णु और महेश को भगवान नहीं मानूंगा और न ही उनकी पूजा करूंगा। मैं कभी भी राम और कृष्ण को भगवान नहीं मानूंगा और न ही कभी उनकी पूजा करूंगा।

मैं गौरी, गणपति या हिंदू धर्म के अन्य देवी-देवताओं की पूजा में विश्वास नहीं करूंगा। बाद में राजेंद्र गौतम ने अपने भाषण में हिंदुओं से अपना धर्म छोड़ डॉ. आंबेडकर का मार्ग अपनाने का अनुरोध किया। इस कार्यक्रम में भगवा वस्त्र धारण किए एक व्यक्ति वहां उपस्थित भीड़ को शपथ दिला रहा है। उसने हिंदुओं से अपना धर्म छोड़ने और मूर्तिपूजा से बचने की सलाह दी। इस पूरे कार्यक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पांच अक्टूबर को गौतम ने स्वयं ट्विटर पर इस कार्यक्रम की तस्वीरें साझा की थीं। साथ ही कहा था कि दस हजार से अधिक लोगों ने बौद्ध धर्म अपनाने और भारत को जातिवाद व छुआछूत से मुक्त कराने की दिशा में काम करने का संकल्प लिया। सूत्रों ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री इस घटनाक्रम को लेकर गौतम से बेहद नाखुश हैं। हालांकि, न तो केजरीवाल और न ही उनकी सरकार में सामाजिक कल्याण मंत्री गौतम की तरफ से इस संबंध में कोई प्रतिक्रिया आई है। इस मुद्दे को लेकर भाजपा ने आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया है और दिल्ली से लेकर चुनावी राज्य गुजरात तक आम आदमी पार्टी को घेरने की रणनीति बना रही है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने शुक्रवार को दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि गौतम की टिप्पणी उस नफरत को दर्शाती है, जो पार्टी के मन में हिंदू समुदाय के प्रति है। भाटिया ने यह भी दावा किया कि गौतम ने कथित टिप्पणी केजरीवाल के इशारे पर की है। उन्होंने कहा कि टिप्पणी आने वाले चुनावों में वोट बैंक की राजनीति के मद्देनजर की गई है। उन्होंने सवाल किया कि वोटों के लिए आप कितना नीचे गिरेंगे केजरीवाल। उन्होंने कहा कि हर हिंदू की अपने देवी-देवताओं में आस्था है और गौतम की टिप्पणी राष्ट्रीय एकता के लिए गहरा धक्का है।

दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद मनोज तिवारी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर की बात करने वाले केजरीवाल को समझने की जरूरत है कि बाबा साहेब ने कभी नहीं कहा कि दूसरे धर्म का उपहास उड़ाकर अपनी बातें रखी जाएं। राजेंद्र पाल गौतम की जगह आम आदमी पार्टी ही नहीं बल्कि किसी भी मंत्रिमंडल में नहीं होनी चाहिए। मनोज तिवारी ( शेष पेज 8 )

# किसी देश के आंतरिक प्रस्ताव पर मतदान की परिपाटी नहीं: भारत

- शिंजियांग मुद्दे पर चीन के खिलाफ मतदान से दूर रहने पर विपक्ष ने साधा निशाना केंद्र सरकार ने किया अपने रुख का बचाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** ने शुक्रवार को कहा कि चीन के अशांत शिंजियांग क्षेत्र में मानवाधिकार की स्थिति पर चर्चा के लिए संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में एक मसौदा प्रस्ताव पर मतदान में भाग नहीं लेना किसी देश विशेष के प्रस्ताव पर मतदान में हिस्सा नहीं लेने के उसके दीर्घकालिक नीति पर आधारित है।

भारत ने शिंजियांग क्षेत्र में मानवाधिकार की स्थिति पर चर्चा के लिए यूएनएचआरसी में एक मसौदा प्रस्ताव पर मतदान में हिस्सा नहीं लिया था। इसे लेकर विपक्षी दलों ने सरकार पर जोरदार हमला बोला और पूछा कि आखिर ऐसा क्यों किया गया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में संवाददाताओं से कहा कि यह किसी देश के विशिष्ट प्रस्ताव पर मतदान में हिस्सा नहीं लेने के उसके दीर्घकालिक चलन पर आधारित है। गौरतलब है कि 47 सदस्यीय परिषद में यह मसौदा प्रस्ताव खारिज हो गया, क्योंकि 17 ( शेष पेज 8 )



## शिंजियांग क्षेत्र में किया जाए मानवाधिकारों का सम्मान

**नई दिल्ली।** भारत ने यह भी स्पष्ट कहा है कि चीन के शिंजियांग क्षेत्र में मानवाधिकारों का सम्मान और गारंटी सुनिश्चित की जानी चाहिए। यह पहला मौका है जब भारत ने अशांत शिंजियांग उइगर क्षेत्र के लोगों के मानवाधिकारों का सम्मान करने के बारे में स्पष्ट तौर पर कहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में संवाददाताओं से कहा कि शिंजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र के लोगों के मानवाधिकारों का सम्मान किया जाना ( शेष पेज 8 )

## लद्दाख में स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं: एमईए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** ने शुक्रवार को कहा कि पूर्वी लद्दाख में स्थिति पूरी तरह सामान्य होने के स्तर तक नहीं आई है और इसके लिए अभी कुछ कदम उठाए जाने बाकी हैं। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने चीनी दूत सुन वेइदॉन्ग के दावे के कुछ दिन बाद यह टिप्पणी की है। वेइदॉन्ग ने कहा था कि पूर्वी लद्दाख में स्थिति समग्र रूप से स्थिर है क्योंकि दोनों पक्षों ने जून 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़पों के आपात कदम उठाए, जिससे हालात सामान्य हो गए। बागची से जब चीनी राजदूत की टिप्पणियों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, स्थिति के पूरी तरह सामान्य होने के लिए कुछ कदम उठाए जाने की जरूरत है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत इस बात पर कायम है कि वह सीमा पर सामान्य स्थिति बहाल होने के लिए तनाव कम होने के बाद ( शेष पेज 8 )

# ज्ञानवापी मामले में कार्बन डेटिंग पर टला फैसला

- अब 11 को सुनवाई मुस्लिम पक्ष को सुनने के बाद ही कोर्ट करेगा फैसला



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**ज्ञानवापी** श्रृंगार गौरी मामले में वाराणसी के जिला जज की अदालत में परिसर में मिले ढांचे (जिसके शिवलिंग होने का दावा किया जा रहा) की कार्बन डेटिंग और वैज्ञानिक परीक्षण को लेकर हिन्दू पक्ष ने अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुए दावा किया कि वजूखाना में पाया गया शिवलिंग वाद का एक हिस्सा है। अदालत ने 11 अक्टूबर को अगली सुनवाई पर मुस्लिम पक्ष से हिंदू पक्ष के इस स्पष्टीकरण पर जवाब मांगा है।


जिला शासकीय अधिवक्ता महेंद्र पांडेय ने बताया कि ज्ञानवापी परिसर में मिले शिवलिंग के कार्बन डेटिंग और वैज्ञानिक परीक्षण के मामले पर हिंदू पक्ष ने आज कुछ बिंदुओं पर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता हरिशंकर जैन ने बताया कि जिला अदालत के समक्ष उन्होंने बताया कि हमने अपने वाद में यह पहले ही कहा है कि ज्ञानवापी परिसर के सभी दृश्य और अदृश्य देवताओं के दर्शन पूजन का अधिकार हिंदुओं को दिया जाय। उन्होंने कहा कि ज्ञानवापी परिसर के वजुखाने का पानी हटाने के बाद शिवलिंग प्रकट हुआ इसलिए यह हमारे वाद का हिस्सा है।

जैन ने कहा कि कुछ लोगों ने भ्रम फैला रखा है कि कार्बन डेटिंग से शिवलिंग को नुकसान पहुंच सकता है। इस पर हमने अदालत को बताया कि जहां कार्बन डेटिंग नहीं कराई जा सकती वहां वैज्ञानिक परीक्षण कराया जाय। अदालत के बाहर पत्रकारों को जानकारी देते हुए हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि अदालत ने कहा कि हम चाहते हैं कि आदेश पारित करने से पहले, कुछ प्रश्न हैं, जिन्हें आप हल कर दीजिए, अपना स्पष्टीकरण दे देजिए। पहला यह है कि 16 मई को किए गय सर्वेक्षण कार्य के दौरान जो शिवलिंग वहां बरामद हुआ था, वह इस संपत्ति का हिस्सा है या नहीं? और दूसरा वैज्ञानिक जांच के उद्देश्य से अदालत एक आयोग बना सकती है जिसमें कार्बन डेटिंग और अन्य प्रक्रियाएं अपनाई जा सकती है? उन्होंने कहा कि हमने दो बिंदु रखे।

पहला यह था कि हमने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष देवता की पूजा करने के अधिकार की मांग की थी। शिवलिंग जो वज़ूखाना में था, पानी के नीचे था और यह पानी हटा दिए जाने के बाद अप्रत्यक्ष देवता से प्रत्यक्ष देवता बन गया। इसलिए, ( शेष पेज 8 )

# रुपया 82.33 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर

- घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट व कच्चे तेल की कीमतों में उछाल बनी कारण



**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**अमेरिका** मुद्रा में मजबूती के रुख के बीच डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 15 पैसे की गिरावट के साथ 82.32 (अस्थाई) के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। कारोबारियों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.19 पर खुला और कारोबार के दौरान रुपए ने 82.43 के निचले स्तर तक गया। अंत में रुपया पिछले बंद भाव के मुकाबले 15 पैसे की गिरावट लेकर 82.32 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इससे पहले अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया बृहस्पतिवार को 55 पैसे गिरकर 82.17 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था। इस बीच, दुनिया की प्रमुख छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को आंकने वाला डॉलर सूचकांक 0.19 प्रतिशत गिरकर 112.04 पर आ गया।

ओपेक देशों द्वारा तेल उत्पादन में कटौती की घोषणा के बाद अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.82 प्रतिशत चढ़कर 95.19 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसके अलावा बीएसई सेंसेक्स 30.81 अंक यानी 0.05 प्रतिशत गिरकर 58,191.29 अंक पर पहुंच गया जबकि निफ्टी 17.15 अंक की गिरावट के ( शेष पेज 8 )

# दूसरा धर्म अपनाने वालों को अजा दर्जा देने पर विचार करेगा आयोग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** ने पूर्व प्रधान न्यायाधीश केजी बालकृष्णन की अध्यक्षता में एक आयोग गठित किया है जो उन लोगों को अनुसूचित जाति का दर्जा देने के मामले का गहन विश्लेषण करेगा, जिनका ऐतिहासिक रूप से अनुसूचित जाति से संबंध है, लेकिन जिन्होंने राष्ट्रपति के आदेशों में उल्लिखित धर्मों के अलावा किसी अन्य धर्म को अपना लिया है। संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 (समय-समय पर संशोधित) कहता है कि हिंदू या सिख धर्म या बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म को मानने वाले व्यक्ति को अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा बृहस्पतिवार को जारी गजट अधिसूचना के अनुसार, तीन सदस्यीय आयोग में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डॉ. रविंदर कुमार जैन और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की सदस्य प्रोफेसर सुषमा ( शेष पेज 8 )

# अगले सत्र से दिल्ली के स्कूलों में लागू होगी नई प्रोन्नति नीति

- कक्षा 5वीं व 8वीं में बच्चों के मूल्यांकन में अर्द्धवार्षिक व वार्षिक परीक्षा के साथ साथ को-करिकुलर गतिविधियां भी शामिल होंगी
- नई नीति के तहत किसी भी बच्चे को प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने तक स्कूल से नहीं निकाला जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** सरकार ने शुक्रवार को कक्षा तीन से आठ के लिए शैक्षणिक सत्र 2023-24 से नए शिक्षा दिशा-निर्देश एवं प्रोन्नति नीति जारी की है। अब कक्षा 5वीं व 8वीं में बच्चों के मूल्यांकन में अर्धवार्षिक व वार्षिक परीक्षा के साथ-साथ को-करिकुलर गतिविधियां भी शामिल होंगी। इन को-करिकुलर गतिविधियों में प्रोजेक्ट बेस्ड गतिविधियां, पोर्टफोलियो, कक्षा में बच्चे की प्रतिभागिता, थिएटर, डांस, म्यूजिक, स्पोर्ट्स आदि गतिविधियों में प्रतिभागिता, बच्चे की उपस्थिति इत्यादि शामिल हैं।

नई नीति से जहां विद्यार्थियों को अपने कौशल को बेहतर करने का मौका मिलेगा, वहीं इससे उनका शैक्षिक प्रदर्शन भी सुधरेगा। एससीईआरटी के इस नए असेसमेंट गाइडलाइन्स के तहत यदि कोई बच्चा किसी कारणवश कक्षा 5वीं या 8वीं में उतीर्ण नहीं हो पाता है तो उसे रिजल्ट घोषित होने के दो महीने के भीतर अपने प्रदर्शन को सुधारने का एक और मौका मिलेगा। शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि 'नो डिटेंशन' पॉलिसी एक बहुत ही प्रोग्रेसिव पॉलिसी थी, लेकिन पूरी तैयारी न होने के कारण इसका पूरा लाभ नहीं उठाया जा सका।

सरकारों को बच्चों की नींव मजबूत करने के लिए ऐसी व्यवस्था तैयार करने की जरूरत है जो उनका सर्वांगीण विकास ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,191 | ↓ 30 | |
| निफ्टी | 17,314 | ↓ 17 | |
| सोना | 52,300 | ↑ 37 | /10g |
| चांदी | 62,022 | ↑ 311 | /kg |

## क्विक न्यूज


### नौकरी घोटाले में सीबीआई ने लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और 14 अन्य के खिलाफ रेलवे में उनके कार्यकाल के दौरान कथित तौर पर जमीन के बदले नौकरी घोटाले में आरोपपत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रसाद की बेटी मीसा भारती और रेलवे के एक पूर्व महाप्रबंधक को भी हाल ही में सीबीआई की एक विशेष अदालत के समक्ष दायर आरोप पत्र में आरोपी के रूप में नामित किया गया है। केंद्रीय एजेंसी ने 23 सितंबर, 2021 को रेलवे में कथित भूमि के बदले नौकरी घोटाले से संबंधित प्रारंभिक जांच दर्ज की थी, जिसे 18 मई को एक प्राथमिकी में बदल दिया गया था।

# बेलारूस के अधिकार कार्यकर्ता, रूसी समूह और यूक्रेनी संगठन के नाम नोबेल शांति पुरस्कार

**भाषा।** कीव

**बेलारूस** के, जेल में बंद अधिकार कार्यकर्ता एलेस बियालियात्स्की, रूसी समूह मेमोरियल और यूक्रेन के संगठन सेंटर फॉर सिविल लिबर्टीज को इस साल का नोबेल शांति पुरस्कार देने का ऐलान किया गया है। यूक्रेन के संगठन को ऐसे समय पर पुरस्कार के लिए चुना गया है जब यूक्रेन फरवरी से रूस के हमलों का सामना कर रहा है और दोनों देशों की सेनाएं कई इलाकों में आमने-सामने हो चुकी हैं।



इसके अलावा, यूक्रेन के कुछ हिस्सों को तथाकथित जनमत संग्रह के बाद अपने देश में मिला चुके रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए उनके 70वें जन्मदिन पर यूक्रेन के एक संगठन को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए चुना जाना किसी झटके से कम नहीं है। नोबेल कमेटी की प्रमुख बेरिट रीज एंडरसन ने शुक्रवार को ओस्लो, नार्वे में नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा की। एंडरसन ने कहा कि कमेटी एक दूसरे के पड़ोसी देशों बेलारूस, रूस और यूक्रेन में मानवाधिकार, लोकतंत्र व शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के इन तीन बड़े पैरोकारों को सम्मानित करना चाहती है।

उन्होंने ओस्लो में पत्रकारों से कहा, इस साल के नोबेल शांति पुरस्कार विजेताओं ने मानवीय मूल्यों व कानूनी सिद्धांतों का समर्थन और सैन्य कार्वाई का विरोध करके सभी राष्ट्रों के बीच शांति व सौहार्द के अल्फ्रेड नोबेल के विचार को पुनर्जीवित किया है। यह एक ऐसा विचार है, जिसकी आज दुनिया को बेहद जरूरत है।

बेलारूस के विदेश मंत्रालय ने बियालियात्स्की को सम्मानित करने के लिए नोबेल कमेटी की निंदा की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हाल के वर्षों में कमेटी की पसंद बहुत राजनीतिक हो गई है। बियालियात्स्की 1980 के दशक के मध्य में बेलारूस में लोकतंत्र समर्थक आंदोलन के नेताओं में शुमार थे। वह तानाशाही व्यवस्था वाले देश बेलारूस में मानवाधिकारों व नागरिक स्वतंत्रता के लिए अभियान जारी रखे हुए हैं। उन्होंने गैर-सरकारी संगठन ह्यूमन राइट्स सेंटर वियासना की स्थापना की और साल 2020 में उन्होंने राइट लाइवलीहुड ( शेष पेज 8 )

# कार्य बल करेगा कुनो में लाए गए चीतों की निगरानी

- नौ सदस्यीय टीम चीतों की प्रगति व स्वास्थ्य पर रखेगी नजर और पर्यटन संबंधी ढांचे के विकास पर देगी सलाह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान और अन्य उपयुक्त निर्दिष्ट क्षेत्रों में चीतों की निगरानी के लिए नौ सदस्यीय कार्य बल का गठन किया है।



मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि यह कार्य बल चीतों की प्रगति की समीक्षा करेगा और उनके अनुकूलन एवं स्वास्थ्य की स्थिति की निगरानी करेगा। साथ ही यह पर्यटन संबंधी बुनियादी ढांचे के विकास पर सुझाव और सलाह भी देगा। कार्य बल के सदस्यों में मध्य प्रदेश के प्रमुख सचिव (वन), मध्य प्रदेश के प्रमुख सचिव (पर्यटन), मध्य प्रदेश के प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, मध्य प्रदेश के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) और मुख्य वन्यजीव वार्डन, मध्य प्रदेश के सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) और मुख्य वन्यजीव वार्डन आलोक कुमार, राजधानी दिल्ली स्थित राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के महानिरीक्षक डॉ. अमित मलिक, देहरादून स्थित भारतीय वन्यजीव संस्थान की वैज्ञानिक डॉ. विष्णु प्रिया, मध्य प्रदेश के नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्ड लाइफ (एनबीडब्ल्यूएल) के सदस्य अभिलाष खांडेकर और अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (एपीसीसीएफ) के सुभरंजन सेन शामिल हैं। बयान के मुताबिक एनटीसीए चीता कार्य बल के कामकाज को सुगम बनाएगा और सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेगा। यह कार्य बल दो साल की अवधि के लिए गठित किया गया है और एक उपसमिति नियुक्त कर सकता है, जो उनके द्वारा तय समय पर उन क्षेत्रों का नियमित रूप से दौरा करेगी जिनमें इन चीतों को छोड़ा गया है।

मंत्रालय ने कहा कि चीतों को यहां ला कर छोड़ा जाना मूल चीता आवासों और उनकी जैव विविधता के संरक्षण के लिए तैयार एक मॉडल का हिस्सा है और इससे जैव विविधता के क्षरण और तेजी से नुकसान को रोकने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17 सितंबर को अपने जन्मदिन के अवसर पर भारत से विलुप्त हो चुके जंगली चीतों को कुनो नेशनल पार्क में छोड़ा। नामीबिया से लाए गए इन चीतों को प्रोजेक्ट चीता के तहत भारत में बसाने का प्रयास हो रहा है। इन आठ चीतों में से पांच मादा और तीन नर हैं।

# यमुना प्राधिकरण के चार मैनेजर होंगे निलंबित

## बीटल लैप परियोजना में गलत ढंग से दिया गया काम पूरा होने का प्रमाण पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी क्षेत्र में जेपी इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स सिटी में होम एंड सोल बिल्डर के हाउसिंग प्रोजेक्ट बीटल लैप को गलत ढंग से काम पूरा होने का सर्टिफिकेट दे दिया गया। मामला सामने आने के बाद मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुणवीर सिंह ने जांच का आदेश दिया।

प्रारंभिक रूप से चार अलग-अलग महकमों के मैनेजर दोषी पाए गए हैं। इन चारों प्रबंधकों को निलंबित करने की संस्तुति शासन को भेजी गई है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कहा कि बिल्डर प्रोजेक्ट को कंपलीशन सर्टिफिकेट जारी करने में अनियमितता बरती गई हैं।

भ्रष्टाचार की जांच की जा रही है। यमुना एक्सप्रेसवे पर सेक्टर-25 में जेपी स्पोर्ट्स सिटी है। जेपी एसोसिएट्स ने स्पोर्ट सिटी में ग्रुप हाउसिंग प्लॉट नंबर दो होम एंड सोल बिल्डर को बेच दिया।

जिस पर दो चरणों में कंपनी बीटल लैप नाम से हाउसिंग प्रोजेक्ट डेवलप कर रही है। इस हाउसिंग प्रोजेक्ट में दो और तीन बेडरूम के मकान बनाए गए हैं।

प्रोजेक्ट लगभग पूरा हो चुका है। जिसे यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी की ओर से पिछले दिनों काम पूरा होने का सर्टिफिकेट जारी कर दिया गया।

बाद में पता चला कि यह कंपलीशन सर्टिफिकेट गलत ढंग से जारी किया गया है। जिसमें अथॉरिटी के प्रोजेक्ट, प्लैनिंग, हॉर्टिकल्चर और इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट के प्रबंधकों की मिलीभगत है। गड़बड़ी की जानकारी मिलने पर यमुना अथॉरिटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुणवीर सिंह ने पूरे मामले में जांच का आदेश दिया।

जांच में पता चला कि प्लानिंग, प्रोजेक्ट, हॉर्टिकल्चर और इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट के चार मैनेजर ने गलत ढंग से एनओसी जारी की हैं। जिसके आधार पर कंपलीशन सर्टिफिकेट जारी किया गया है। सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि चारों प्रबंधकों को दोषी मानते हुए निलंबन की संस्तुति शासन को भेज दी है।

इन चारों प्रबंधकों के खिलाफ जल्दी कार्रवाई की जाएगी। पूरे मामले की विस्तृत जांच होगी। इसमें भ्रष्टाचार की बात भी सामने आई है। जिस पर जांच की जा रही है।

# नोएडा में चलेंगी 310 ई-साइकिल, एलएलपी कंपनी से समझौता- ऐप से होगी बुकिंग

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा में ई-साइकिल चलेगी। इसके लिए टर्बन मोबिलिटी एलएलपी कंपनी के साथ प्राधिकरण ने एमओयू मैमोरैंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग साइन किए है। इसके तहत कुल 310 ई साइकिल चलेंगी।

ये सभी साइकिल ऐप बेस्ड होंगी। इनका पेमेंट भी डिजिटल फॉर्मेट में ही करना होगा। प्राधिकरण ने बताया कि दो महीने में इन साइकिलों को सड़कों पर चलते देखा जा सकेगा।

ई-साइकिल के लिए शहर में 62 स्थानों पर ई-डॉक स्टेशन भी बनाए गए है। प्रत्येक स्टेशन से 10 ई साइकिल चलेंगी। यानी 62 डॉक स्टेशनों पर 620 ई साइकिल का संचालन किया जाएगा।

शहरवासी एक डॉक स्टैंड से ऐप के माध्यम ये साइकिल प्राप्त कर सकते है और उन्हें किसी भी डॉकिंग स्टेशन पर जमा कर सकते है। ई साइकिल से यातायात दबाव कम होगा और प्रदूषण से राहत मिलेगी। ये योजना पीपीपी मॉडल पर चलेगी। खर्चा निकलने के लिए कंपनी डॉक स्टेशन पर 50 वर्ग फीट में अपना विज्ञापन कर सकती है। ई-साइकिल के संचालन से सालाना 1125 टन कार्बन रेडिएशन को रोका जा सकता था। जिससे प्रदूषण और जाम दोनों से राहत मिलेगी। साथ ही लोगों को समय से अपने गंतव्य तक पहुंचाएगी।

### इन 62 स्टैंड से मिलेंगी सुविधा

सेक्टर-2 एसबीआई बैंक, सेक्टर-3 भूमिगत वाहन पार्किंग, सेक्टर-6 प्राधिकरण कार्यालय, सेक्टर-12 जेड ब्लॉक मार्केट, सेक्टर-15 मेट्रो स्टेशन, सेक्टर-16 मेट्रो स्टेशन, सेक्टर-16ए एपीजे स्कूल, सेक्टर-18 बहुमंजिला वाहन पार्किंग, सेक्टर-18 मेट्रो स्टेशन, सेक्टर.20 नोएडा प्राधिकरण कार्यालय, सेक्टर.21ए नोएडा स्टेडियम, सेक्टर.25 मार्केट, सेक्टर.29 गंगा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, सेक्टर.29 ब्रह्मपुत्र मार्केट, सेक्टर-30 जिला चाइल्ड अस्पताल, सेक्टर.33 एआरटीओ ऑफिस, सेक्टर-38ए बॉटनिकल गार्डन बस डिपो, सेक्टर-38ए बॉटनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन, सेक्टर-39 सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन, सेक्टर-39 जिला संयुक्त अस्पताल, सेक्टर-44 महामाया स्कूल सेक्टर-50 मार्केट, सेक्टर-52 मार्केट की अंदरुनी सड़क, सेक्टर-57 एयरटेल ऑफिस, सेक्टर.58 पुलिस चौकी, सेक्टर.59 मेट्रो स्टेशन, सेक्टर-60 एबीपी रोड, सेक्टर-62 टॉट मॉल मार्केट, सेक्टर-62 बी ब्लॉक मार्केट, सेक्टर.62 सैमसंग बिल्डिंग आदि है।

# गाजियाबाद में चमकेंगी उद्योग क्षेत्र की सड़कें

● नगर निगम ने केंद्र सरकार को 130 करोड़ की राशि को प्रस्ताव भेजा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद




इंडस्ट्रीज एरिया में सड़क बनाने के लिए नगर निगम फंड की व्यवस्था करने की कोशिश में लगा है। शहर के सभी इंडस्ट्रीज एरिया में सड़कों को बनाने के लिए नगर निगम ने 130 करोड़ रुपये का एस्टीमेट बनाया था।

इसी को लेकर केंद्र सरकार के शहरी विकास मंत्रालय के साथ नगर निगम के अधिकारियों की ऑनलाइन वीसी हुई। वीसी में खुद नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ शामिल हुए। डॉ गौड़ ने बताया कि केंद्र सरकार सड़क सुधार के लिए पैसा देती है। इंडस्ट्रीज एरिया की सड़कों को ठीक करने के लिए नगर निगम ने कार्य योजना तैयार कर शासन के पास भेजी थी। इसी को लेकर यह वीडियो कॉन्फ्रेंस की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसमें नगर निगम ने बताया कि किस इंडस्ट्रीज एरिया की कितनी सड़कें ऐसी हैं, जो बुरी तरह से टूटी हुई हैं। इन सडकों को बनाने के लिए गत दिनों नगर निगम प्रशासन ने केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा था। जिसके लिए 130 करोड़ रुपये की मांग की गई थी। इसमें से नगर निगम को कुछ पैसा मिलेगा और कितना पैसा मिलेगा यह भी इस ऑनलाइन बैठक का अहम मुद्दा रहा।

नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ का कहना है कि केंद्र सरकार कितना पैसा इंडस्ट्री एरिया में सड़क बनाने के लिए देगी यह तो पता नहीं है। मगर, उम्मीद है कि 50 से 60 प्रतिशत तक पैसा लिया जाएगा।

# डस्ट ऐप में 500 वर्गमीटर के निर्माणाधीन भूखंड शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● देनी होगी प्रदूषण नियंत्रण की जानकारी

दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड यूपीपीसीबी ने डस्ट एप पोर्टल पर अब 500 वर्ग मीटर के भूखंडों से भी स्वघोषित धूल नियंत्रण की जानकारी देने की व्यवस्था शुरू की है।

इससे पहले तक 5000 वर्गमीटर व उससे अधिक के भूखंडों को जानकारी देनी होती थी। इसके अलावा पहली बार पांच हजार से 20 हजार व उससे अधिक के निर्माणाधीन साइट पर कितने एंटी स्मोग गन लगाने होंगे इसे भी प्रदूषण विभाग ने निर्धारित कर दिया है। इसकी जानकारी भी पोर्टल पर देनी होगी। दिल्ली एनसीआर में निर्माणाधीन व तोड़े जाने वाली साइट के परियोजना प्रस्तावकों, ठेकेदार, बिल्डर्स, व्यक्ति, विभिन्न विभाग, प्राधिकरणों को डस्ट एप पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराना होगा। दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए प्रदूषण विभागों की ओर से हरसंभव कोशिश की जा रही है।

# सड़कों से हटाए जाएंगे 1.25 लाख पुराने वाहन

**नोएडा।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेश के अनुसार गौतमबुद्ध नगर में पंजीकृत 1.25 लाख से अधिक वाहनों को चरणबद्ध तरीके से सड़कों से हटा दिया जाएगा। एनजीटी ने 10 साल से अधिक पुराने डीजल और 15 साल से ज्यादा पुराने पेट्रोल वाहनों को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से हटाने का आदेश दिया था।

अधिकारियों ने कहा कि जिला परिवहन विभाग ने ऐसे वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने के लिए एक अभियान शुरू किया है और उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश के बाद एक अक्टूबर से इन वाहनों के मालिकों से संपर्क शुरू कर दिया गया है। सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) सियाराम वर्मा ने कहा, इन वाहनों का या तो पंजीकरण रद्द कर दिया जाएगा या इनके उपयोग के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी किया जाएगा ताकि इनका इस्तेमाल कुछ चुनिंदा जिलों में किया जा सके जो एनसीआर के अंतर्गत नहीं आते हैं। पुलिस उपायुक्त (यातायात) गणेश साहा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि पुलिस विभाग भी कड़ी जांच कर रहा है और सड़कों पर चलने वाले पुराने वाहनों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश में कहा गया है कि बेहतर वायु गुणवत्ता वाले ऐसे 34 जिले हैं जहां ऐसे वाहनों को संबंधित क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों से एनओसी लेकर स्थानांतरित किया जा सकता है।

# दिनदहाड़े परिवार को बंधक बनाकर डाका

● बेटी की शादी के लिए इकट्ठे किए गहने लेकर भागे बदमाश

**पायिनयर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



शुक्रवार को दिनदहाड़े पाश इलाके नेहरूनगर थर्ड के ई ब्लाक में कारोबारी की पत्नी व बेटी को बंधक बनाकर 24 लाख की डकैती को अंजाम दिया है। पति का नाम लेकर घर में घुसे बदमाशों ने विरोध करने पर कारोबारी की पत्नी के सिर में बट मारकर लहूलुहान कर दिया।

दोनों को गन प्वाइंट पर लेकर सात लाख रुपये और 17 लाख रुपये के गहने लूट कर फरार हो गए। वारदात के बाद एसएसपी मुनिराज जी और एसपी सिटी प्रथम निपुण अग्रवाल फारेंसिक टीम व श्वान दस्ते के साथ मौके पर पहुंचकर जांच कर रहे हैं। यहां रहने वाले रमन सरीन की औद्योगिक क्षेत्र स्थित फर्म है।

वह बेटे नमन के साथ फैक्ट्री गए थे और घर पर पत्नी गीता व बेटी विधि थीं। परिवार प्रथम तल पर रहता है और भूतल खाली है। दोपहर बाद पौने दो बजे गेट पर आवाज आई कि सरीन साहब ने जरूरी दस्तावेज लेने के लिए भेजा है।

गीता के मुताबिक उन्होंने गेट खोला तो यहां तीन लोग खड़े थे, जिन्हें वह नहीं पहचानती थीं। उन्होंने मना करते हुए गेट बंद करने का प्रयास किया तो आरोपित धक्का देकर अंदर आ गए। गीता ने शोर मचाया तो एक बदमाश ने पिस्टल की बट उनके सिर व नाक में मार दी। इसी बीच चौथा व्यक्ति टेप लेकर आया। बदमाशों ने गोली मारने की धमकी दे गीता से अलमारियों की चाबी ली और फिर उन्हें व उनकी बेटे विधि को बंधक बना लिया। हाथ.पैर और मुंह पर टेप चिपकाकर एक कमरे में बंद कर सात लाख रुपये और 17 लाख रुपये के गहने लूटे और फरार हो गए। पांचवा बदमाश निगरानी के लिए नीचे खड़ा था।

# एनसीआर में डेंगू का कहर, अस्पतालों में मिला लार्वा, हड़कंप

● गाजियाबाद में आठ और नोएडा में 50 मामलों की पुष्टि

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद




सितंबर में भारी बारिश के बाद गाजियाबाद और नोएडा में डेंगू पैर पसारने लगा है। बृहस्पतिवार को गाजियाबाद में मच्छर से काटने से फैलने वाली बीमारी के आठ नए मामले सामने आए हैं। इसी के साथ जिला में डेंगू संक्रमण के मामले तीन सौ की करीब पहुंच गए हैं। वहीं, गौतमबुद्ध नगर में डेंगू के इस मौसम में 50 मामलों की पुष्टि हुई है।

अब दस्तक अभियान के तहत घरों में डेंगू का लार्वा मिल रहा है। 12 दिन में किए गए सर्वे में गाजियाबाद के 20 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डेंगू का लार्वा मिलने पर मलेरिया विभाग ने पीएचसी प्रभारियों को नोटिस जारी कर दिया है। साफ-सफाई न होने की स्थिति में प्रभारियों पर लापरवाही बरतने के आरोप में जुर्माना लगाया जाएगा।

जिला सर्विलांस अधिकारी आरके गुप्ता ने बताया कि पीएचसी, सीएचसी और जिला अस्पतालों में डेंगू, मलेरिया की जांच तेज कर दी गई है। डेंगू प्रभावित 70 अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में कीटनाशक दवाओं के छिड़काव के साथ ही विशेष फागिंग कराई जा रही है। एक अगस्त से लेकर अब तक जिले में डेंगू के 281 केस मिल चुके हैं। वहीं, मलेरिया के भी सात मामले सामने आए हैं।

### अतिसंवदेनशील क्षेत्र

क्रासिंग रिपब्लिक, भीमनगर, इंदिरापुरम, न्यायखंड़ व शक्तिखंड़, वैशाली सेक्टर.2 व 4, कौशांबी, हरसांव, रिजर्व पुलिस लाइन, शास्त्रीनगर, गोविंदपुरम ब्लाक सी व डी, संजयनगर सेक्टर.23, मानसी विहार राजनगर एक्सटेंशन, पंचवटी, नेहरुनगर, कृष्णानगर, राजेंद्रनगर, शालीमार गार्डन, गरिमा गार्डन, अशोक वाटिका, करहैडा, जलालाबाद, इकला, इनायतपुर, नंगला, अटौर, मोहनपुर, मथुरापुर, लछीना, नंगलाबेर, प्रहलादगढ़ी, झंड़ापुर, घूकना, सिहानी, पटेलनगर, सेवानगर, कैलाभट्टा, लालकुआं

# संक्षिप्त समाचार



थाना फेस 3 की साइबर हेल्प डेस्क टीम व सर्विलांस टीम द्वारा कंपनियों में जाकर कर्मचारियों को साइबर जागरुकता अभियान के तहत जागरुक किया गया

### युवक के साथ बदमाशों ने की लूटपाट

**नोएडा।** थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के सेक्टर-62 के पास से अज्ञात बदमाशों ने एक युवक के साथ हथियार के बल पर मारपीट कर मोबाइल फोन और नकदी लूट लिया। पीड़ित सेक्टर 62 में चलरही रामलीला देख कर घर लौट रहा था। सहायक पुलिस आयुक्त सुशील कुमार ने बताया कि मामूरा गांव में रहने वाले अंकित पुत्र सुरेश रामलीला देखने के लिए सेक्टर.62 में गए थे। रामलीला देख कर वह घर लौट रहे थे, तभी अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोक लिया, तथा हथियार के बल पर उनके साथ मारपीट कर उनके पास रखे 2600 रुपए नगद तथा मोबाइल फोन आदि लूट लिया। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कार का दरवाजा खोलकर सरेराह की फायरिंग

**गाजियाबाद।** लग्जरी कार में सवार एक युवक ने पहले तो कार का दरवाजा खोला और फिर हवा में पिस्टल लहराकर सरेराह सरेबाजार फायरिंग की। इस सनसनीखेज घटना को अंजाम देने के बाद युवक कार का दरवाजा बंदकर वहां से चलता बना। सोशल मीडिया पर यह घटना वायरल होने के बाद साहिबाबाद पुलिस तुरंत ही अलर्ट पोजिशन में आ गई। इस संदर्भ में एसपी सिटी सैकेंड ज्ञानेंद्र सिंह का कहना है कि पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई शुरू करके आरोपित की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये हैं।

### प्लास्टिक फैक्ट्री में आग, लाखों का माल खाक

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-3 के सी-14 फैक्ट्री में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। आग दोपहर करीब तीन बजे लगी। साढ़े तीन बजे के आसपास दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची है। आग को बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। फैक्ट्री का नाम कृष्णा एंटरप्राइजेज है। यहां किचन में प्रयोग होने वाले प्लास्टिक के प्रोडेक्ट बनाए जाते है। बताया गया कि फैक्ट्री में प्लास्टिक बनाने का काम होता है। 12 दमकल की गाड़ियां मौके पर हैं। आग प्रथम तल में लगी।

# कार रुकवाने पर एसआई और सिपाही से बदसलूकी

**नोएडा।** सेक्टर पी-3 गोलचक्कर पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने ब्लैक फिल्मी लगी एक कार को रुकवाया तो उसमें सवार बाप-बेटे ने ट्रैफिक सबइंस्पेक्टर और सिपाही के साथ धक्का-मुक्की और बदसलूकी की।

पुलिसकर्मियों का आरोप है कि उनकी नेम प्लेट और सीटी को तोड़ दिया। पुलिसकर्मियों ने तुरंत घटना की सूचना बीटा-2 कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी बाप.बेटे को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक सब इंस्पेक्टर ज्येंदर गंगवार और सिपाही विकास मलिक की ड्यूटी सेक्टर पी.3 गोलचक्कर पर लगी थी।

# हादसे को दावतः ई-रिक्शा में ठूंसकर बैठाए 16 स्कूली बच्चे

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

स्कूली वाहनों से लगातार हादसों के बाद भी उनके ड्राइवर सुधरने को तैयार नहीं हैं। गाजियाबाद पुलिस ने एक ई.रिक्शे को सीज किया है।

इस ई-रिक्शे में 16 स्कूली बच्चे और एक ड्राइवर सहित 17 सवारियां जा रही थीं। शुक्रवार को सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुई। ये वीडियो मसूरी थाना क्षेत्र की थी। एक ईरिक्शे में स्कूली बच्चे बेतरतीब तरीके से बैठे.खड़े थे। ड्राइवर ने अपने साथ आगे वाली सीट पर तीन बच्चे बैठाए हुए थे। तीन बच्चे रिक्शे के पीछे लटके हुए थे। जबकि 10 बच्चे बीच वाली सीट पर ठूंस-ठूंसकर बैठाए गए थे।

रास्ते से गुजर रहे एक व्यक्ति ने इस पर आपत्ति जताई और वीडियो बनाकर वायरल कर दी। यूपी पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए गाजियाबाद पुलिस को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिसके बाद मसूरी पुलिस ने उक्त ई-रिक्शे की तलाश शुरू कर दी।

कुछ ही देर में पुलिस को वो ई-रिक्शा को पकड़ लिया। जिसमें 16 बच्चे बैठाए गए थे। मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

# एनएच-9 पर बर्थ-डे पार्टी करने वाले गिरफ्त में

**गाजियाबाद।** विजयनगर थाने के एसएचओ योगेंद्र सिंह मलिक की टीम ने दो ऐसे रंगबाज युवकों को गिरफ्तार किया है, जो एनएच-9 पर पर चिपियाना ओवर ब्रिज पर न केवल देर रात बर्थ-डे मना रहे थे, बल्कि सरेराह आतिशबाजी भी कर रहे थे। पुलिस ने उनकी कार भी बरामद कर ली।

इस संदर्भ में सीओ अंशू जैन ने बताया कि पुलिस को सोशल मीडिया से जानकारी मिली थी कि कुछ युवक एनएच.9 पर कार पर सवार होकर न केवल बर्थ डे पार्टी मना रहे हैं, बल्कि आतिशबाजी व स्टंट करके तेज आवाज में गाने भी बजा रहे हैं।

# योगी आदित्यनाथ कल ग्रेटर नोएडा आएंगे

● 20 देशों के बौद्ध धर्म अनुयायी भी करेंगे शिरकत



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● अंतरराष्ट्रीय अभिधम्म दिवस कार्यक्रम में होंगे शामिल

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 9 अक्टूबर यानी कि रविवार को ग्रेटर नोएडा आएंगे।

योगी आदित्यनाथ के स्वागत के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। बताया जा रहा है कि योगी आदित्यनाथ के अलावा बुद्ध धर्म के अनुयायी भी ग्रेटर नोएडा आ सकते हैं। योगी आदित्यनाथ ग्रेटर नोएडा के गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी में आएंगे।

इस दौरान मुख्यमंत्री जीबीयू में होने वाले अंतरराष्ट्रीय अभिधम्म दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। मिली जानकारी के मुताबिक इस दौरान राज्य सरकार द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी में जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। बताया जा रहा है कि इस कार्यक्रम में 20 देश के बौद्ध धर्म अनुयायी शामिल होंगे।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लखनऊ से निर्देश जारी किए गए हैं। आपको बता दें कि योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2017 में पहली बार विदेश यात्रा भी बुद्ध धर्म के अनुयायी म्यामांर से की थी। उस दौरान योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

अब गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न देशों के प्रतिनिधि और राजदूत अपने विचार रखेंगे। भगवान बुद्ध के नाम पर देश का इकलौता विश्वविद्यालय गौतमबुद्ध नगर जिले में हैं।

प्रदेश के साथ देश के विभिन्न विश्वविद्यालय में बुद्ध स्टडीज की पढ़ाई होती है, लेकिन विदेशी छात्रों का सर्वाधिक रुझान गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय को लेकर है।

वर्तमान में 15 देशों के छात्र बौद्ध स्टडीज के लिए प्रतिवर्ष गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय का रुख करते हैं।

# सैकड़ों वारदातों में शामिल रहा बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार



मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी।

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



घायल आरोपी

दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में कई मामलों में वांछित एक अपराधी को शुक्रवार सुबह नोएडा फिल्म सिटी में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि 27 वर्षीय दानिश उर्फ सयार उर्फ चीता के खिलाफ दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न थानों में लूट के मामलों में 20 से अधिक प्राथमिकियां दर्ज हैं। द्विवेदी के मुताबिक, छेनू गिरोह का सदस्य दानिश नोएडा के सेक्टर-20 थाने में दर्ज दो मामलों में भी वांछित था। उन्होंने कहा, शुक्रवार सुबह नोएडा में ब्रह्मपुत्र मार्केट के पास चलाए जा रहे जांच अभियान के दौरान पुलिस दानिश तक पहुंचने में कामयाब रही, लेकिन वह मौके से फरार हो गया। इसके बाद आसपास की पुलिस चौकियों को घटनाक्रम के बारे में सतर्क किया गया। द्विवेदी ने बताया, ब्रह्मपुत्र मार्केट, अट्टा और सेक्टर-18 पुलिस चौकी के एक दल ने अपराधी का पीछा किया। इस दौरान सेक्टर-16ए स्थित फिल्मसिटी में बिजली घर के पास दोनों पक्षों के बीच गोलाबारी हुई।

द्विवेदी ने कहा कि दानिश ने भागने के लिए पुलिस दल पर गोलियां चलाईं, लेकिन जवाबी कार्वाई में वह घायल हो गया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि पैर में गोली लगने के कारण दानिश को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। द्विवेदी के अनुसार, दानिश के पास से एक पिस्तौल और कुछ गोला-बारूद बरामद किया गया है। उन्होंने कहा, पुलिस ने दानिश के सहयोगी का पता लगाने के लिए तलाश अभियान शुरू किया है, जो शुक्रवार सुबह उसके साथ था, लेकिन फरार हो गया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# साफ हवा के लिए हर कदम उठाने की तैयारी

## अगले साल सितंबर तक गैस से चलेंगे सभी उद्योग



- वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने एनसीआर के 11 सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूटर्स (सीजीडी) के साथ की समीक्षा बैठक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली एनसीआर को प्रदूषण मुक्त करने के लिए सभी औद्योगिक क्षेत्रों में गैस आपूर्ति बहाल करने की कोशिश की जा रही है।

केन्द्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने शुक्रवार को एनसीआर के 11 सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूटर्स के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सामने आया कि फिलहाल 240 में से 179 क्षेत्रों में ही गैस आपूर्ति के लिए ढांचा मौजूद है। आयोग ने राज्यों से सितंबर 2023 तक एनसीआर के बाकी बचे क्षेत्रों में भी गैस ढांचा सुनिश्चित करने को कहा है। प्रदूषण के स्तर में कमी लाने के लिए दिल्ली के सभी उद्यमों में पहले ही ईंधन के तौर पर पीएनजी या बिजली का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन एनसीआर के औद्योगिक क्षेत्रों में गैस आपूर्ति का ढांचा न होने से वहां अलग-अलग ईंधन का इस्तेमाल किया जाता है। इसके चलते दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का स्तर बढ़ता है। आयोग के मुताबिक, वितरकों ने अगले साल सितंबर तक सभी औद्योगिक क्षेत्रों में गैस आपूर्ति का ढांचा पहुंचाने का भरोसा दिया है। इससे इन उद्यमों को गैस आधारित ईंधन का इस्तेमाल करने के लिए बाध्य किया जा सकेगा। फिलहाल एनसीआर के 74.5 फीसदी औद्योगिक क्षेत्रों में ही गैस कनेक्शन की सुविधा है।

आयोग के मुताबिक, एनसीआर क्षेत्र में 963 सीएनजी स्टेशन हैं, जबकि 22 लाख 24 हजार 55 घरेलू पीएनजी कनेक्शन हैं। यहां पांच हजार 185 व्यावसायिक कनेक्शन और पांच हजार 361 औद्योगिक कनेक्शन हैं। आयोग की प्राथमिकता एनसीआर क्षेत्र में स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देने की है। इसी क्रम में सभी एनसीआर जिलों में पहले ही बिजली संयंत्रों को छोड़कर बाकी उद्यमों में एक जनवरी तक कोयला के प्रयोग को बंद करने के निर्देश दिए गए हैं।



निर्माणस्थल पर आचक निरीक्षण करने पहुंचे पर्यावरण मंत्री गोपाल राय। फोटोः रंजन डिमरी

## धूल उड़ने पर पार्श्वनाथ डेवलपर्स को नोटिस

- पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने ट्रॉपिकाना बिल्डिंग के निर्माण स्थल का किया औचक निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

धूल रोधी अभियान के तहत प्रदूषण संबंधी दिशानिर्देशों का पालन नहीं पर दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने सिविल लाइंस के निकट खैबर पास में रियल एस्टेट कंपनी पार्श्वनाथ डेवलपर्स लिमिटेड को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने आज खैबर पास स्थित पार्श्वनाथ ला ट्रॉपिकाना बिल्डिंग के निर्माण स्थल का औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने दिशा-निर्देशों का भारी उल्लंघन पाया। जिसके बाद उन्होंने डीपीसीसी को निर्देश दिया कि वे बिल्डर को निर्माण कार्य बंद करने के लिए शो कॉज नोटिस जारी करें। साथ ही उन्होंने दिल्ली वालों से अपील करते हुए कहा कि कहीं पर भी प्रदूषण हो रहा हो, उसकी ग्रीन दिल्ली ऐप पर शिकायत करें, ताकि तत्काल कार्रवाई की जा सके।

गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली सरकार ने सभी निर्माण एजेंसियों के लिए 14 सूत्रीय दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिसका सभी निर्माण साइटों पर शत-प्रतिशत पालन करना अनिवार्य है। जो भी साइट्स डस्ट कंट्रोल के नियम का पालन नहीं करेगा, उसपर कानून के अनुसार कार्रवाई की जायेगी। कंस्ट्रक्शन साइटों पर नियम के उल्लंघन होने पर एनजीटी की गाइडलाइन के मुताबिक 10 हजार से 5 लाख का जुर्माना लगाया जाएगा। अगर ज्यादा उल्लंघन होगा तो कंस्ट्रक्शन साइट को बंद कर दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि डीपीसीसी की टीम ने पार्श्वनाथ डेवलपर्स लिमिटेड के द्वारा जो बिल्डिंग बनायी जा रही है, वहां पर 14 नियमों में से 8 नियमों का उल्लघंन पाया है। 20 हजार स्कवायर मीटर से ज्यादा की बिल्डिंग साइट पर 4 एंटी स्मॉग गन लगाना जरूरी है। यहां बाहर की साईट पर स्मॉग गन तो लगाया है, अंदर की साईट पर एक भी स्मॉग गन नहीं लगाया है। ग्रीन नेट से ढकने का काम भी नहीं किया गया है। मजदूरों को मास्क देने, कटिंग, गाड़ियों की धुलाई के नियम का पालन नहीं किया जा रहा। इस तरह निर्माण स्थल पर सरकार के दिशा-निर्देशों का भारी उल्लंघन होता पाया गया है। इसीलिए डीपीसीसी को निर्देश दिया गया कि पार्श्वनाथ डेवलपर्स लिमिटेड को निर्माण कार्य बंद करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करें।

## पुरानी बसों पर सरकार ने पड़ोसी राज्यों को चेताया

**नई दिल्ली।** सर्दियों में खासकर अक्टूबर और नवंबर में दिल्ली की हवा जहरीली होती है। इसे नियंत्रित करने के लिए दिल्ली सरकार ने हरियाणा और उत्तर प्रदेश समेत अन्य पड़ोसी राज्यों से राष्ट्रीय राजधानी में पुरानी और बिना वैध प्रदूषण प्रमाण पत्र वाली बसें नहीं चलाने का अनुरोध किया है।

राज्य सरकार के परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को अन्य राज्यों के अपने समकक्षों के साथ वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक बैठक की। इस बैठक में उन्होंने उनसे पुरानी बसें दिल्ली नहीं भेजने का आग्रह किया। साथ ही उनसे कहा कि उन्हें आठ साल से अधिक पुरानी बसें दिल्ली नहीं भेजनी चाहिए ताकि प्रदूषण के स्तर में कमी लाने में मदद मिल सके। कुछ दिन पहले भी सरकार ने पड़ोसी राज्यों को इसी तरह पुरानी बसें दिल्ली नहीं भेजने का अनुरोध किया था। सूत्र ने कहा, एक और आग्रह किया गया कि दिल्ली के लिए ऐसी बसें नहीं चलाई जाएं, जिनके पास वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र (पीयूसीसी) नहीं है।

वर्ष 2018 में न्यायालय ने दिल्ली में क्रमशः 10 साल और 15 साल से अधिक पुराने डीजल और पेट्रोल वाहनों के परिचालन पर प्रतिबंध लगा दिया था। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा था कि आदेश का उल्लंघन करने वाले वाहनों को जब्त कर लिया जाएगा।

## भवन निर्माण में घटिया सामग्री प्रयोग न करें : पीडब्ल्यूडी

- इमारतों की गुणवत्ता व मजबूती सुनिश्चित करने के लिए सख्त दिशा-निर्देश




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

लोक निर्माण विभाग ने भवनों की गुणवत्ता और मजबूती सुनिश्चित करने के लिए निर्माण के दौरान अपनाए जाने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। विभाग ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है कि निर्माण गतिविधि में घटिया सामग्री का उपयोग न हो।

पीडब्ल्यूडी ने एक परिपत्र में कहा कि विभाग द्वारा भवनों की डिजाइन की गई उम्र की तुलना में बहुत ही कम अवधि में भवन संरचनाओं में खराबी के उदाहरणों के बाद यह कदम उठाया गया है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने कहा कि विभाग ने एक आदेश जारी कर अधिशासी अभियंताओं, सहायक अभियंताओं, कनिष्ठ अभियंताओं और ठेकेदारों को हर भवन और अन्य विकास कार्यों का पूरी तरह से निरीक्षण करने और भवनवार कमियों की सूची तैयार करने को कहा है।

उन्हें गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्थित तरीके से इन कमियों को दूर करने के लिए कहा गया है। पीडब्ल्यूडी ने बृहस्पतिवार को जारी परिपत्र में कहा, संरचनाओं की वांछित गुणवत्ता सुनिश्चित करना बहुत महत्वपूर्ण है ताकि यह अपने डिजाइन किए गए जीवन तक टिके रहें और साथ-साथ भविष्य के रखरखाव व्यय को कम किया जा सके। दिशानिर्देशों में कहा गया है कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि संरचनात्मक डिजाइन केवल निर्माण स्थल की मिट्टी की जांच रिपोर्ट पर आधारित हो और नींव दृढ़ जमीन पर टिकी हुई थी न कि भरी हुई मिट्टी पर।

## सिखों को कड़े व कृपाण के साथ परीक्षा में बैठने की अनुमति

- दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड ने हाईकोर्ट को दी जानकारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को सूचित किया कि उसने सिख उम्मीदवारों को धातु के कड़े या कृपाण के साथ परीक्षा में बैठने की अनुमति देने का फैसला किया है, लेकिन उन्हें रिपोर्टिंग समय से कम से कम एक घंटा पहले परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा।

डीएसएसएसबी के वकील की दलीलों को ध्यान में रखते हुए मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने कहा कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति द्वारा दायर याचिका का निस्तारण करने के लिए कोई और आदेश पारित करने की आवश्यकता नहीं है। पीठ ने कहा कि बोर्ड ने संशोधित दिशानिर्देश जारी किए हैं।

## मोहाली पुलिस इंटेलीजेंस हेडक्वार्टर पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

- दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त दो लोगों को धरा



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बड़ी सफलता हासिल की है। विशेष शाखा ने इस साल नौ मई को मोहाली में पंजाब पुलिस मुख्यालय पर हुए आरपीजी हमले के सिलसिले में एक किशोर समेत दो लोगों को गिरफ्तार है। किशोर को अभिनेता सलमान खान की हत्या का भी काम सौंपा गया था।

दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने हरियाणा में एक आईईडी की बरामदगी के सिलसिले में 4 अगस्त को किशोर के अलावा अर्शदीप सिंह नामक एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया था।

लॉरेंस बिश्नोई और जग्गू भगवानपुरिया सिंडिकेट ने किशोर को दीपक सुरकपुर (फिलहाल फरार) और मोनू डागर (जेल में) के साथ अभिनेता सलमान खान को मारने का काम सौंपा था।

गत 9 मई को मोहाली में पंजाब पुलिस के खुफिया मुख्यालय पर ग्रेनेड दागा गया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि जांच के दौरान पता चला कि हमला बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) की साजिश थी, जिसे पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) और स्थानीय गैंगस्टरों का समर्थन प्राप्त था। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने हमलावरों की पहचान उत्तर प्रदेश के फैजाबाद के निवासी किशोर और हरियाणा के सुरखपुर के रहने वाले दीपक के रूप में की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामले में और गिरफ्तारी हो सकती है।

## अश्विनी बने दिल्ली सरकार के प्रिंसिपल सेक्रेटरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के विशेष अधिकारी अश्विनी कुमार अब दिल्ली सरकार में भी अहम जिम्मेदारी संभालेंगे।

उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने तत्काल प्रभाव से अश्विनी कुमार को प्रिंसिपल सेक्रेट्री (होम) के तौर पर नियुक्त करने का आदेश जारी किया है। 1992 बैच के आईएएस अधिकारी कुमार केजरीवाल सरकार में प्रिंसिपल सेक्रेट्री के साथ-साथ नगर निगम के विशेष अधिकारी के अतिरिक्त जिम्मेदारी को भी संभालेंगे। कुमार को इसी वर्ष मई में गृह मंत्रालय ने एकीकृत नगर निगम के विशेष अधिकारी के रूप में नियुक्ति किया था।

## आबकारी नीति मामले में ईडी ने 35 ठिकानों पर की छापेमारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के एक कथित मामले में शुक्रवार को एक बार फिर छापेमारी की। ईडी के अधिकारी दिल्ली, पंजाब और हैदराबाद में 35 स्थानों पर छापेमारी कर रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, कुछ शराब वितरकों, कंपनियों और उनसे जुड़ी संस्थाओं की तलाशी ली जा रही है। ईडी इस मामले में अब तक 103 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी कर चुकी है। मामले में पिछले महीने शराब व्यवसाई एवं शराब बनाने वाली कंपनी इंडोस्पिरिट के प्रबंध निदेशक समीर महेंद्रू को गिरफ्तार किया गया था। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद ईडी ने धन शोधन का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

सीबीआई की प्राथमिकी में सिसोदिया का नाम बतौर आरोपी दर्ज है। उपराज्यपालय ने दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। इस मामले में 11 आबकारी अधिकारियों को निलंबित भी किया था।

## सबूत ढूंढ़ने के लिए 300 से अधिक अधिकारी लगाए गए हैं : मुख्यमंत्री

- गंदी राजनीति के कारण ईडी और सीबीआई के सैकड़ों अधिकारियों का समय बर्बाद किया जा रहा है : केजरीवाल



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय के दिल्ली की आबकारी नीति से जुड़े कथित धन शोधन मामले में शुक्रवार को नए सिरे से छापेमारी करने के बाद मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि सिसोदिया के खिलाफ सबूत ढूंढने के लिए 300 से अधिक अधिकारी लगाए गए हैं, लेकिन अभी तक कुछ नहीं मिला है, क्योंकि उन्होंने कुछ किया ही नहीं है।

गंदी राजनीति के कारण ईडी और सीबीआई के सैकड़ों अधिकारियों का समय बर्बाद किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, ईडी के अधिकारी आबकारी नीति से जुड़े कथित धन शोधन मामले में दिल्ली, पंजाब और हैदराबाद में 35 स्थानों पर छापेमारी कर रहे हैं। केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि 500 से ज्यादा छापे, तीन महीनों से सीबीआईईडी के 300 से ज्यादा अधिकारी 24 घंटे लगे हुए हैं। उन्होंने सवाल किया कि ऐसे देश कैसे तरक्की करेगा। मालूम हो कि आबकारी नीति 2021-22 के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं के मामले में सीबीआई द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का नाम बतौर आरोपी दर्ज है।

## मच्छरों के 250 बड़े प्रजनन स्थलों की पहचान

- 28 सितंबर तक डेंगू के कुल 937 केस आए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

डेंगू के बढ़ते मामलों के बीच दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने शहर में मच्छरों के करीब 250 बड़े प्रजन्न स्थलों की पहचान की है।

पिछले महीने 28 सितंबर तक दिल्ली में डेंगू के करीब 700 मामले आए थे जिनमें 400 से अधिक मामले महीने के आखिरी सप्ताह में आए थे। इस वर्ष 28 सितंबर तक डेंगू के कुल 937 मामले आए थे जिनमें से 75 मामले अगस्त में आए। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने मच्छरों के लार्वा को नष्ट करने के लिए विभिन्न स्थानों पर फॉगिंग अभियान को तेज कर दिया है। इससे डेंगू के मामलों में कमी लाने में मदद मिलेगी।



नगर निकाय ने बयान में कहा कि एमसीडी के जन स्वास्थ्य विभाग ने मच्छरों के करीब 250 प्रजन्न स्थलों की पहचान की है जहां पर बड़े पैमाने पर लार्वा मिले हैं। बयान के मुताबिक एमसीडी इन स्थानों पर कीटनाशकों का छिड़काव,फॉगिंग या बड़े जलाशयों में मच्छरों का लार्वा खाने वाली मछलियों को छोड़ने सहित विभिन्न उपाय मच्छरों का लार्वा नष्ट करने के लिए कर रहा है। अधिकारियों ने बताया कि सभी 12 जोन के बड़े जलाशयों और नालों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जिनपर पॉवर स्प्रे टैंकरों और मोटर से चलने वाले पंप से छिड़काव किया जा रहा है। बयान में कहा गया कि एमसीडी ने डेंगू बीमारी फैलाने वाले मच्छरों का पता लगाने के लिए उसके कर्मचारियों ने करीब 2.61 करोड़ घरों की जांच की जिनमें से 1,30,544 घरों में डेंगू मच्छरों के लार्वा मिले और 11,88,282 घरों में फॉगिंग कराई गई।

## डॉक्टरी जांच के दौरान पुलिस हिरासत से भागा जालसाज

- ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में दो पुलिसकर्मी निलंबित



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दक्षिणपूर्वी दिल्ली के बदरपुर इलाके में जालसाजी के एक मामले में गिरफ्तार व्यक्ति पुलिस हिरासत से उस समय फरार हो गया जब उसे चिकित्सकीय जांच के लिए ले जाया जा रहा था।

पुलिस के मुताबिक, यह घटना बृहस्पतिवार शाम करीब सात बजे बदरपुर थाने के सामने की है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर आ गया। वीडियो में आरोपी विक्की अभिषेक सिन्हा को एक पुलिसकर्मी की पकड़ से भागते और थाने के मुख्य द्वार के सामने से फरार होते हुए देखा जा सकता है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक 30 सितंबर को विक्की अभिषेक सिन्हा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 468 (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी) और 471 (एक जाली दस्तावेज या इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड के रूप में उपयोग करना) के तहत एक फर्जी हथियार लाइसेंस के सिलसिले में दक्षिण-पूर्वी जिले के साइबर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अधिकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश के इंदिरापुरम के ऑरेंज काउंटी के रहने वाले सिन्हा को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ पुलिस हिरासत से भागने के आरोप में भी मुकदमा दर्ज किया गया है।

ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर पुलिस उपनिरीक्षक मोहित व कांस्टेबल अजय के खिलाफ विभागीय कार्वाई शुरू कर दी गई है।

## विजयादशमी पर हुआ प्रदूषण बारिश से धुला

### कर्तव्य पथ पर उमड़े सैलानी



फोटोः रंजन डिमरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विजय दशमी पर दिल्ली की वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में पहुंच गई थी लेकिन पिछले दो दिनों से दिल्ली एनसीआर में हो रही बारिश से प्रदूषण धुल गया है।

आबोहवा दुरुस्त होने से लोगों को राहत मिली है। लेकिन यह दौर जल्द खत्म हो जाएगा और वायु प्रदूषण से दिक्कत शुरू हो जाएगी। वायु गुणवत्ता, मौसम पूर्वानुमान और अनुसंधान प्रणाली (सफर) के आंकड़ों के मुताबिक, सुबह 9.20 बजे राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शुक्रवार शाम आठ बजे 56 था, जो संतोषजनक श्रेणी में आता है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है, जो सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस कम है। शहर में न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री ज्यादा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के 24 घंटे के औसत एक्यूआई बुलेटिन के मुताबिक, बुधवार को एक्यूआई (211) खराब श्रेणी में था, जो बृहस्पतिवार को सुधरकर 79 (संतोषजनक श्रेणी) हो गया। उल्लेखनीय है कि शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच एक्यूआई गंभीर माना जाता है।

दिल्ली में बुधवार को वायु गुणवत्ता के खराब श्रेणी में पहुंचने के बाद राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अधिकारियों को ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के पहले चरण के तहत उपायों को सख्ती से लागू करने को कहा गया था, जिसमें प्रदूषण के लिए जिम्मेदार औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई करना भी शामिल है। दिल्ली सरकार ने बृहस्पतिवार को शहर में विशेष रूप से निर्माण स्थलों पर धूल से होने वाले प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए एक धूल रोधी अभियान शुरू किया।

इससे पहले आईआईटीएम के अधिकारियों ने पूर्वानुमान जताया था कि पांच अक्टूबर को तापमान, हवा की गति और पराली जलाने से हुए उत्सर्जन जैसे मापदंडों में कोई खास बदलाव नहीं देखा था, ऐसे में हाइपरलोकल उत्सर्जन से वायु गुणवत्ता प्रभावित हुई होगी। उन्होंने बताया कि हाइपरलोकल यानी स्थानीय स्तर पर हुए उत्सर्जन का संभावित स्रोत दशहरा और एक राजनीतिक विरोध के दौरान बड़ी संख्या में जलाए गए पुतलों से निकला धुआं हो सकता है।

### पूरे दिन घुमड़ते रहे बादल



## यति नरसिंहानंद के शिष्यों का सुप्रीम कोर्ट के बाहर प्रदर्शन

- आत्महत्या करने के लिए कानूनी मंजूरी मांगी, हिरासत में लेकर शाम को छोड़ा

पायनियर समचार सेवा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय के बाहर शुक्रवार को प्रदर्शन कर रहे 10 लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया, जिनके बारे में विवादास्पद पुरोहित नरसिंहानंद ने दावा किया कि वे जिहादियों से बार-बार हत्या की धमकी मिलने के कारण आत्महत्या करने के लिए कानूनी मंजूरी मांगने वहां गए थे।

गाजियाबाद में डासना देवी मंदिर से नरसिंहानंद ने कहा कि उनके नौ शिष्यों को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और शाम करीब पांच बजे उन्हें रिहा कर दिया। दिल्ली पुलिस के अनुसार, शीर्ष अदालत के बाहर प्रदर्शन के आरोप में 10 लोगों को हिरासत में लिया गया था और बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया। इससे पहले, दिन में जारी एक वीडियो क्लिप में नरसिंहानंद ने कहा था, मेरे शिष्य शुक्रवार सुबह उच्चतम न्यायालय के लिए निकले हैं, क्योंकि वे जिहादियों द्वारा सिर कलम किए जाने की धमकी से काफी डरे हुए हैं।

उन्होंने कहा, मैं और मेरे शिष्य आतंकवादियों का मुख्य निशाना हैं और हमें कई बार सिर कलम करने की धमकी मिल चुकी है। जिस तरह से जिहादी हिंदुओं की हत्या कर रहे हैं वह बहुत पीड़ादायक और भयावह है।

# राजस्थान का बाजरा हरियाणा में ना आने पाए : मंडलायुक्त

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

### राजस्थान की सीमा से सटे जिलों में बाजरे की बाहरी आवक पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश

### मण्डलायुक्त रमेश चंद्र बिढान ने की खरीफ फसलों की खरीद के प्रबंधों की समीक्षा

**राजस्थान** की सीमा से सटे जिले रेवाड़ी, महेंद्रगढ़ के अधिकारियों को मंडल आयुक्त ने आदेश दिए हैं कि वे राजस्थान से खरीफ की फसल को हरियाणा में ना आने दें। बाजरे की खरीद शुरू हो चुकी है। इस पर वे विशेष नजर रखें। खरीफ फसलों की खरीद के लिए जिला की मंडियों में किए प्रबंधों की समीक्षा बैठक में मण्डलायुक्त रमेश चंद्र बिढान ने यह आदेश दिए।

उन्होंने रेवाड़ी व महेंद्रगढ़ जिला के उपायुक्तों को निर्देश दिए कि इन दोनों जिलों में राजस्थान से काफी मात्रा में अवैध रूप से बाजरा स्थानीय मंडियों में पहुंचने की आशंका रहती है, इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि मंडियों में केवल मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकृत किसानों की फसल ही सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर खरीदी जाए। श्री बिढान ने तीनों जिला के उपायुक्तों व सभी एसडीएम से कहा कि फसल खरीद के समय आप सप्ताह में मंडियों में दौरा कर किसानों को होने वाली समस्याओं का समाधान कर मंडी में की गई खरीद प्रक्रिया की भी समीक्षा करें।



गुरुग्राम मंडल के अंतर्गत जिलों के अधिकारियों की फसल की खरीद को लेकर बैठक लेते मंडलायुक्त रमेश चंद्र बिढान।

**किसानों को ना हो किसी तरह की परेशानी :** मंडलायुक्त ने अधिकारियों को किसानों के हितार्थ उचित व्यवस्थाएं बनाए रखने के निर्देश दिए तथा विभिन्न विषयों पर जानकारी भी मांगी। मंडलायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि मंडी में आने वाले किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो। रमेश चंद्र बिढान ने गुरुग्राम मंडल के तीनों जिले गुरुग्राम, महेंद्रगढ़ व रेवाड़ी में खरीफ सीजन की तैयारियों के बारे में संबंधित अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली। अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसल खरीद के दौरान किसान को कोई भी समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए सभी पुख्ता प्रबंध करें, ताकि खरीद का कार्य सुचारू रूप से चलता रहे।

श्री बिढान ने तीनों जिला में फसल खरीद करने वाली एजेंसियों और मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी मार्केट कमेटियां खरीद केंद्रों पर सभी आवश्यक पुख्ता प्रबंध रखें। मंडियों में बिजली, पानी और सफाई की समुचित व्यवस्था की जाए। किसानों के लिए बनाए गए शौचालयों की साफ-सफाई निरंतर सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि सभी मंडियों में आढ़तियों के पास तिरपाल की अतिरिक्त व्यवस्था रखी जाए, ताकि बारिश में फसल न भीगे। बैठक में गुरुग्राम के उपायुक्त निशांत कुमार यादव, रेवाड़ी के उपायुक्त अशोक कुमार गर्ग व महेंद्रगढ़ के उपायुक्त जय कृष्ण आभीर, तीनों जिलों के एडीसी व एसडीएम सहित विभिन्न एजेंसियों और मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारी भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# राजनीतिक जमीन मजबूत करके फिर आगे बढ़े महेश यादव


पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### हाल ही में भाजपा में शामिल होकर तैयार की राजनीतिक जमीन

### चकरपुर के सरपंच के रूप में दे चुके सेवाएं

**गांव** की राजनीति से शुरुआत करके अब राजनीति की मुख्यधारा में आए चकरपुर के पूर्व सरपंच महेश यादव अब राजनीति की मुख्यधारा में आए हैं। हालांकि पूर्व में वे अन्य दलों में भी शामिल होकर राजनीतिक जमीन मजबूत करने में लगे रहे। हाल ही में उन्होंने भाजपा में शामिल होकर राजनीति की नईपारी की शुरुआत की है।

गुरुग्राम में मॉल संस्कृति शुरू होने से पहले एमजी रोड से उधर के क्षेत्र में ग्रामीण संस्कृति ही थी। पुराने गुरुग्राम शहर से उधर यानी हाइवे के पास कई गांव बसे हैं। अब ये गांव क्षेत्र का विकास होने के चलते गगनचुंबी इमारतों के बीच आ चुके हैं। गांवों की भी अब सूरत बदल चुकी है। इन्हीं गांवों में एक गांव है चकरपुर। इसी गांव की छोटी सरकार के मुखिया (सरपंच) बने थे महेश यादव। युवा वस्था से ही सामाजिक मुद्दों पर आगे रहना उनकी आदत रही है। इसी आदत से समाजसेवा की सोच से वे अपने गांव के लोगों के दिलों में घर कर गए। सरपंच रहते हुए उन्होंने गांव के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। पांच साल तक इस छोटी सरकार को उन्होंने बेहतरी से चलाया। गांव में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ उन्होंने शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया। इसके अलावा क्षेत्र



महेश यादव।

में माहौल खराब करने का कारण बने पब-बार को लेकर भी उन्होंने खूब आंदोलन किए। सरपंच का कार्यकाल पूरा होने के बाद भी वे सक्रिय राजनीति में रहे। उन्होंने अपनी पत्नी ओमकला यादव को भी निगम पार्षद का चुनाव लड़ाया। इस तरह से यादव दंपत्ति की राजनीति में सक्रियता नजर आई। महेश यादव को वे गरीब लोग मसीहा मानते हैं, जिनके लिए उन्होंने तन-मन-धन से सहायता की है।

# पड़ोसियों पर फायरिंग करने का आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सदर** थाना पुलिस ने सिलानी निवासी को बिना कारण फायरिंग करने के आरोपी को अवैध हथियार समेत गिरफ्तार किया। अदालत ने आरोपी को 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में जिला जेल भोंडसी भेज दिया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी का फरार पुत्र की तलाश में जुट गई है।

> **पुलिस** ने आरोपी से बरामद अवैध हथियार और उसका फर्जी लाइसेंस बरामद कर लिया है। आरोपी अशोक ने नागालैंड से फर्जी लाइसेंस बनवाया हुआ था। वहीं से अवैध हथियार को खरीदकर लाया था।
>
> **जयसिंह**
> **( सदर थाना प्रभारी )**

गांव सिलानी निवासी अशोक ने बुधवार की रात करीब सवा दस बजे अपने ही पड़ोसी प्रवीण व नवीन के ऊपर जान लेवा हमला करते हुए तीन राउंड फायरिंग कर दी थी। इस हमले में प्रवीण, नवीन और उनके साथ उनके परिजन बाल-बाल बच गए। प्रवीण ने पुलिस को बताया कि फायरिंग करने के बाद जैसे ही अशोक अपने घर में भागने लगा। उसका पीछा करते हुए मोबाइल से वीडियो बनाया। उसके बाद 112 नंबर पर पुलिस को फोन करके बुलाया। सूचना मिलने पर पीसीआर गाड़ी समेत एसएचओ की गाड़ी उनके पास पहुंची।

पुलिस को आता देख अशोक अपने घर की छत से कूदकर खेतों में भाग गया। पुलिस जाने के बाद अशोक व उसका पुत्र सागर उनके घर पर लाठियां लेकर मारने के लिए आ गए। जिनमें से अशोक को दबोच

### सिलानी के अशोक ने पड़ोसी प्रवीण व नवीन पर कर दी थी तीन राउंड फायरिंग

लिया और मौके पर पुलिस को बुलाकर सौंप दिया।

**आरोपी से मिले 54 खोल :** पुलिस ने फायरिंग करके जानलेवा हमला करने के आरोपी से की गई पूछताछ के दौरान आरोपी से 52 खाली खोल बरामद किए हैं।

ये सभी खोल आरोपी अशोक ने अपने घर के अंदर छुपाकर रखे हुए थे। इसके अलावा बुधवार की रात को प्रवीण व नवीन के ऊपर की गई फायरिंग के दौरान मौके से दो खाली खोल बरामद कर लिए हैं। आरोपी के खिलाफ 2001 से 2022 के बीच में चार अन्य मामले सदर थाना पुलिस में दर्ज है। जिसमें अवैध शराब बेचने से लेकर लड़ाई झगड़े के मामले शामिल हैं।

# तीन लाख 61 हजार को गेहूं मिलेगा पांच किग्रा मुफ्त

### प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत वितरित किया जा रहा मुफ्त गेहूं

**गुरुग्राम।** जिला गुरुग्राम के 3 लाख 61 हजार 221 पात्र राशन कार्ड सदस्यों को प्रति माह प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 5 किलो गेहूं मुफ्त दिया जा रहा है। यह योजना केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2020 में अप्रैल माह में शुरू की गई थी। जिसे पिछले वर्ष नवम्बर माह में विस्तार देते हुए मौजूदा वर्ष 2022 के मार्च माह व बाद में इसे सितंबर माह तक बढ़ाया गया था।

केंद्र सरकार द्वारा अब इस योजना को पुनः विस्तार देते हुए दिसंबर माह तक बढ़ाया गया है। जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा समाज के आर्थिक रूप से पिछड़े व गरीब तबके को ध्यान में रखकर शुरू की गई यह योजना वर्ष 2020 के अप्रैल माह में केवल तीन माह के लिए शुरू की गई थी। परिस्थितियों का आंकलन करते हुए इसे विभिन्न किस्तों में मौजूदा वर्ष के सितंबर माह तक बढ़ाया गया था। केंद्र सरकार ने इस योजना को एक बार फिर से विस्तार देते हुए इसे दिसंबर माह तक जारी रखने का निर्णय लिया है।

उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत राशन कार्ड धारक राज्य सरकार द्वारा नियमित रूप से वितरित किये जा रहे राशन के साथ साथ इस योजना के तहत पात्र हैं, जिसके तहत राशन कार्ड में दर्ज प्रत्येक व्यक्ति को 5 किलोग्राम गेहूं मुफ्त दिया जा रहा है। डीसी श्रीयादव ने बताया कि जिला में बीपीएल सूची के (पीले) 11572, राज्य बीपीएल के 14384, अंत्योदय अन्न योजना (गुलाबी) के 8955 तथा अन्य प्राथमिक वाले ओपीएच (खाकी) 47652 कुल 82563 राशन कार्ड धारक हैं, जिनके कुल 361221 सदस्य पात्र हैं, जिन्हें इस योजना का लाभ दिया जा रहा है।

# नगर परिषद स्वच्छता सर्वेक्षण में 10 पायदान खिसकी

### स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रदेश में सोहना को मिला 13वां स्थान

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद को वर्ष 2022 में हुए स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रदेश के अंदर 21 में से 13वां स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि वर्ष 2021 में तीसरा स्थान प्राप्त किया था। वहीं उत्तरी जोन में 200 में से 61वां स्थान प्राप्त किया है। पिछले वर्ष की अपेक्षा 30 पायदान पीछे गई है।

नगर परिषद ने स्वच्छता के मामले में एनजीटी के आदेशों की कितना पालना किया है। यह इस वर्ष आई स्वच्छता सर्वेक्षण के आंकड़े बता रहे हैं। केंद्र सरकार द्वारा प्रति वर्ष स्वच्छता आंकने के लिए शहरी स्थानीय निकाय संस्थाओं का सर्वेक्षण कराया जाता है। जिसके तहत सफाईए सार्वजनिक शौचालयए डस्टबिनए कचरा एकत्रीकरण, डोर टू डोर नागरिकों से जानकारी आदि की जांच पड़ताल व सर्वे केन्द्रीय टीम द्वारा की




सोहना में डोर टू डोर कूड़ा उठाने के दौरान वाहन पर त्रिपाल न लगाकर एनजीटी के नियमों की धज्जियां उड़ाता एक वाहन।

जाती है। जो मौका मुआयना करके अपनी रिपोर्ट सरकार को प्रेषित करती है। तत्पश्चात सरकार द्वारा रैंकिंग स्थान प्रदान किया जाता है। जबकि इससे पूर्व समस्त दस्तावेज भी अपलोड किए जाते हैं। इसी क्रम में गत दिनों सोहना नगरपरिषद की सफाई व्यवस्था का केंद्रीय टीम द्वारा सर्वेक्षण किया गया था। जिसके तहत टीम ने परिषद के अंतर्गत आने वाले 21 वार्डों में विभाग द्वारा किये जाने वाले सफाई कार्यों का जायजा लिया था। नागरिकों के विचार भी लिए थे।

**तीन वर्षों में रहा सबसे खराब स्थान :** नगर परिषद ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 हरियाणा प्रदेश में 13वां स्थान हासिल किया है। जबकि 2021 में परिषद ने स्वच्छ सर्वेक्षण में तीसरा स्थान हासिल किया था। जबकि वर्ष 2020 में 15वें स्थान पर थी तथा 2019 में 7वें पायदान पर रही। इसी प्रकार उत्तरी जोन में नगर परिषद ने वर्ष 2022 में 200 में से 61वां स्थान प्राप्त किया है। वर्ष 2021 में 200 में से 31वां स्थान प्राप्त किया था। जो वर्ष 2020 में 191 में से 94वां था। 2019 में 1013 में से 49वां स्थान था।

**सफाई के नाम पर लाखों रुपये बर्बाद :** नगर परिषद ने स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए प्राप्त धन राशि का जमकर दुरुपयोग हुआ है। सरकार द्वारा स्वच्छता के लिए परिषद को मोटी धनराशि प्रदान की जाती है किंतु उक्त राशि को परिषद के अधिकारी व कर्मचारियों ने बेवजह खर्च कर डाला है।

> **विभाग की भूमिका नकारात्मक**
>
> **नगर** परिषद को स्वच्छ सर्वेक्षण में अव्वल स्थान दिलाने में परिषद अधिकारियों व कर्मचारियों की भूमिका नकारात्मक रही है। डोर टू डोर कूड़े का सही ढंग से उठाव न होना, कूड़े ढोने वाले वाहनों पर त्रिपाल या जाल का लगा न होना। शहर के आम रास्तों की सफाई न होने और जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर, निस्तारण केन्द्र पर कूड़े की समय पर छंटनी न होना और छंटनी के बाद कूड़े को नगर परिषद सीमा क्षेत्र से बाहर न ले जाना। यह सब नियमों की अनदेखी करने के कारण आज शहर में सफाई व्यवस्था पूर्णरूप से फेल होकर रह गई है। यही कारण है नगर परिषद की सफाई व्यवस्था पर सवालिया निशान लगते रहे हैं।

# राष्ट्रीय सरस आजीविका मेले में नजर आएगा लघु भारत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सरस** आजीविका मेला विधिवत रूप से शनिवार से शुरू होगा। शुक्रवार तक यहां अलग-अलग राज्यों से आए सदस्यों ने अपने स्टॉल सजा लिए। मेले का शुभारंभ केन्द्रीय विकास एवं पंचायत मंत्री गिरिराज सिंह दोपहर बाद 3 बजे करेंगे। मेले के शुभारंभ अवसर पर केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं इस्पात राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते सहित हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली भी उपस्थित रहेंगे।

सेक्टर-29 स्थित लेजरवैली ग्राउंड में यह मेला लगाया गया है। सरस आजीविका मेले के भव्य आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। पार्किंग से लेकर मेले में आने वाले लोगों के मनोरंजन व खान पान का पूरा ध्यान रखा गया है। मेले में आने वाले लोगों के प्रवेश निःशुल्क



गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित लेजर वैली ग्राउंड में राष्ट्रीय सरस आजीविका मेले में लगाई स्टाल।

होगा, जबकि लेजरवैली ग्राउंड के नजदीक बनाए गए पार्किंग स्थल पर 5000 से अधिक वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इस मेले में जिलावासियों विशेषकर महिलाओं के लिए विशेष हस्तनिर्मित उत्पाद जैसे हैंडलूम, साड़ियां, ड्रेस मैटेरियल सहित अलग-अलग राज्यों की पृष्ठभूमि का साज सज्जा का सामान उपलब्ध है।

**550 हस्त शिल्पकार तथा कलाकारों के लिए व्यवस्था :** मेले में 27 राज्यों के 200 से अधिक ग्रामीण स्वयं सहायता समूहों द्वारा भाग लिया जा रहा है जो स्वयं द्वारा निर्मित उत्पादों को 230 स्टॉलों के माध्यम से प्रदर्शित करेंगे। इस राष्ट्रीय स्तरीय मेले की मेजबानी पहली बार गुरुग्राम द्वारा की जा रही है। इसलिए इस मेले में आने वाले स्वयं सहायता समूह की महिलाओं सहित दूसरे राज्यों के आए 550 हस्तशिल्पकारों तथा कलाकारों के रहने से लेकर खाने पीने की व्यवस्था जिला के 11 अलग-2 स्थानों पर की गई है। सरस मेले में लोगों के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए 23 अक्टूबर तक रोजाना सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा।

मेले में कला एवं संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा जिससे जिलावासियों को दूसरे राज्यों की सभ्यता व संस्कृति को नजदीक से जानने का मौका मिलेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में रोजाना अलग-2 राज्यों की संस्कृति पर आधारित प्रस्तुति दी जाएगी। इस प्रकार मेले में आने वाले लोगों के मनोरंजन के लिए 60 से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

# अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में पाएं 70 फीसदी तक की छूट

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### घर सजाने, किचन फर्नीचर, सफाई के सामान, फिटनेस और खेल उपकरण खरीदें

**यहां** त्योहारों के मौसम के साथ आप अपने घर को अपग्रेड और रीफर्बिश करके अपने जीवन को तरोताजा करने के लिए बहुत सी चीजें कर सकते हैं। उन सभी वस्तुओं के लिए जो आपकी विश लिस्ट में पड़ी हुई हैं, अब आप उन्हें शानदार कीमतों पर अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के साथ एक्साइटिंग डील के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। इस साल आप होम डेकोर, प्लांट्स, कुशन, किचन अप्लायंसेज, फर्नीचर, स्पोर्ट्स इक्विपमेंट और बहुत से उत्पादों पर 70 फीसदी तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। इस त्योहारी सीजन में बड़ी बचत करने के लिए तैयार हो जाइए और अमेजन डॉट इन के साथ अपनी जीवन शैली को बढ़ाते हुए शानदार छूट का आनंद लीजिए।

जब ग्राहक अमेजन डॉट इन पर खरीदारी करते हैं, वे आसान फाइनेंस विकल्पों और नो कॉस्ट ईएमआई के अलावा सिटी, वनकार्ड, आरबीएल और रुपे बैंक कार्ड पर अतिरिक्त 10 फीसदी तत्काल छूट के साथ एक्साइटिंग डील और ऑफर का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा, ग्राहक किसी भी पीआई का उपयोग करके आईएनआर 250-499 के न्यूनतम ऑर्डर मूल्य पर आईएनआर 25 की छूट प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी यूपीआई का उपयोग करके आईएनआर 500 और उससे अधिक के न्यूनतम ऑर्डर मूल्य पर आईएनआर 50 की छूट और 7 अक्टूबर, 2022 तक अमेजन पे बैलेंस के रूप में आईएनआर 3000 के न्यूनतम ऑर्डर पर अतिरिक्त आईएनआर 300 कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं। ग्राहक अमेजन डॉट इन पर खरीदारी करते समय कूपन एकत्र कर सकते हैं और घर पर पहले खरीदारों के लिए आईएनआर 500 और उससे अधिक की खरीदारी पर आईएनआर 100 कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं। रसोई उत्पाद। इसके साथ ही, ग्राहकों को द स्लीप कंपनी, वी-गार्ड, ड्यूरोफ्लेक्स, लिव प्योर, टाइड रिबन, विप्रो, यूरेका फोर्ब्स, प्रेस्टीज, ओरिएंट इलेक्ट्रिक जैसे शीर्ष ब्रांड्स के 30 हजार प्रोडक्ट पर सेव करने का मौका मिलता है।

# अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के साथ मनाएं हैप्पीनेस अपग्रेड डेज

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### स्मार्टफोन, लार्ज अप्लायंसेस और लैपटॉप, टीवी, होम एंड किचन प्रोडक्ट पर लें खास डील्स और ऑफर्स

**अमेजन** इंडिया का 23 सितंबर को शुरू हुआ महीने भर चलने वाले फेस्टिव सेलिब्रेशन, अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल (एजीआईएफ) जारी है। इस जश्न के बीच, अमेजनडॉटइन ने आज हैप्पीनेस अपग्रेड डेज पावर्ड बाय इंटेल ईवीओ की घोषणा की है। हैप्पीनेस अपग्रेड डेज 4 अक्टूबर, 2022 से शुरू होकर 8 अक्टूबर तक चलेगा। यहां ग्राहकों को सभी कैटेगरी के उत्पादों पर एक्स्ट्रा सेविंग करने का मौका मिलेगा। द ग्रेट इंडियन फेस्टिवल-हैप्पीनेस अपग्रेड डेज स्मार्टफोन, लॉर्ज अप्लायंसेस और लैपटॉप, टीवी, होम एवं किचन प्रोडक्ट, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन एंड ब्यूटी, रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं के विशाल कलेक्शन पर सेलर्स और ब्रांडों की ओर से पेश की गई खास डील्स और ऑफर को पेश किया गया है। यहां ग्राहकों को इंटेल ईवीओ, आईक्यूओओ, माइक्रोसॉफ्ट, मैमीपोको, फेरेरो, शाओमी, पीएंडजी, कोलगेट और गोदरेज सहित अन्य उत्पादों की के विशाल कलेक्शन पर खास ऑफर प्राप्त होंगे।

**अमेजन पे के साथ त्योहारों की वैलकम ऑफर के रूप में** 2,500 रुपये तक के रिवॉर्ड का फायदा उठा सकते हैं, और अमेजन पे लेटर का उपयोग (पहली बार) करने वाले ग्राहकों 600 रुपये का रिवॉर्ड और 60,000 रुपये तक का इंस्टेंट क्रेडिट (पात्रता के आधार पर) प्राप्त होगा। ग्राहक डिजिटल गोल्ड की खरीद पर 1000 रुपये तक और गिफ्ट कार्ड की खरीद पर 10त्न तक कैशबैक जैसे अतिरिक्त फेस्टिव ऑफर्स का भी मजा उठा सकते हैं। टॉप ब्रांडों के अलावा, हैप्पीनेस अपग्रेड डेज ग्राहकों को अमेजन लॉन्चपैड, लोकल शॉप्स, अमेजन सहेली, अमेजन कारीगर जैसे विभिन्न प्रोग्राम के तहत हजारों अमेजन सेलर्स की ओर से बेहद खास उत्पादों की खरीदारी करने का अवसर प्रदान करेगा और इसी के साथ ही ग्राहक लाखों स्मॉल बिजनेस की ओर से दी जा रही खास डील्स और ऑफर का आनंद भी उठा सकते हैं।

**खरीदारी को बनाएं और अधिक फायदेमंद :** जीआईएफ के दौरान खरीदारी करने वाले ग्राहक ईएमआई ट्रांजेक्शन के साथ सिटीबैंक, आरबीएल, वनकार्ड और रुपे क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर 10 फीसदी तत्काल छूट के साथ और भी अधिक बचत कर सकते हैं। ग्राहक प्रमुख क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, बजाज फिनसर्व और अमेजन पे लेटर पर उपलब्ध नो-कॉस्ट ईएमआई का भी लाभ उठा सकते हैं। ग्राहक डिजिटल गोल्ड की खरीद पर 1000 रुपये तक और गिफ्ट कार्ड की खरीद पर 10 फीसदी तक कैशबैक जैसे खास ऑफर्स का भी मजा उठा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, उत्सव की खरीदारी को आसान और अधिक फायदेमंद बनाने के लिए, अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड के लिए अप्लाय करने वाले ग्राहक

**अमेजन लाइव :** अमेजनडॉटइन पर एक अनोखा लाइव शॉपिंग प्रोग्राम भी है। ग्राहक अब दिन भर लाइव स्ट्रीम देखने के लिए डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू अमेजन डॉटइन/लाइव पर ट्यून कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्राम पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची का वितरण जल्द



बीडीपीओ कार्यालय में मतदाता सूची को क्रमबद्ध तरीके से लगाते एसईपीओ बलजीत सिंह।

**सोहना।** ग्राम पंचायत चुनाव को लेकर बीडीपीओ कार्यालय में 100 फीसदी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सोमवार से ग्राम पंचायत की मतदाता सूची वितरण का कार्य शुरू किया जाएगा। खंड की 35 ग्राम पंचायतों में होने वाले पंच, सरपंच, समिति सदस्य व जिला पार्षद पद के चुनाव को लेकर लगभग 100 फीसदी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस बार समिति सदस्यों की संख्या 25 से घटकर 14 रह गई है। पंचायत चुनाव में 52 हजार 311 मतदाता अपने मत का उपयोग कर सकेंगे। मतदाता सूची तैयार कर ली गई है तथा सोमवार से ग्रामीण मतदाता सूची बीडीपीओ कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। इस बार ब्लॉक समिति का चेयरमैन पद सामान्य महिला के लिए आरक्षित है। समिति सदस्य के बनने वाले 14 सदस्यों में से सामान्य महिला को चेयरमैन पद के लिए चुना जाना है। 14 सदस्यों में से 6 वार्ड सामान्य महिलाओं के लिए आरक्षित रखें है। जिनमें से ही चेयरमैन पद के लिए चुना जाएगा। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी परमेन्द्र सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत चुनाव को लेकर उनकी पूरी तैयारियां हो चुकी है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत चुनाव में महिलाओं को 30 फीसदी आरक्षण दिया गया है। इसी प्रकार पंच व 35 सरपंच पद में से 50 फीसदी पद महिला के लिए आरक्षित है।

### बाइक सवार बदमाशों ने युवक को सरेआम पीटा, केस दर्ज

**सोहना।** बाइक सवार चार बदमाशों ने कपड़ा व्यापारी के बेटा को सरेआम चौक पर मारपीट करके फरार हो गए। पुलिस सीसीटीवी कैमर में कैद वारदात के आधार पर बदमाशों की पहचान करने में जुट गई है। शहर की अनाज मंडी में रहने वाले राजकुमार गोयल ने पुलिस को बताया कि उसके पिता की कपड़ों की दुकान है। बुधवार की शाम करीब सवा आठ बजे वह अपनी स्कूटी से शहर के शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक से जा रहा था। अचानक से तेज रफ्तार में आई बाइक उसकी स्कूटी से टकरा गई। वह अपनी स्कूटी समेत सड़क पर गिर गया। बाइक सवार बदमाशों से जब उसने टक्कर मारने की शिकायत की तो दो युवकों ने उसे सरेआम थप्पड़ मुक्के मारने शुरू कर दिए। उसके बाद दो अन्य उनके साथ बाइक छोड़कर वापस लौटकर आए और सभी ने उसकी जमकर पिटाई की। जिससे उसकी पसलियों में तथा छाती पर गंभीर चोटें लगी। पीड़ित व्यापारी के बेटा को अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया। जहां डॉक्टरों ने दवाई देने के साथ गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि राजकुमार की शिकायत पर बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान की जा रही है।

### सातवें आयुर्वेद दिवस पर लगाया गया आयुर्वेद शिविर



सातवें आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित शिविर में जांच कराने पहुंचे क्षेत्रवासी।

**गुरुग्राम।** सातवें आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में हर दिन हर घर आयुर्वेद के संकल्प के साथ आयुष विभाग की ओर से जिला आयुष अधिकारी डॉ. मंजू बांगड़ के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में शिवाजी नगर के शिव मंदिर में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को चिकित्सा परामर्श एवं निःशुल्क दवा वितरण के साथ-साथ प्रकृति परीक्षण भी किया गया। प्रकृति परीक्षण का सबसे लाभदायक अंश यह है कि इससे हम अपनी प्रकृति के बारे में जानकर और उसके अनुसार अपना खान-पान और रहन-सहन करके सदैव स्वस्थ रह सकते हैं, बीमारियों से बच सकते हैं। शिविर में 105 लोगों का प्रकृति परीक्षण किया गया। 226 लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। शिविर में डॉक्टर शिव शंकर, डॉ. गीतांजलि, डॉ. निर्मल, डॉ. नीतू, डा. मोनिका एवं डिस्पेंसर विक्रम जितेंद्र के साथ अन्य स्टाफ मौजूद थे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दौलताबाद में आयुष विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में लोगों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। शिविर में 156 मरीजों का स्वास्थ्य जांच किया गया। होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नितिका शर्मा ने बताया कि शिविर में डॉक्टरों की अनुभवी टीम द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उनका बीमारी के इलाज के लिए मार्गदर्शन भी किया गया। शिविर में महिलाओं व बच्चों का अच्छे स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन करते हुए उन्हें महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। शिविर में घरेलू नुस्खों के माध्यम से बीमारी का उपचार करने संबंधी जानकारी दी गई। शिविर में होम्योपैथिक डिस्पेंसर गुरदास, हरगंगे, धनपति, राजेश वीरेंद्र व अन्य मौजूद रहे।

# बीकेः बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण हादसा होने की आशंका

कविता। फरीदाबाद

**बीके** सिविल अस्पताल में गेट से अपातकालीन कक्ष की दूरी तय कर पाना एम्बुलेंस चालकों के लिए परेशानी भरा हो गया है। अपातकालीन कक्ष से गेट की दूरी चंद कदमों की है, लेकिन यहां-वहां खड़ी गाड़ियों के कारण एम्बुलेंस को पांच से दस मिनट तक पहुंचने में लग जाते हैं। गत तीन अक्टूबर को सेक्टर-30 से रेफर होकर आई एक गर्भवती महिला को लेकर आई एम्बुलेंस को एक गाड़ी के कारण करीब पांच मिनट रुके रहना पड़ा, जिससे गर्भवती की हालत खराब हो गई। शिकायत करने पर दो दिन तो व्यवस्था ठीक रही, लेकिन सात अक्टूबर को फिर अपातकालीन कक्ष के निकट आकर एम्बुलेंस फंस गई।

### गलत खड़े वाहनों के कारण पांच मिनट फंसी रही एम्बुलेंस

**ऐसे फंसी एम्बुलेंसः** तीन अक्टूबर को सेक्टर-30 से रेफर हुई गर्भवती महिला को लेकर सरकारी एम्बुलेंस बीके में पहुंची तो अपातकालीन कक्ष के सामने रेंप के निकट एक पुलिस की गाड़ी खड़ी थी। वहीं दूसरी तरफ बाइकें खड़ी होने से एम्बुलेंस अपातकालीन कक्ष के सामने जाने को मुड़ न सकी। चालक जगत ने एम्बुलेंस रोक कर पुलिस कर्मियों से गुहार लगाई, तब करीब पांच मिनट बाद गाड़ी को हटाकर एम्बुलेंस को निकाला गया और मरीज को प्रथम तल पर ले जाया गया।


गाड़ी हटने का इंतजार करती गह्यह्यर्भवती महिला को लेकर खड़ी एम्बुलेंस।

एम्बुलेंस चालक ने बताया कि यहां रोज ऐसा होता है। इस बारे में अस्पताल कर्मचारियों ने बताया कि वह व्यवस्था में सुधार करेंगे, लेकिन एक बार फिर वहीं हाल शुक्रवार को देखने को मिला। मौके पर न तो कर्मचारी मौजूद थे, न ही सुपरवाइजरों को इनके बारें में पता होता है। जिससे एम्बुलेंस चालकों के संग ही मरीजों को भारी परेशानियां होती है। शुक्रवार को एक एम्बुलेंस चालक ने बताया कि एक व्यक्ति अपनी वैन को अपातकालीन कक्ष के सामने लगाकर गायब हो गया। अपातकालीन कक्ष के सामने ही एक अन्य गाड़ी खड़ी थी। जिससे एम्बुलेंस को कोई रास्ता अपातकालीन कक्ष तक पहुंचने का नहीं मिला। जिससे करीब पांच मिनट से अधिक का समय यहां जाम में लग गया।

अस्पताल में पार्किंग व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। यहां नो पार्किंग में भी वाहन खड़े रहते है। कई बार तो सड़क के बीचोंबीच वाहन खड़े रहते हैं। जिस कारण यहां अपातकालीन तो क्या ओपीडी पहुंचने में भी परेशानी होती है। यहां जगह-जगह खड़े वाहनों से स्थिति बदतर होती जा रही है। मरीजों का निकलना भी दूभर हो जाता है।

# नाबालिग से दुष्कर्म और अवैध डिलीवरी कराने पर सात को कैद और जुर्माना

### डॉक्टर और चार महिलाओं समेत सात दोषियों को अदालत ने सुनाई सजा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिला** एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जैशमीन शर्मा की अदालत ने 14 साल की किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 साल कैद और 48 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। वहीं इस मामले में किशोरी की अवैध तरीके से डिलीवरी करवाने के आरोप में अदालत ने एक डॉक्टर और चार महिलाओं समेत अन्य छह आरोपियों को भी कैद और जुर्माने की सजा सुनाई है। यह मामला करीब साढ़े चार साल से अदालत में विचाराधीन था।

अदालत में पेश मामले के मुताबिक थाना मुजेसर क्षेत्र में रहने वाली 14 वर्षीय एक किशोरी ने 18 फरवरी 2018 को यह मामला दर्ज करवाया था।


सेक्टर 12 स्थित अदालत की इमारत।

उसका आरोप था कि उसके घर के पास स्थित एक पीजी में कुक का काम करने वाले शंकर ने एक दिन उसे बहाने बुला लिया। उसे डरा धमका कर दुष्कर्म कर दिया। जिसके बाद वह आएदिन उसे पीजी में बुलाकर दुष्कर्म करने लगा। कुछ समय बाद वह परिजनों के साथ अपने गांव चली गई। जहां तबीयत खराब होने पर परिजन डॉक्टर के पास ले गए। डॉक्टर ने जांच के बाद बताया कि वह गर्भवती है। गांव से लौट कर परिजन लोकलाज के डर से चुप रहे। इस बीच उसकी मां की सहेली लक्ष्मी होने वाले बच्चे को अपनी बेटी जयंती को गोद देने के लिए उसे पलवल ले गई। जहां प्रसूति पीड़ा होने पर उसे 17 फरवरी 2018 को फरीदाबाद के एक अस्पताल में लाया गया। जहां उसने एक बच्ची को जन्म दिया।

नवजात बच्ची के न रोने पर उसे एक अन्य अस्पताल में ले गए। जहां से बच्ची को बीके अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। बीके अस्पताल में डॉक्टरों ने बच्ची की मां को बुलाने के लिए कहा तो पूरे रहस्य से पर्दा हट गया। बीके अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने लड़की के बयान पर केस दर्ज कर लिया है।

जिसके बाद पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म आरोपी शंकर के अलावा अवैध रूप से डिलीवरी करवाने के आरोप में लक्ष्मी, जयंती, राजरानी, अस्पताल के डॉक्टर प्रभांशु, कर्मचारी रमला सरकार और प्रमोद को गिरफ्तार कर लिया। मामला तभी से अदालत में विचाराधीन था। शुक्रवार को मामले की सुनवाई के दौरान अदालत सभी आरोपियों को दोषी करार दे दिया। अदालत ने शंकर को 20 साल कैद और 48 हजार रुपये जुर्माना, लक्ष्मी, जयंती व राजरानी को दो-दो साल कैद और छह छह हजार रुपये जुर्माना, इसके अलावा डिलिवरी कराने वाले डॉ. प्रभांशु, अस्पताल कर्मी प्रमोद और रमला सरकार को पांच पांच साल की कैद और 11-11 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

# बड़खल विधानसभा क्षेत्र में चरमराई सीवर व्यवस्था : अरोड़ा


नगर निगम मुख्यालय में चीफ इंजीनियर विरेंद्र कर्दम को शहर सीवर जाम व अन्य समस्याओं से अवगत कराते समाज सेवी भारत अरोड़ा व अन्य।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**शहर** में सीवरेज एवं जलभराव की समस्याओं को लेकर कांग्रेसी नेता एवं पूर्व महापौर अशोक अरोड़ा के सुपुत्र भारत अरोड़ा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल चीफ इंजीनियर विरेंद्र कर्दम से मिला। उनको शहर की मौजूदा परिस्थितियों से अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि बड़खल विधानसभा क्षेत्र में सीवरेज व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। अब तो हालात यह हो चुके हैं कि लोगों के घरों तक में सीवरेज का पानी घुस गया है। साथ ही साथ कुछ लोगों को जिनके घर में पानी घुस गया है। अपना मकान खाली कर किराए के मकान में रहना पड़ रहा है। एनआईटी क्षेत्र में तो लोग अपने बच्चों को स्कूल तक नहीं भेज पा रहे हैं। अरोड़ा ने अपनी बात थोड़े गर्म तथा थोड़ नर्म तरीके से रखते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी शहर में विकास के दावे कर रही है। चहुंमुखी विकास की बात की जा रही है। निश्चित तौर पर मौजूदा सरकार का विकास हर गली हर मोड़ पर अपनी दास्तां बयां कर रहा है।

उन्होंने बताया कि बड़खल विधानसभा के एनआईटी एरिया में सीवर के टूटे ढक्कनों को लेकर वह पहले भी निगमायुक्त से मिले थे। इस मौके पर गुलशन कुमार, विनोद भाटिया, सरोज, सुपर्णा, जगजीत, दीपक, वीना, मीनू दुआ, संयोगिता, राजीव सहगल, राकेश, दीपा, सुमन, शीला सेठी, शर्मिला, मीनू व प्रवीण खत्री मौजूद रहे।

# जिला पुलिस में 141 एसपीओ की भर्ती की जाएगी

**फरीदाबाद।** जिले में कानून एवं यातायात व्यवस्था चाक चौबंद करने के लिए 141 एसपीओ (स्पेशल पुलिस ऑफिसर) की पुलिस विभाग में भर्ती की जाएगी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस उपायुक्त मुख्यालय नीतीश अग्रवाल, चेयरमैन भर्ती कमेटी की अध्यक्षता में भर्ती की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति 12 अक्टूबर 2022 तक व्यक्तिगत रुप से पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर 21सी फरीदाबाद में, सेना शाखा से संपर्क कर सकते हैं। चयनित उम्मीदवारों को 18 हजार रुपये प्रति माह मानदेय दिया जाएगा।

हरियाणा के किसी भी जिले का निवासी सेवानिवृत कर्मचारी आवेदन कर सकता है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इच्छुक आवेदक को अपने साथ चार पासपोर्ट साइज फोटो, शिक्षा, सेवानिवृति के मूल प्रमाण पत्र और सेवानिवृति के समय प्रदान किया गया मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट इत्यादि लाना होगा। आवेदक की उम्र 25 वर्ष से कम और 50 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। सेना में सेवा देने का पांच वर्ष का अनुभव जरूरी है। अनुशासनहीन अथवा मेडिकल आधार पर हटाए गए व्यक्ति को भर्ती नहीं किया जाएगा। भर्ती एक साल के लिए की जा रही है। मानदेय राशि उन्हें नकद अथवा उनके बैंक खाते में जमा करवाई जा सकती है। एसपीओ को उनके गृह थाना क्षेत्र में तैनात नहीं किया जाएगा। तैनाती नजदीकी थानों में की जा सकती है। इच्छुक व्यक्ति को अन्य जिलों में भी तैनात किया जा सकता है। भर्ती के समय दो जोड़ी वर्दी, एक जोड़ी जूते और वर्दी से संबंधित अन्य वस्तुओं के लिए तीन हजार रुपये सिर्फ एक बार दिए जाएंगे। सरकारी दौरे के दौरान 150 रुपये यात्रा भत्ता तथा दैनिक भत्ता टीएडीए दिया जाएगा। उन्हें हरियाणा पुलिस के नियमों के मुताबिक आकसमिक अवकाश भी दिया जाएगा। ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर दस लाख रुपये, स्थाई विकलांगता पर एक से तीन लाख रुपये और गंभीर चोट लगने पर एक से तीन लाख रुपये अनुग्रह राशि दी जाएगी। सेवानिवृत कर्मचारी की भर्ती के समय लिखित परीक्षा और शारीरिक मापतोल नहीं होगा। राज्य सरकार द्वारा जारी हिदायतों के मुताबिक अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। भर्ती किए गए एसपीओ आपातकालीन स्थिति में थोड़े समय के लिए राज्य के अन्य जिलों में भी तैनात किया जा सकता है।

# 1.260 किलोग्राम गांजे सहित गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने अवैध नशा तस्करी के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अरुण है। जो यूपी के गोरखपुर का रहने वाला है। फिलहाल फरीदाबाद के मेवला महाराजपुर में रह रहा था। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को अवैध गांजे सहित सूरजकुंड एरिया से काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से 1.260 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपी से जब इसके बारे में पूछताछ की गई तो वह कोई भी जवाब नहीं दे पाया जिसके पश्चात आरोपी को थाने लाकर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके पूछताछ शुरू की गई। जिसमें पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि यह गांजा वह मेवला महाराजपुर के रहने वाले मनोज नाम के व्यक्ति से लेकर आया है। जिसके बारे में पुलिस जांच कर रही है। आरोपी ने बताया कि वह पैसों के लालच में आ गया था।

# घरेलू बाजार के लिए एक्वा सीरीज पंप लॉन्च किया

पायनियर सामचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत** में अग्रणी पंप और वाल्व निर्माताओं में से एक केएसबी लिमिटेड ने ग्रैंड हयात, दिल्ली, नॉर्थ ज़ोन डीलर सम्मेलन का आयोजन किया। यह आयोजन वर्ष 2021 के लिए कंपनी के प्रदर्शन का जश्न मनाने और भविष्य के विकास के लिए योजनाबद्ध रणनीतिक पहलू पर चर्चा करने के लिए आयोजित किया गया था। केएसबी लिमिटेड की प्रबंधन टीम के साथ दिल्ली, वेस्टर्न यूपी, हरयाणा और उत्तराखंड राज्य के कृषि और घरेलू श्रेणी के प्रमुख डीलरों ने सम्मेलन में भाग लिया। कठिन कोविड स्थिति के बावजूद वर्ष 2021 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए डीलरों को अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया।

डीलर सम्मेलन की शुरुआत में, कंपनी ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए अपने उत्पाद की रेंज को और मजबूत करने के लिए एक नई श्रृंखला एक्वा सीरीज भी लॉन्च की। इन एक्वा सीरीज पंपों का उद्देश्य घरेलू ग्राहकों की लगातार बढ़ती पानी की मांग को पूरा करना है। नई एक्वा श्रृंखला के तहत, इस कार्यक्रम में स्मार्टी, सनी,




स्पोर्टी, सिम्बा, सिम्बा प्लस, सूमो, हल्क और हल्क प्लस पंपों को लांच किया गया।

यह नई एक्वा सीरीज 0.5 एचपी-1.5 एचपी की रेंज में उपलब्ध है, जिसकी प्रवाह दर 4,400 एलपीएच तक है और उच्च परिचालन दक्षता के साथ 66 मीटर तक की रेंज है। घरेलू और सामुदायिक जल आपूर्ति, ऊंची इमारतों के लिए पानी की आपूर्ति, बागवानी और छोटे खेत की सिंचाई , निर्माण स्थल, पानी की टंकियों को भूजल आपूर्ति आदि जैसे अनुप्रयोगों की विभिन्न परिचालन स्थितियों के अनुरूप एक्वा श्रृंखला को 3 सामग्री विकल्पों एल्यूमिनियम एक्सट्रूज़न, एलुमिनियम डाई कास्ट और कास्ट आयरन के साथ उपलब्ध कराया जा रहा है।

इस अवसर पर बोलते हुए केएसबी लिमिटेड के सेल्स एंड मार्केटिंग डायरेक्टर फारूख भथेना ने कहा, केएसबी का ध्यान हमेशा उत्पाद नवाचार और ऐसे उत्पादों को लाने पर रहा है जो कम से कम लागत पर अधिक व्यापक मांग को पूरा करते हैं। हमारे ग्राहकों के साथ हमारा घनिष्ठ संबंध और उनके सुझाव हमें यह सुनिश्चित करने में मदद करते हैं कि हमारे उत्पाद लो मेंटेनेंस कॉस्ट, कम से कम ऊर्जा की खपत, अधिक विश्वसनीयता, यूजर फ्रेंडली और लांग सर्विस लाइफ के साथ लोगों को मिल सकें।

# सीएम फ्लाइंग ने छापा मारकर भरवाए खाद्य सैम्पल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सीएम** फ्लाइंग फरीदाबाद को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि इन्द्रा कॉलोनी में मिलावटी ढोकला तैयार किया जा रहा है। सब्जी मंडी बल्लभगढ़ में मिलावटी पनीर बेचा जाता है। जिस सबंध में शुक्रवार को संबधित विभाग को साथ लेकर मौका निरीक्षण कराया गया।

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता फरीदाबाद, खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. सचिन शर्मा और खाद्य एंव आपूर्ति विभाग निरीक्षक सत्यनारायण की सयुंक्त टीम द्वारा वीर ढोकला सप्लायर नाम से चलाई जा रही दुकान इन्द्रा नगर सेक्टर-5 का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें पाया गया कि उदयबीर यादव वीर ढोकला के नाम से ढोकला बनाकर सप्लाई करने का कार्य करता है। मौका पर ढोकला बनाया जा रहा था व वहीं बनाई खाद्य सामग्री रखी हुई मिली। जिनमें 24 कट्टे जिनका कुल वजन 840 किलोग्राम पान ब्राण्ड/राजधानी बेसन, 29 किलों पान ब्राण्ड खुला बेसन, 29 किलो


इन्द्रा कालोनी मे छापे के दौरान पकड़ा गया मिलावटी ढोकला रैकमें सजा हुआ।


सील किए गए सैंपल।

राजधानी बेसन, 10 किलों खुला मेदा/आरारोट, तथा करीब 30 किलोग्राम तैयार शुदा ढोकला पाया गया। जिसमें से खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा एक सैम्पल तैयार ढोकला व एक-एक सैम्पल सुखा बेसन का व मेदा/आरारोट मिक्स का लिया गया। सभी सैम्पलों को परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा जायेगा। इसके अतिरिक्त वहां पर दो घरेलू गैस सिलेण्डर भरे हुये, एक घरेलू गैस सिलेण्डर आधा भरा हुआ, एक सिलेण्डर खाली एचपी कम्पनी के रखे हुये मिले। जिनका व्यवसायिक प्रयोग किया जा रहा था। इस गोदाम पर हाजिर मिले व्यक्ति ने अपना नाम उदयवीर यादव निवासी म.नं. 488 सेक्टर-10 बताया। मौका पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा लाइसेंस पेश करने बारे कहा जिस पर उदयबीर पेश नही कर सका। जिस सबंध में नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

वहीं एक अन्य सूचना के आधार पर संयुक्त टीम द्वारा दुकान नम्बर 24 नंदनी डेयरी सब्जी मण्डी बल्लभगढ़ का औचक निरीक्षण किया गया। औचक निरीक्षण पर पाया गया कि वीरेन्द्र चौधरी ने नंदनी डेयरी के नाम से पनीर सप्लाई करने की थोक की दुकान खोल रखी है। दुकान में करीब 100 किलोग्राम पनीर रखा हुआ मिला।

दुकान पर हाजिर मिले व्यक्ति ने अपना नाम वीरेन्द्र चौधरी निवासी मुकेश कॉलोनी बल्लभगढ़ बताया। वीरेन्द्र चौधरी ने बताया की हमारी दुकान में यह पनीर बाजना जिला मथुरा उत्तरप्रदेश से मंगवाया जाता हैं। मौका पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा लाइसेंस पेश करने बारे कहा जिस पर वीरेन्द्र चौधरी पेश नही कर पाया। एक सैम्पल पनीर का लिया गया है।

# सीपीडब्ल्यूडी के ठेकेदार ने गोली मारकर की आत्महत्या

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर** 46 में रहने वाले एक व्यक्ति ने बीती रात अपने कमरे में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पता चलते ही परिजनों ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक सीपीडब्ल्यूडी में ठेकेदारी का काम करता था। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक 34 वर्षीय ललित बंसल ने सेक्टर 46 स्थित अपने मकान में पिस्टल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना बीती रात करीब 8.30 बजे की है। परिजनों के अनुसार उन्हें किसी पर शक नहीं है। जिसे देखते हुए पुलिस द्वारा 174 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई की जा रही है। वहीं पुलिस ने अवैध हथियार का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद पुलिस के उच्च अधिकारी व

### आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका

एफएसएल टीम मौके पर मौजूद रही। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मौके से अवैध पिस्टल और खाली मैगजीन तथा खोल बरामद कर लिया है। वहीं पुलिस ने मृतक का मोबाइल फोन को भी कब्जे में लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल पहुंचाया गया था।

जहां पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार को शव पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि अवैध पिस्टल किसकी है और मृतक ललित इसे कहां से लाया, इसके बारे में भी जांच की जा रही है। ललित बड़े भाई विकास के साथ सीपीडब्ल्यूडी मे ठेकेदारी का काम करता था। ललित का पत्नी के साथ तलाक का केस भी चल रहा था। मृतक, माता पिता और बड़े भाई के साथ सेक्टर- 46 में रहता था।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्राह्मण सभा ने देखी हिन्दुत्व मूवी




**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने पहले दिन लांच हुई हिन्दुत्व मूवी को टीम सहित देखा। पंडित सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा मूवी सनातन संस्कृति से ओतप्रोत है। इसमें स्नेह प्यार राष्ट्र भक्ति गो भक्ति भगवत भक्ति आपसी भाईचारे शान्ति सौहार्द का सन्देश दिया गया है। एक कौम या एक बिरादरी अपने दम पर तरक्की नहीं कर सकती। भारत सर्वधर्म सम्भाव का देश है। सभी मिलजुल कर रहना चाहिए। परिवर्तन का भी जिक्र है जहां प्यार है वहां तकरार हैं। जहां तकरार हैं। वहां प्यार है। फरीदाबाद के लिए गौरव की बात है। इस मूवी में मुख्य अभिनेत्री सपना की भूमिका में पंडित सुरेन्द्र शर्मा बबली की पुत्रवधू है। पचास लोगों ने इस मूवी को देखा। इससे पहले भी अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने दा कश्मीर फाइल मूवी भी सभी को दिखाई। इस अवसर पर पंडित हरीश पाराशर एडवोकेट, कृष्ण पाराशर एडवोकेट, कर्ण पाराशर इंजीनियर, राजू दादा, कैलाश दादा, देवराज, दीपक पाराशर, हर्ष कौशिक, योगेश, साहिल, कुणाल, प्रकाश रामजीलाल, रंजन, रोहित लक्ष्य सहित अन्य उपस्थित रहे।

### पीएमएफएमई स्कीम किसान कार्यशाला का आयोजन

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम यादव के कुशल मार्गदर्शन में महिला व पुरुष किसानों के लिए खाद्य प्रसंस्करण योजना के तहत कार्यशाला जिला सूक्ष्म, लघु, मध्यम केंद्र द्वारा गांव मच्छगर में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में किसानों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने अपने विभागों से सम्बंधित विस्तार पूर्वक स्कीमों की जानकारी दी गई। आपकों बता दें आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत सूक्ष्म ,लघु, मध्यम विभाग, जिला बागवानी विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों ने कार्यशाला में किसानों की आय को दोगुना करने और सरकार द्वारा जारी विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। जिला रिसोर्स पर्सन राजन धीमान ने खाद्य प्रसंस्करण प्रक्रिया के तहत अलग-अलग सूक्ष्म, लघु उद्योग इकाइयां लगाकर किसानों की आय में गुणात्मक वृद्धि के विषय में विस्तृत जानकारी दी। वहीं औद्योगिक विस्तार अधिकारी मनजीत डबास ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

### 10 दिन में 1200 बुलेट व बाइक की जांच हुई, 86 जब्त कीं

**फरीदाबाद।** डीसीपी ट्रैफिक नीतीश अग्रवाल द्वारा ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने का अभियान चलाया गया है। जिसके तहत साइलेंसर मॉडिफाई करवाके पटाखे छोड़ने वाली बुलेट मोटरसाइकिल के 27 सितंबर 2022 से अब तक 86 इंपाउंड किए गए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि डीसीपी ट्रैफिक के दिशा निर्देश तथा एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार के मार्गदर्शन में ट्रैफिक पुलिस द्वारा बुलेट मोटरसाइकिल से पटाखे छोड़ने वालों के खिलाफ 27 सितंबर से अभियान चलाया जा रहा है। अब तक करीब 1500 से अधिक बुलेट मोटरसाइकिल को चैक किया गया। चैकिंग के दौरान 86 बुलट मोटरसाइकिल इंपाउंड किए गए हैं वहीं 90 बुलेट के चालान काटकर कानूनी कार्रवाई की गई है। ट्रैफिक पुलिस ने वर्ष 2021 में पटाखे छोड़ने वाली 132 बुलेट मोटरसाइकिल को इंपाउंड किया था।


### एथलेटिक प्रतियोगिता में खिलाड़ी जीत रहे पदक

**फरीदाबाद।** एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि राज्य जूनियर एथलेटिक प्रतियोगिता का तीन दिवसीय आयोजन 7 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक राजीव गांधी स्टेडियम रोहतक ने किया जा रहा है। जूनियर एथलेटिक प्रतियोगिता में 12 से 14, 14 से 16, 16 से 18, और 18 से 20 साल तक आयु वर्ग के लड़के और लड़कियां भाग ले रहीं हैं। इस प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाडी एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया (एएफआई) के मानक उचित मापदंडों के अनुसार नवम्बर में होने वाली नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में गोवाहटी (आसाम) में भाग लेंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ एथलेटिक्स हरियाणा महासचिव राजकुमार मिटान के द्वारा किया गया। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान के द्वारा दी गई। राजकुमार मिटान ने शुभकामनाएं प्रदान कीं।

### सेवानिवृत कर्मियों ने किया निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** नगर निगम के सैकड़ों सेवानिवृत कर्मचारी नगर निगम प्रशासन विशेषकर निगम के वित नियंत्रक और लेखा अधिकारी के द्वारा इन उम्रदराज वयोवृद्ध हो चुके सेवानिवृत अधिकारियों व कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति अपनाए जा रहे उदासीन रवैये से अत्यधिक दु:खी है। इन कर्मचारियों ने इन अधिकारियों के रवैये के विरोध में आज निगम मुख्यालय में स्थित म्युनिसिपल कारपोरेशन ईम्पलाईज फैडरेशन के कार्यालय के सम्मुख एक सभा का आयोजन किया। निगम प्रशासन के विरोध में जोरदार प्रदर्शन करते हुए निग्मायुक्त जितेन्द्र दहिया से उनकी निहायत जायज समस्याओं का निदान करने की मांग की है। नगर निगम सेवानिवृत कर्मचारी संघ के अध्यक्ष एसबी अग्रवाल ने प्रदर्शन का नेतृत्व किया। रिटायर्ड कर्मचारी संघ के प्रादेशिक नेता यू.एम.खान और वरिष्ठ कर्मचारी नेता रतन लाल रोहिल्ला ने प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए निगम की लेखा शाखा के अधिकारियों व नीलम बाटा रोड़ स्थित केनरा बैंक के प्रबंधन पर नगर निगम के सेवानिवृत कर्मचारियों व फैमली पैंशनरों को जानबूझकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि निगम के हजारो रिटायर्ड कर्मचारियों की सातवें वेतन आयोग के अनुसार जनवरी 2016 से पैंशन की रिफिक्शेसन नहीं की गई है जिनके परिणामस्वरूप इन वरिष्ठ नागरिकों को पैंशन का पूरा लाभ नहीं मिल रहा है। इसी प्रकार हजारों रिटायर्ड कर्मचारियों के एल.टी.सी. के बिल कूड़े के ढेर में डाले हुए हैं। यही हाल चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों का है। इन नेताओं ने कैनरा बैंक की नीलम बाटा रोड़ स्थित शाखा के प्रबंधन पर भी कर्मचारियों को अनावश्यक परेशान करने का आरोप लगाया और कहा कि खाताधारक सेवानिवृत कर्मचारियों को पास बुक जारी नहीं की जा रही है।

### नये सत्र में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का किया आयोजन



**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रांगण में शुक्रवार को फार्मेसी संकाय के नये सत्र का ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। इसमें संस्थान के चेयरमैन डॉ. पुनीत गोयल, चेयर पर्सन डॉ. पूनम गोयल, एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. सुनील दलाल, प्रिंसिपल, डॉ. लक्ष्मी शर्मा, प्रिंसिपल डॉ. अर्पणा राणा, प्रिंसिपल डॉ. आर आर पांडे, रजिस्ट्रार दिव्या वर्मा उपस्थित थे। चेयरमैन डॉ. पुनीत गोयल और चेयर पर्सन डॉ. पूनम गोयल ने कहा कि बच्चों को उनकी शिक्षा के दौरान सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएंगी। प्रिंसिपल डॉ. लक्ष्मी शर्मा ने दोस्ती के महत्व को समझाते हुए बताया कि स्वयं से दोस्ती ही अति उत्तम है। प्रिंसिपल डॉ. आर आर पांडे ने भी विद्यार्थी जीवन का महत्व बताया एवं एडवांस्ड इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी में एडमिशन लेने पर बधाई दी। रजिस्ट्रार दिव्या वर्मा ने सभी नए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संस्थान के सीनियर छात्रों के द्वारा नये छात्रों का स्वागत किया गया और उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। जिसमें हरियाणवी डांस, म्यूजिक प्ले, ग्रुप डांस इत्यादि थे। संस्थान के स्टूडेंट ऑफ द ईयर का अवार्ड छठे सेमेस्टर के छात्र गगन गौर को दिया गया, छठे सेमेस्टर की छात्रा साक्षी ने संस्थान के बारे में बताया व वोट ऑफ थैंक्स रुचिका कालरा तथा मंच का संचालन नीलम चौधरी ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया।

# फिल्म आदिपुरुष
## भावनायें आहत

**ऐसा लगता है** कि कट्टर व परंपरागत सोच रखने वाले लोगों में 'पवित्रता' की भावना लगभग रोज एक नई ऊंचाई पर पहुंचती है। इन विचारों से प्रभावित लोग सुर्खियों में बने रहने के लिए रोज नई 'नाटकीयता' प्रदर्शित करते हैं। इनमें से सबसे आसान हिंदी फिल्म उद्योग, उसके अभिनेताओं व निदेशकों, आदि पर एक या दूसरे बहाने हमला करना है। यदि ऐसा कोई बहाना न हो तो वे बहाना बना लेते हैं। इनमें नवीनतम प्रकरण रामायण पर आधारित आगामी काल्पनिक फिल्म 'आदिपुरुष' का है। ओम राउत द्वारा निर्देशित तथा हिंदी व तेलगू में एकसाथ फिल्माई गई फिल्म के नायकों में प्रभास ने राघव, कृति सैनन ने जानकी तथा सैफ अली खान ने लंकेश की भूमिका निभाई है। वास्तव में 'संवेदनशीलता' का यह स्तर है कि फिल्म के टीज़र से ही 'कट्टरपंथी' हिंदुत्ववादी नाराज हो गए हैं। इनमें उत्तर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक तथा मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्र शामिल हैं। नरोत्तम मिश्र ने चेतावनी दी है कि यदि फिल्म से आपत्तिजनक अंश न हटाए गए तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अयोध्या में राम मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येन्द्र दास ने मांग की है कि फिल्म पर फौरन प्रतिबंध लगाया जाए। सत्येन्द्र दास ने एक अखबार को बताया कि भगवान राम, हनुमान तथा रावण का चित्रण महाकाव्यों में दिए गए वर्णनों के अनुरूप नहीं है और इससे उनकी गरिमा को ठेस पहुंचती है। बृजेश पाठक इसलिए फिल्म के खिलाफ हैं क्योंकि संत इसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'संत जो कुछ कहते हैं, उस पर ध्यान देने की जरूरत है।' उत्तर प्रदेश के दूसरे उप-मुख्यमंत्री



केशव प्रसाद मौर्य ने भी फिल्म का विरोध किया है। ऐसा लगता है कि इस 'राजनीतिक खेल' में कोई पीछे नहीं रहना चाहता है और कोई स्वयं को कम आहत नहीं दिखाना चाहता है क्योंकि आहत भावनाओं के आधार पर वह योग्य 'हिंदुत्ववादी' विजेता बन जाता है। सवाल है कि हिंदू भावनायें क्यों आहत हुई हैं? भारतीय जनता पार्टी की प्रवक्ता मालविका अविनाश ने कहा, 'फोटोग्राफ में दिखाए गए उड़ते हुए रावण में कुछ भी भारतीय नहीं लगता है। उसकी आंखों का नीला मेकअप है और वह चमड़े के जैकेट पहने है। वे इस प्रकार हमारे इतिहास का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वे रचनात्मक स्वतंत्रता के नाम पर ऐसा कुछ नहीं कर सकते हैं।' मध्य प्रदेश के मंत्री नरोत्तम मिश्र इसलिए आहत हैं कि फिल्म में 'हनुमानजी को चमड़ा पहने दिखाया गया है, जबकि धर्मग्रंथों में उनके वस्त्र अलग बताए गए हैं। इससे हमारी धार्मिक भावनायें आहत होती हैं।' विडंबना है कि आज हमारे देश में कला माध्यमों से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर जोर देने के बावजूद ऐसे तर्क दिए जा रहे हैं। वास्तव में कला यथार्थ का कोई फोटोस्टेट प्रतिनिधित्व नहीं है। इसका अर्थ है कि किसी कलाकार या फिल्म निर्माता का एकदम सही होना जरूरी नहीं है। देवताओं का प्रस्तुतीकरण हमेशा एक रचनात्मक खोज का विषय रहा है, अत: शायद परंपरागत प्रस्तुतीकरण का समकालीन प्रस्तुतीकरण पर वर्चस्व संभव नहीं है। इसके साथ ही यदि हर फिल्मकार हर राजनेता व उपदेशक के विचारों को सुन कर उन पर अमल करने के लिए बाध्य हो तो उसके लिए किसी फिल्म का निर्देशन असंभव हो जाएगा। लेकिन दुर्भाग्य से पिछले काफी समय से यही हो रहा है। आज कुछ हिंदी फिल्मनिर्माता इतना दबाव अनुभव करते हैं कि वे दिलचस्प विषय लेने के अनिच्छुक हो गए हैं। इसका असर फिल्मी कहानियों पर पड़ता है और वे बासीपन के कारण विफल हो जाती हैं।

# श्रमशक्ति का महत्व समझें महिलायें

अक्सर डेस्कटाप पर काम करने वाली अनेक महिलाओं को आनन्द के कारण काफी निरर्थक काम करते देखा जा सकता है।



**मनोज नाथ**
(लेखक, पूर्व आईपीएस अधिकारी हैं।)

ट्रेडमिल पर व्यायाम या अनिवार्य रूप से टहलने के बाद मैं कोई निरर्थक खर्च नहीं करता हूं। मेरी पत्नी भी कोई 'मशीनी दुल्हन' नहीं है। मनुष्य के रूप में वह एक परिपूर्ण व्यक्तित्व है और असाधारण रूप से मानवीय भावनायें व्यक्त करती है। लेकिन वह अपने नियमित कामकाज के साथ चारों ओर की घटनाओं पर भी नजर रखती है। ग्रहों की तरह वह भी लगातार गतिशील रहती है। उसका कमरा उसके गर्व का विषय है तथा उसका बाथरूम एक कला केन्द्र की तरह है। लेकिन मैं सोचता हूं कि व्यायाम करने के बाद में अन्य गतिविधियों में अपनी शक्ति क्यों नष्ट करूं। मेरे डेस्कटाप या बिस्तर के सामने पत्नी को काम करते देख कर मुझे आश्चर्य होता है कि वह आनन्दपूर्वक अनेक निरर्थक काम कैसे करती हैं। शायद कुछ महिलायें मेरे अनुमान से श्रमशक्ति का ज्यादा महत्व नहीं समझती हैं।

मैंने विवाह के बाद ही अपनी पत्नी से बता दिया था कि एक समस्या हल करने के अनेक चरण होते हैं और इसमें बहुत से लोग लगते हैं। मेरा काम समस्या की प्रकृति बताना है ताकि वे उसका समाधान कर सकें। यह एक प्रकार से श्रम-विभाजन है। मेरी पत्नी ने मुझे यह दृष्टिकोण दिया है जिसे उन्होंने मेरे साथ रहते हुए जल्दी ही सीख लिया। अनुवाद के काम में काफी समय लगता है, पर मैं उसे बहुत जल्दी कर लेता हूं। जबसे वे अपने काम करने लगी हैं तब से मैंने अपनी वर्टिगो की समस्या से निपटना भी सीख लिया है। लेकिन वर्तमान समय में जब घरेलू कामकाज करने वालों पर ज्यादा विश्वास नहीं किया जा सकता है, उनकी उम्मीद है कि मैं भी उनके पागलपन जैसे घरेलू कामकाज में उनकी सहायता करूं।

मैंने इससे निपटने के कुछ तरीके खोजे हैं। 'क्या यह जरूरी है, आखिर हम एक-दो दिन में जाने वाले हैं?' 'क्या यह कानूनी है?' मैंने गीज़र के पीछे से लीक का स्रोत तलाशने के काम से बचने का तरीका तलाशा। मैंने कहा कि इसके लिए नगरनिगम को बताना होगा और बिजली



कंपनी को सूचना देनी होगी। पत्नी गुस्से से कह सकती थी, 'क्या सरकार अब हमारे बाथरूम में आ गई है? अगले कदम में क्या यह हमारे बेडरूम में पहुंच जाएगी?' लेकिन उसने कुछ नहीं कहा, शायद वह मेरी परीक्षा ले रही थी। वह जानती थी कि मेरे हस्तक्षेप से बाथरूम में बाढ़ आ सकती है और फिर इसके लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिकरण को बुलाना होगा। उसी सप्ताह मुझे छज्जे पर जाने और यह देखने के लिए कहा गया कि माली अनेक पौधों और गमलों को कहां रखे। मैंने कहा कि मेरी टोपी खो गई है और ज्यादा देर तक धूप में खड़े रहने पर मुझे चक्कर आ जाएगा। मेरा रेबैन एवियेटर चश्मा भी खो गया था। शायद यह भी परीक्षण था और पत्नी ने इस पर कुछ नहीं कहा।

अब मैं समझ गया हूं कि वह झूठ बोल रही थी और उसने मुझे अच्छी तरह एस-बैंड में कैद कर लिया है। मेरी किताबें और बेतरतीब किताबों के बीच खोया हुआ मैं उसके लिए सबसे बड़ी परेशानी है। एक समय था जब हम अपनी किताबों को एक बड़े हाल में रखते थे, उनका अच्छी तरह प्रदर्शन करते थे और उन तक पहुंच आसान थी। आधी रात में भी मैं यदि कोई संदर्भ देखना चाहता या कुछ पेज उलटना चाहता तो उसमें कोई समस्या नहीं थी। लेकिन वे दिन बीत गए। ज्यादा खराब दिनों और अस्तित्व के लिए संघर्ष में मेरी किताबें अनेक आल्मारियों व रैकों से गायब हो गईं क्योंकि मेरी पत्नी के अनुसार उनमें बहुत जरूरत वाली चीजें रख दी गईं। मेरी बाकी किताबें पहली मंजिल के एक कमरे में डाल दी गईं।

मैंने पत्नी से कहा कि मेरा और किताबों का विकास साथ-साथ हुआ है। यह मेरे परिवेश की तरह है और तुम मेरा परिवेश नहीं समाप्त कर सकती हो। मैंने कहा, 'क्या तुम्हें पति नामक विरली प्रजाति के एक सदस्य की कोई चिन्ता नहीं है।' पत्नी ने कहा, 'तुम अपनी हजार किताबों के साथ जीवित रह सकते हो और बाकी सब मूर्खता है।' मैंने कहा कि ये हजार नहीं, केवल 600 हैं। उसने इनमें से प्रत्येक की गिनती करने को कहा, इसलिए मैं नीचे गया और वादा किया कि यदि मैं कुछ किताबें ऊपर से लाऊंगा तो इतनी ही वहां वापस ले जाऊंगा।

अब मेरी पत्नी को शक है कि पहली मंजिल के कुछ अवैध आप्रवासी बंडलों में छिप गए हैं। हालांकि, मेरे बच्चों ने कुछ सौ किताबें पिछले कुछ साल में मुझे भेजी हैं, पर वे सब कानूनी हैं। मैंने पत्नी को बताया, 'मेरे पास अमेजन के पेपर्स हैं, उनमें से कुछ आयातित हैं। क्या पतियों के मानवाधिकार नहीं होते हैं?' उसने जवाब दिया, 'जब तक वे बेडरूम को सुअरबाड़ा न बना दें।' शायद बंडल व किताबें उसके शानदार स्थल में विदेशियों की तरह घुसपैठ कर रही थीं। उन्होंने कहा, 'क्या तुम हमेशा यह नहीं कहते हो कि मैं संतुष्ट सुअर के बजाय असंतुष्ट सुकरात बनना चाहूंगा। इसलिए मलिन बस्ती के सुकरात, सुअर मत बनो।' मेरी पत्नी ने मुझे चेतावनी दी है कि या तो मैं जरूरी काम करूं या वे सारी चीजें अपने हाथ में ले लेंगी। ऐसे मामलों में वे अतिवादी हैं।

या तो मैं इन किताबों को आल्मारियों में सबसे ऊपर रख कर उन्हें नष्ट होने के लिए छोड़ दूं या उनको पूरी तरह बाहर भेजने के लिए तैयार रहूं। मैं एक मनुष्य हूं और विकास जैसी प्राकृतिक एजेंसी के लिए क्रूरता भरा व्यवहार नहीं कर सकता हूं। मैं अब तक इस काम से यह कह कर बचता रहा हूं कि एल्यूमीनियम की सीढ़ी थोड़ी अस्थिर होती है और उनकी असुरक्षा की भावना का लाभ उठाता हूं। वे नहीं चाहतीं कि 65 साल से अधिक आयु वाले उनके पति को चोट लग जाए। अब तक यह फार्मूला कारगर रहा है, लेकिन आखिर कब तक ऐसा होगा? एल्यूमीनियम की सीढ़ियों में बदलाव हो सकता है। पटना से हमारी विदाई ने थोड़ी राहत दी है, लेकिन आखिर हम कब तक निर्वासित रह सकते हैं?

मैंने कुछ समय पहले अपनी पत्नी से एक जोड़ा वाकिंग शू तथा ट्रैक पैंट खरीदने को कहा था। अब तक साइज़ के मामले पर मैं उसके साथ जाने के दबाव में रहता था, पर पिछले सालों में मैंने इस मांग से बचने के समग्र तरीके खोज लिए हैं। लेकिन इस बार उसने मेरी एक बात नहीं सुनी। मुझे डेकेथेलान से एक जोड़ा जूते और ट्रैक पैंट मिले, लेकिन इसमें बिना इच्छा के एक ट्रैकिंग बैकपैक, एक जोड़ा माउंटेन ट्रैकिंग जूते, एक रकसैक, ट्रैकिंग ग्लव्य, ट्रैक जिपआफ पैंट, एक ठोस हार्नेस, तथा वाटरप्रूफ आल वेदर पील आफ जैकेट भी मिले।

पत्नी ने विजय भावना से मुझे देखा और कहा, 'जब हम पटना वापस जाएंगे तो तुम अपने क्लाइंबिंग अभियान के रूप में अपनी किताबें व्यवस्थित करोगे तथा नीचे से कोई रद्दी किताबें ऊपर नहीं लाओगे। अब तुम हर मौसम और हर घटना के लिए तैयार हो, यह काम पूरी तरह वैध है और इससे तुम्हारे किसी मानवाधिकार का उल्लंघन नहीं होगा। मैंने परिवार के वकील से इस बारे में बात कर ली है।' इससे मेरी प्रतिज्ञा टूट गई है।

अब मुझे आर्कटिक टुंड्रा जाकर ये सारे कपड़े पहन कर फेसबुक पर रिपोर्ट करनी होगी तथा एक कैरिबू या स्लेड पर सवारी करनी होगी। मुझे एंटीलोप व गजेला का पीछा करने वाले शेरों पर हमला करना होगा जो अपने भोजन के लिए अफ्रीका के सबसे अंधेरे सवाना जंगलों में इन जानवरों का पीछा कर रहे होंगे। इससे कम से कम मुझे कुछ जानी-पहचानी व कुछ अनजान महिला मित्रों के आश्चर्यचकित करने वाले आह-ऊह भी सुनने को मिलेंगे।

# रूस के संकट में न उलझे भारत



**इंद्र शेखर सिंह**
(लेखक, नीतिगत मामलों के विशेषज्ञ हैं)

बाल्कन में परेशानी बढ़ रही थी, और फिर भी यूरोप का पूर्वी मोर्चा युद्ध के लिए तैयार था। आंशिक लामबंदी का आदेश दिया गया था। रूसी सेना और आरक्षित सेनाओं को बुला लिया गया, ट्रेनों ने सैनिकों को भरना और आसन्न युद्ध के लिए भेजना शुरू कर दिया है। सेंट पीटर्सबर्ग से बाहर राजनयिक सूत्रों ने दावा किया कि 'आंशिक लामबंदी' केवल कहने की बात है क्योंकि रूसी सेना 'सामान्य लामबंदी योजना' के अनुसार जर्मन और ऑस्ट्रो-हंगेरियन मोर्चों पर तैनात थी।

आखिरकार जर्मनों ने जवाबी कार्रवाई का आदेश दिया और युद्ध की घोषणा कर दी। दो लड़ाकू देशों, सर्बिया और ऑस्ट्रो-हंगेरियन के बीच युद्ध क्या हो सकता था और एक क्षेत्रीय स्थानीय मामला प्रथम विश्व युद्ध में बदल गया? सर्बिया ने हाशिए की जगह ले ली और अन्य महाशक्तियों - ब्रिटेन, फ्रांस, अमेरिका और छोटी शक्तियों- इटली और ओटोमन्स ने ऐसा खूनी सत्ता का खेल शुरू किया, जिसे दुनिया ने कभी नहीं देखा था। हैब्सबर्ग और ओटोमैन ने अपना साम्राज्य, जर्मनों ने अपने कैसर और रूसियों ने अपने जार को खो दिया। ब्रिटेन और अमेरिका सर्वोच्च शक्तियों के रूप में उभरे, और फ्रांसीसी अभी भी जूझ रहे थे। लॉर्ड एडवर्ड ग्रे का खेल काम कर गया, सभी महाद्वीपीय शक्तियों ने लड़ाई लड़ी और खून बहाया। और जैसे ही महाद्वीपीय साम्राज्यों का अंत हुआ, रूस ने खुद को पितृभूमि में बदल दिया और दुनिया का पहला कम्युनिस्ट राष्ट्र बन गया और एक ताकत बन कर उभरा।

बाल्कन कोसोवो में एक बार फिर संकट पैदा हो गया है, कोसोवो में नाटो कमांडर 'हाई अलर्ट' पर हैं और 'अधिक सैनिक टुकड़ियां रवाना होने के लिए तैयार हैं।' सर्बिया और अल्बानिया दोनों ही कोसोवो पर दावा करते हैं, जबकि यह वर्तमान में नाटो संरक्षण में है और एक स्वतंत्र देश है, जो तत्कालीन यूगोस्लाविया के टूटने के बाद बना था। लेकिन बड़ा खेल पूर्वी मोर्चे पर नाटो, यूक्रेन और रूस के बीच खेला जा रहा है। यूक्रेन संकट का इस्तेमाल यूरोपीय संघ का लहुलूहान और रूस को पस्त करने के लिए किया जा रहा है। जैसे-जैसे युद्ध आगे बढ़ता है, मानवता फिर से कयामत के कगार पर है। यह एक और लंबे व तीखे संघर्ष की



शुरुआत हो सकती है जो हम सभी को प्रभावित करेगा। और इसमें विजेता केवल एक ही है - अमेरिकी विदेश नीति के पंडित और डॉलर को उभार।

इस मुकाम पर, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि विशेष सैन्य अभियान (एसएमओ) किसने और क्यों शुरू किया। जैसे-जैसे अरबों डॉलर और 300,000 रिजर्व सेनाओं को संयुक्त सेनाओं में शामिल किया जाता है, स्थिति लगभग विस्फोटक बनती है। रूस को एक कोने में धकेल दिया गया है, और वह पीछे हटने के मूड में है। मोदी ने जो कहा उसे भूल जाएं। बैठक के दौरान पुतिन के व्यवहार ने स्पष्टतया संकेत दिया कि उन्होंने भारतीय पीएम और उनकी सलाह के बारे में क्यों सोचा। पुतिन भारतीय दोहरी चर्चा और पीआर स्टंट को हमारे चोक पॉइंट्स -यानी रूसी हथियारों व सस्ते जीवाश्म ईंधन पर भारतीय निर्भरता- को अच्छी तरह से जानते हैं। इसलिए वह रूसी सीमाओं से परे रूसी मातृभूमि और रूसी भाषी लोगों के अधिकारों के लिए लड़ना जारी रखे है। डोनबास के मुक्त क्षेत्रों में जनमत संग्रह और कोसोवो पर सर्बियाई दावे का समर्थन दोनों नए पैन-स्लाववाद के हिस्से हैं। लेकिन वापस यूक्रेन पर आएं, रूस एसएमओ के लक्ष्यों-निसैन्यीकरण, नि-नाजीकरण, और डोनबास क्षेत्र की मुक्ति प्राप्त करने के लिए कृत-संकल्प है। मुक्त क्षेत्रों में मतदान जारी है, अंतिम लक्ष्य कमोबेश पूरा हो गया है। अब सैन्य शक्ति की बारी आती है।

जेलेंस्की के दृष्टि और प्रसारणों के बावजूद, किसी भी तरह रूस को सैन्य रूप से पराजित नहीं किया जा सकता है। यूक्रेन पहले ही अपनी पूरी सैन्य शक्ति का इस्तेमाल कर चुका है। एसएमओ के तहत संलिप्तता की शर्तें उनके युद्ध या आक्रमण सिद्धांत से काफी अलग थीं। यूरोपीय संघ और नाटो दोनों जानते हैं कि उनके पास यूक्रेन के लिए लड़ने के लिए नियमित सैनिक नहीं हो सकते हैं, और इसका मतलब है कि यूक्रेन को हथियार और धन दिया जाएगा, लेकिन उनका उपयोग करने के लिए कोई बाहुबल नहीं होगा। यूक्रेन में सक्रिय अंतर्राष्ट्रीय सेना थकी हुई यूक्रेनी सेना को ताकत देती है, लेकिन ज्वार को मोड़ने के लिए पर्याप्त नहीं होगी। यूरोपीय संघ से आने वाला पैसा जल्द ही खत्म होना शुरू हो जाएगा।

शेयर बाजारों में भी अटकलें तेज हो रही हैं और आसन्न मंदी की अफवाहें पहले से ही चल रही हैं। ऊर्जा व खाद्य संकट राजकोषीय समस्या पैदा करने वाले हैं। आखिरकार,बाइडेन प्रशासन को पुतिन के साथ समझौता करना होगा। किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए अगर जेलेंस्की पश्चिम के लिए पतन का कारण बन जाए। समझौता में देर से यूरोपीय संघ की अर्थव्यवस्था और यूरो गिर जाएगा, जबकि रूसियों का हौसला बढ़ेगा क्योंकि उनके पास यूरोपीय संघ को मात देने के लिए भोजन और कच्चा ईंधन है। यूरोपीय युद्ध के संकेत दिखाई दे रहे हैं। रूसी युद्ध मशीन पर भी किसी तरह का कोई प्रतिबंध नहीं है। परमाणु हथियारों के बिना, न तो नाटो और न ही यूरोपीय संघ रूसी सेना की समूची ताकत का मुकाबला नहीं कर सकते। पूर्वी यूरोप तबाह हो सकता है, और यूक्रेन इस सर्दी में खंडहर में तब्दील हो सकता है। और भगवान न करे, परमाणु हथियारों का उपयोग किया जाता है, तो हमारे ग्रह और मानवता बड़े पैमाने पर इस साल परमाणु क्रिसमस का जोखिम उठाएंगे।

## आप की बात

### वायु प्रदूषण

**सर्दी** का मौसम आते ही दिल्ली में वायु प्रदूषण की समस्या उत्पन्न हो जाती है।आसमान में धुंध छा जाता है। इससे निजात पाने के लिये दिल्ली सरकार पहले से ही एक्शन प्लान बनाकर इसे लागू करने के लिये कार्य कर रही है। दिल्ली सरकार ने वाहन प्रदूषण कम करने के लिये पेट्रोल पम्पो पर ईंधन लेने के लिये 25 अक्टूबर से दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिये प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र अनिवार्य कर दिया है। उन्ही वाहनों को पेट्रोल और डीजल मिलेगा जिनके पास पीयूसी प्रमाणपत्र होगा। धान के खेतों में पराली गलाने के लिये किसानों के खेतों में मुफ्त पूसा बायो डि कम्पोजर डालने का अभियान दिल्ली सरकार चलाएगी। दिल्ली जैसे शहरों में वायु प्रदूषण की समस्या पड़ोसी राज्यों में फसल अवशेष जलाने के कारण होती है। ऐसा कहा जाता है। लेकिन शोध करना चाहिये। सारा पराली का धुआं केवल दिल्ली पर ही क्यो छाता है, स्मॉग की समस्या दिल्ली पर ही सबसे ज्यादा क्यों? दिल्ली के पड़ोसी राज्यो में योजना बनाकर 33 प्रतिशत भूभाग पर विशाल वृक्षो को रोपित कर उन्हें तैयार कर दिया जाए तो भविष्य में वायु प्रदूषण की समस्या शायद इतनी गंभीर नहीं रहेगी।

**कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** उन्नाव

### सीडीएस की सक्रियता

**देश** की तीनों सेना के प्रमुख चीफ आफ स्टाफ -सीडीएस जनरल अनिल चौहान पूर्व सीडीएस बिपिन रावत की तरह आज अपनी जिम्मेदारियों का वहन करने में बखूबी लगे हुए हैं। आज देश के लिए थिएटर कमांड तैयार करना देश के सीडीएस की प्रमुख प्राथमिकता में शामिल हैं। आज वे इसके लिए वे देश की तीनों सेना से चर्चा करने एवं अपनी रणनीति को लागू करने में पूरी तरह कारगर हो रहे हैं। तीनों सेनाओं को आधुनिक हथियारों से लैस करने उसे चुस्त.दुरुस्त करने एवं उसे लड़ाकू इकाइयो में बदलने वे पूरी तरह से अपना ध्यान लगा रहे हैं। अत: हमें आज इस बात की बड़ी प्रसन्नता है कि हमारे पूर्व सीडीएस जनरल बिपिन रावत की तरह वर्तमान ब-के अनिल चौहान देश की सेना के प्रति आशान्वित हो उसको चुस्त.दुरुस्त करने के प्रति पूरी तरह से लगे हुए हैं और यह हमारे देश के लिए बड़े गर्व की बात है कि हमें इतना अच्छा चीफ आफ स्टाफ मिला है। इस गठन में वायुसेना प्रमुख के सुझावों को समुचित महत्व मिलना चाहिए क्योंकि भावी युद्धों में त्वरित निर्णय सर्वाधिक महत्वपूर्ण होंगे।

**मनमोहन राजावत राज**, शाजापुर


### बच्चों की हत्या

**थाइलैंड** के एक बाल देखभाल ग्रह पर एक हत्यारे ने अंधाधुंध गोलीबारी करके 23 बच्चों समेत 33 लोगों को मारने के बाद खुद को भी मार लिया। गत कुछ अरसे से विश्व भर में थोड़े-थोड़े अंतराल पर ऐसे पागलपन सवार कुछ हत्यारों द्वारा बिना वजह निर्दोष बच्चों और नागरिकों को मार डालने के मामले सामने आ रहे है। मगर लोगों के सिर पर यह पागलपन क्यों सवार होता हैघ् यह एक गहन अध्ययन का विषय है। वर्तमान हालातों में देश, समाज व परिवार से लेकर हर व्यक्ति तक युद्ध, आर्थिक व अन्य वजह से बड़ी संख्या में लोग अवसाद ग्रस्त व परेशानी के हालातों में व्यक्ति निराशाओं के भंवर में फंसकर अनहोनी घटनाओं को अंजाम दे देते हैं। अत: हर देश में शस्त्रों पर सख्त पाबंदी लगाई जानी चाहिए। साथ ही हर देश को परेशान लोगों के लिए हेल्पलाइन और सलाह मशवरा देने की योजना शुरू करना चाहिए। ताकि दुखी इंसान अपनी पीड़ा बांट सके और उसे समय पर उचित मार्गदर्शन सुविधाएं उपलब्ध हो सके।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**आखिर** बड़े शहरों में ही अच्छी सड़कें, शिक्षा व स्वास्थ्य संस्थान क्यों होने चाहिए?

- **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**यदि** उत्तर कोरिया इसी रास्ते पर चलता रहा तो टकराव और बढ़ेगा।

- **एंटोनी ब्लिंकेन**
अमेरिकी विदेश सचिव



**हम** पाकिस्तान से बात क्यों करें? हम बारामूला व कश्मीर की जनता से बात करेंगे।

- **अमित शाह**
केन्द्रीय गृह मंत्री

# प्रदेश में निवेश व उद्यमिता का बेहतर वातावरण

## सीएम व टाटा संस के चेयरमैन के बीच हुई यूपी में भावी निवेश की योजनाओं पर चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स उनके सरकारी आवास पर शुक्रवार को औद्योगिक समूह टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान प्रदेश के विविध क्षेत्रों में औद्योगिक समूह टाटा संस की भावी निवेश योजनाओं के सम्बन्ध में चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार माह फरवरी 2023 में प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन की तैयारी कर रही है। उन्होंने औद्योगिक समूह टाटा संस को इसमें भागीदारी के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि विगत पांच वर्षों में राज्य सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक सुधार करते हुए प्रदेश में निवेश और उद्यमिता का बेहतर वातावरण तैयार किया है। एन. चंद्रशेखरन ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के समग्र विकास के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में औद्योगिक निवेश के लिए अनुकूल माहौल तैयार हुआ है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट एक अच्छा अवसर है और टाटा समूह इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगा। टाटा समूह हॉस्पिटैलिटी, आई0टी, एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, सॉफ्टवेयर, मेडिकल, एविएशन सहित विविध क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपस्थिति रखता है और देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के विकास में अपनी भागीदारी को इच्छुक है। प्रदेश में बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर की सराहना करते हुए नटराजन ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की दृष्टि से प्रदेश सरकार की नीतियों की सराहना की। उल्लेखनीय है कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन की प्रदेश सरकार पूरी तैयारी कर चुकी है। दस लाख करोड़ रुपये निवेश के लक्ष्य के साथ जिस ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारी महीनों से चल रही हैए उसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तारीखें भी तय कर दी हैं। जनवरी में प्रस्तावित रहा यह आयोजन अब राजधानी लखनऊ में अगले वर्ष 10ए 11 और 12 फरवरी को होगा।समिट में कंट्री पार्टनर के रूप में अपनी सहभागिता के लिए सिंगापुरए फ्रांसए यूके और मारीशस ने स्वत: प्रस्ताव भेजा है। इसी तरह नीदरलैंडए कनाडाए यूएसएए जापानए इजरायलए स्वीडन और थाइलैंड के राजदूतों.उच्चायुक्तों से भी बात की जाए। यह भी सहभागी बन सकते हैं। समिट को प्रदेश की ब्रांडिंग का शानदार मंच बताते हुए सीएम योगी ने दुनियाभर के निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए विभिन्न देशों में रोड शो आयोजित करने की तैयारी का निर्देश दिया। कहा कि इसमें फिक्की और सीआइआइ जैसे औद्योगिक संगठनों का भी सहयोग लेना चाहिए। इन देशों के औद्योगिक संगठनों से भी बात करें। रोड शो के लिए देशों और शहरों का चयन कर रूट तय कर लिया जाए। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए अब तक वृंदावन योजना स्थित वह मैदान प्रस्तावित था, जहां योगी सरकार ने डिफेंस एक्सपो का आयोजन किया था।

# जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए ठोस कार्ययोजना की जरूरत:कृषि मंत्री



● राज्य स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी-2022 का किया गया आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा है कि कृषि क्षेत्र को जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने जनपद की फसलवार उत्पादकता का आंकलन करें और देखे की किन-किन फसलों की उत्पादकता राष्ट्रीय स्तर और प्रदेश स्तर से कम है। उनका मुख्य फोकस प्रदेश की उत्पादकता कैसे बढ़े इस पर होना चाहिए।

शाही शुक्रवार को कृषि निदेशालय में कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी-2022 में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों के दोहन पर चिन्ता व्यक्त करते हुए बताया कि प्रदेश में देश की 17 प्रतिशत आबादी के लिए 3 प्रतिशत ही भू-जल उपलब्ध है। जल के संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री द्वारा लांच की गयी अमृतसरोवर योजना का भी उल्लेख किया गया। कृषि निदेशक प्रदेश की रबी फसलों के लिए रणनीति पर चर्चा करते हुए बताया गया कि प्रदेश में बीज एवं खाद की पर्याप्त व्यवस्था कर दी गयी है। किसानों को रबी की बुवाई में किसी भी निवेश की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने इस अवसर पर बताया कि कुल उत्पादन में रबी फसलों का हिस्सा दो तिहाई होता है इसलिए रबी की फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। समय से बुवाई के महत्व के दृष्टिगत उन्होंने किसानों से समय से खेती की तैयारी करने का सुझाव दिया ताकि अधिकतम उत्पादकता प्राप्त की जा सके। जनपद लखनऊ के दो तीन गांवों को चयनित कर इसमें संरक्षित खेती के मॉडल तैयार करने के निर्देश दिए। बड़े-बड़े शहरो के पास के गांवों में भी इस तरह के मॉडल बनाने पर बल दिया गया। कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख द्वारा अपने उद्बोधन में इस खरीफ में मौसम की विपरीत परिस्थितियों का जिक्र करते हुये बताया गया कि धान, गेहूं, गन्ना प्रदेश की मुख्य फसलें हैं। उन्होंने इस फसलों के अतिरिक्त अन्य फसलों की ओर उन्मुख होने के लिए कृषकों का आह्वाहन किया। साथ ही प्राकृतिक खेती अपनाने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती का सिद्धान्त है कि खर्चा कम हो आमदनी बढ़ें। उद्यान राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह द्वारा कृषकों का आवाह्न किया गया कि वह यदि उद्यानीकरण से जुड़ते है तो उनकी आय वृद्धि हो सकती है। मिर्जापुर, देवरिया जैसे जनपदों में स्ट्राबेरी की खेती करके किसान लाखों का लाभ ले रहे हैं।

# सपा संरक्षक को देखने मेदान्ता पहुँचे डिप्टी सीएम, लिया हाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** संरक्षक मुलायम सिंह यादव की स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई हैं। मेदांता हॉस्पिटल ने हेल्थ बुलेटिन जारी कर बताया है कि उन्हें जीवनरक्षक दवाओं पर रखा गया है। वहीं, शुक्रवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक मुलायम सिंह यादव से मिलने मेदांता हॉस्पिटल पहुंचे। ब्रजेश पाठक ने अस्पताल में मुलायम सिंह यादव से मुलाकात की और उनका हाल जाना। उपमुख्यमंत्री ने अस्पताल में मुलायम सिंह यादव के परिवार के सदस्यों और डॉक्टरों से भी मुलाकात कर सेहत के बारे में जानकारी ली। शुक्रवार को ट्वीट कर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने नेताजी मुलायम सिंह यादव के स्वास्थ्य होने की कामना की। उन्होंने कहा कि हम सब उनकी सेहत को लेकर चिंतित हैं। उनके लिए हम प्रार्थना करते है कि मुलायम सिंह यादव जल्दी ही स्वस्थ्य हो जाएंगे। इस दौरान वह तकरीबन आधे घंटे तक मेदांता अस्पताल में ही रहे। डॉक्टरों के मुताबिक सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव क्रिटिकल केयर यूनिट में हैं और कई तरह के इंफेक्शन से पीड़ित हैं और पिछले कई दिनों से वह मेदांता अस्पताल में भर्ती हैं।

# ब्रिटेन यूपी में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश व आर्थिक भागीदारी बढ़ाने को इच्छुक

● नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से यूके इंडिया बिजनेस काउंसिल के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रिचर्ड ने की मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के नगर विकास एवं उर्जा मंत्री एके शर्मा से उनके सरकारी आवास पर शुक्रवार की शाम ब्रिटेन के यूके इंडिया बिजनेस काउंसिल के एक्जक्यूटिव चेयरमैन मि. रिचर्ड हेड ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भारत में ईज ऑफडोइंग बिजनेस के तहत उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश एवं व्यापारिक भागीदारी को और बढ़ाने के संबंध में चर्चा की।



नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री शर्मा ने बताया कि ब्रिटेन और उत्तर प्रदेश के बीच विभिन्न क्षेत्रों में व्यापार को बढ़ाने को लेकर मि. रिचर्ड के साथ मुलाकात काफी सार्थक रही। मि. रिचर्ड ने विशेष रुप से कान्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) के माध्यम से उत्तर प्रदेश में सोलर एनर्जी और ऊर्जा के क्षेत्र में, ग्रीन हाइड्रोजन, न्यू टेक्नोलॉजी, इन्फ्रास्ट्रक्चर, हाइजीन, सर्विस सेक्टर, हार्डवेयर, इलेक्ट्रिक व्हीकल, लिथियम की बैटरी के उत्पादन के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने तथा व्यापार बढ़ाने पर चर्चा की। शर्मा ने बताया कि मि. रिचर्ड के साथ उत्तर प्रदेश में कृषि के क्षेत्र में विभिन्न उत्पादों की पैकेजिंग एवं फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने पर भी चर्चा हुई। साथ ही मेडिकल उपकरण बनाने और हेल्थ केयर के क्षेत्र में भी कार्य करने तथा शिक्षा को और बेहतर बनाने के लिए इस क्षेत्र में शिक्षाविदों एवं छात्रों के आदान-प्रदान पर कार्य करने पर भी सार्थक बातचीत हुई। उन्होंने बताया कि मि. रिचर्ड ने वर्ष 2070 तक भारत को कार्बन उत्सर्जन के क्षेत्र में नेट जीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रिन्यूएबल एनर्जी पर कार्य करने संबंधी प्रधानमंत्री की मंशा पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि मि. रिचर्ड ने भारत के साथ ब्रिटेन की लंबे अरसे से चली आ रही व्यापारिक साझीदारी के तहत उत्तर प्रदेश में भी व्यापारिक गतिविधियों को और आगे बढ़ाने की ईच्छा व्यक्त की। उन्होंने मि. रिचर्ड से प्रदेश में उद्यमियों के लिए सभी क्षेत्रों में निवेश के पर्याप्त अवसर उपलब्ध होने की बात कहीं। इस मुलाकात के दौरान सीआईआई के डायरेक्टर जनरल चंद्रजीत बनर्जी और उनके अन्य सहयोगी उपस्थित थे।

# सुशील अंसल हुए हाजिर अदालत ने तय किया आरोप

विधि संवाददाता। लखनऊ

**सीबीआई** प्रदूषण की विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट यशा शर्मा ने प्रदूषण के एक मामले में शुक्रवार को मेसर्स सेंट्रल डिस्टलरी एंड ब्रेबरीज लिमिटेड के निदेशक सुशील अंसल पर आरोप तय कर दिया। मेरठ स्थित सुशील अंसल की यह कम्पनी शराब बनाती थी। उन्होंने मुल्जिम सुशील अंसल पर जल प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम की धारा 44 के तहत आरोप तय किया है। इस मामले के अन्य मुल्जिमों के खिलाफही पहले ही आरोप तय हो चुका है। इससे पहले विशेष अदालत के समक्ष मुल्जिम सुशील अंसल हाजिर हुए और अपने खिलाफजारी गिरफ्तारी वारंट निरस्त करने की गुहार लगाई। विशेष अदालत ने एक लाख का निजी मुचलका दाखिल करने का आदेश देते हुए अंसल की अर्जी मंजूर कर ली। इस मामले में गैरहाजिर रहने पर इनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी था। 27 अक्टूबर 1983 को उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने इस कम्पनी का निरीक्षण किया था। पाया कि कम्पनी में विभिन्न प्रकार के अल्कोहल का उत्पादन किया जा रहा था लेकिन इसका प्रदूषित प्रवाह बिना शुद्धीकृत किए खेड़ा नाले के माध्यम से काली नदी में प्रवाहित किया जा रहा था। उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के विधि अधिकारी एके चौबे के मुताबिक इसके बाद कम्पनी और इसके कर्ता.धर्ताओं के खिलाफपरिवाद दाखिल किया गया। मामले की अगली सुनवाई 14 अक्टूबर को होगी।

# सीपी आउटलेट से एक ही दिन में खादी इंडिया ने की सर्वाधिक 1.34 करोड़ की बिक्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गांधी** जयंती के अवसर पर खादी इंडिया के सीपी आउटलेट ने एक ही दिन में 1.34 करोड़ रुपये की बिक्री कर अब तक के उच्चतम बिक्री आंकड़े को तोड़ते हुए खादी बिक्री का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई मौकों पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों से खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों को खरीदने और इस क्षेत्र को बढ़ावा देने का अपील की है। खादी उत्पाद वर्ष 2014 तक सीमित बिक्री आंकड़ों तक सिमटा हुआ था, मगर नई सरकार के बाद खादी की बिक्री में जबरदस्त वृद्धि हुई है। यह उल्लेख करना भी महत्वपूर्ण है कि, अक्टूबर 2016 से नई दिल्ली के कनॉट प्लेस में खादी इंडिया के प्रमुख आउटलेट पर एक दिवसीय बिक्री कई मौकों पर 1.00 करोड़ रुपये को पार कर गई है। माननीय प्रधानमंत्री द्वारा अपने रेडियो वार्ता 'मन की बात' में लगातार इसका उल्लेख किया गया है। रेडियो प्रसारण कार्यक्रम 'मन की बात' के माध्यम से खादी अपनाने और बुनकरों को आर्थिक रूप से मजबूत करने का प्रधानमंत्री का संदेश गांधी जयंती 02 अक्टूबर, 2022 की बिक्री में देखा गया था। एक ही दिन में, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली में खादी इंडिया शोरूम ने 1.34 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज कर गत वर्ष 02 अक्टूबर, 2021 को हुई 1.01 करोड़ रुपये की बिक्री के अपने ही पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। इससे पहले, खादी की सर्वाधिक एक दिन की बिक्री 1.29 करोड़ रुपये थी जो 30 अक्टूबर 2021 को दर्ज की गई थी।

महात्मा गांधी ने खादी आंदोलन की स्थापना केवल राजनीतिक नहीं बल्कि आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कारणों से की थी। महात्मा के उसी दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, प्रधानमंत्री ने खादी और अन्य ग्रामोद्योग उत्पादों का जनता के बीच बढ़ावा देने का प्रयास किया है। प्रधानमंत्री की लोकप्रियता और उनके लिए लोगों का सम्मान भी है, जिनके एक आह्वान पर भारत के लोग खादी उत्पादों के पूर्ण समर्थन में खड़े हैं। यही कारण है कि दीपावली पर दीप जलाने के लिए गरीब कारीगरों की मदद के लिए उनके द्वारा किया गया आह्वान साकार होता दिखाई दे रहा है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष, मनोज कुमार ने हाल ही में 02 अक्टूबर से पूर्व 25 सितंबर, 2022 को खादी की बिक्री में वृद्धि के लिए प्रधानमंत्री के निरंतर प्रोत्साहन और समर्थन को श्रेय दिया।

# भाजपा युवा मोर्चा का कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा का जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम 8 अक्टूबर शनिवार से पूरे प्रदेश में प्रारम्भ होगा। प्रत्येक जिले में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि 8 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक प्रदेश के सभी संगठनात्मक जिलो में युवा मोर्चा जिला प्रशिक्षण वर्ग आयोजित करेगा। उन्होंने बताया कि वर्ग में जिले में निवास करने वाले मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, क्षेत्रीय पदाधिकारी, क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य, जिला पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य तथा मण्डल अध्यक्ष व महामंत्री शामिल होंगे। युवा मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी धनंजय शुक्ला ने बताया कि एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्गों में विभिन्न सत्रों के माध्यम से पार्टी का इतिहास, पार्टी की विचारधारा तथा संगठनात्मक कार्य व अभियानों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रदेश स्तर पर प्रशिक्षण वर्ग के संयोजक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र पटेल तथा सहसंयोजक के रूप में मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. शिववीर भदौरिया, अनुभव द्विवेदी व प्रदेश मंत्री शिवेन्द्र शाही को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# एटीएम कार्ड बदलकर खाते से रकम निकालने वाले गैंग के चार अभियुक्त गिरफ्तार

● 38 एटीएम कार्ड, कूटरचित आधार कार्ड और 2 मोटर साइकिल बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एसटीएफ** ने एटीएम कार्ड बदलकर लोगों के बैंक खाते से रुपए निकालने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग के 4 सक्रिय सदस्यों को प्रयागराज से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 38 एटीएम कार्ड, कूटरचित आधार कार्ड और 2 मोटर साइकिल बरामद हुई हैं। एसटीएफ फील्ड इकाई प्रयागराज की टीम द्वारा शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में आपराधिक अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी। इस दौरान ज्ञात हुआ कि एटीएम कार्ड बदलकर व्यक्तियों को धोखा देकर उनके खाते से पैसा निकालने वाले गिरोह के 4 सदस्य रामभवन चौराहा स्थित आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम बूथ से पैसा निकालने वाले हैं। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफ की टीम ने आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम बूथ के अन्दर दबिश देकर चार अभियुक्तों प्रतापगढ़ निवासी ऋषिकेश पाल, सिद्धार्थ कुमार, राहुल पाल और संजय कुमार पाल को गिरफ्तार किया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि एटीएम बदलकर खाता धारकों के खाते से रुपए निकालने का उनका एक अन्तर्राज्यीय गिरोह है। जो अपने आर्थिक लाभ के लिए पिछले कई वर्षों से लोगों को धोखा देकर उनका एटीएम कार्ड बदलकर उनके खाते से पैसे निकाल लेते हैं। यह लोग ऐसे एटीएम बूथ की तलाश करते है, जहां पर गार्ड नियुक्त न हो और पैसे निकालने वाले लोगो की भीड़ हो। यह लोग ऐसे व्यक्तियों को निशाना बनाते हैं जो देखने में कम पढ़े लिखे प्रतीत होते हैं उनके पीछे खड़े हो जाते हैं और मदद करने के बहाने अपने पास रखे क्लोन एटीएम कार्ड से उनके एटीएम कार्ड को बदल लेते है।

# गाम्बिया में बच्चों की मौत के बाद सरकार अलर्ट, डिप्टी सीएम ने 24 घंटे में मांगी रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गाम्बिया** में भारतीय कफ सिरप कम्पनी द्वारा की गई दवा सप्लाई से 66 बच्चों की मौत के बाद डब्ल्यूएचओ द्वारा प्रतिबन्ध लगाए जाने के बाद देश मे फार्मास्युटिकल सेक्टर में खलबली मची हुई है। केंद्र की तरफ से जहां एहतियात के तौर पर जहां जांच के निर्देश ड्रग कन्ट्रोलर जनरल आफ इंडिया (डीसीजीआई) को जांच के निर्देश दिए गए हैं, वहीं यूपी में भी अलर्ट के तौर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य महानिदेशक को निर्देश जारी कर 24 घण्टे के अंदर रिपोर्ट तलब की है। जिसमें उन्होंने स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ लिली सिंह से दवाओं की उपलब्धता की जानकारी के साथ ही उनके सैंपल भी कराने को कहा है। हालांकि उप मुख्यमंत्री की तरफ से मामले की विस्तृत रिपोर्ट 3 दिन के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी आज ग्रहण करेंगे पदभार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष बृजलाल खाबरी शनिवार को लखनऊ कांग्रेस मुख्यालय पर अपना पदभार ग्रहण करेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता संजय सिंह ने बताया कि सभी छह नवनियुक्त प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी, अजय राय, वीरेन्द्र चौधरी, नकुल दुबे, अनिल यादव एवं योगेश दीक्षित भी खाबरी के साथ ही अपना कार्यभार संभालेंगे। प्रवक्ता ने बताया कि इस अवसर पर कांग्रेस मुख्यालय में तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह एवं नई ऊर्जा का संचार दिखाई दे रहा है। सेवादल के मुख्य संगठक प्रमोद पाण्डेय के नेतृत्व में समारोह ऐतिहासिक बनाने की तैयारी की जा रही है। उप्र युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई सहित अन्य कांग्रेस के फ्रंटल संगठन के पदाधिकारी भी उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के स्वागत के लिए जोरदार तैयारियां कर रहे हैं।

# गोवंश की तस्करी व वध की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए

## डीजीपी ने तस्करी में लिप्त अभियुक्तों व गैंग को चिन्हित कर प्रभावी कार्रवाई के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डीजीपी** ने प्रदेश में हो रही गोवंश की तस्करी व वध की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए इन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। डीजीपी ने कहा है गोवंश के वध, दुधारू पशुओं एवं गोवंश के तस्करी की घटनाओं को रोकने के लिए इस मुख्यालय के स्तर से पूर्व में कई निर्देश प्रेषित किए गए लेकिन इनका सही ढंग से अनुपालन न हो पाने के कारण एऐसी घटनाएं अभी भी घटित होती रहती है । उन्होंने निर्देशित किया है कि गोवंश के वध तथा तस्करी की घटनाओं में संलिप्त अभियुक्तों व गैंग को चिन्हित करते हुए इनके विरूद्ध प्रभावी व निरोधात्मक कार्यवाही किया जाना आवश्यक है। डीजीपी ने इस प्रकार के अवैध कृत्यों में संलिप्त विभिन्न गैंग का एक अभियान चलाकर समूल उन्मूलन किए जाने के निर्देश दिए हैं।



डीजीपी की ओर से पिछले दिनों जारी परिपत्र में सभी जिलों के पुलिस कप्तानों और चारों पुलिस कमिश्न को निर्देशित किया गया है कि समस्त पुलिस कर्मियों को उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम 1955 यथा संशोधित 2002, पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 तथा अन्य विधिक प्राविधानों के प्रति जागरूक व दक्ष बनाने के लिए इनकी समुचित ब्रीफिंग की जाए। कार्यशालाओं का आयोजन कराया जाये तथा विधि विशेषज्ञों के व्याख्यान कराये जायें। जनपद, परिक्षेत्र व जोन स्तर पर गोवध तथा गोवंश की तस्करी की घटनाओं के प्रति लापरवाह तथा तस्करी में मददगार पुलिस कर्मियों को चिन्हित करके इनके विरुद्ध कार्रवाई कराई जाए। यदि इस प्रकार के अपराधों के पर्यवेक्षण तथा कार्रवाई में किसी प्रकार की शिथिलता या संलिप्तता पायी जाती है,, तो उसके विरूद्ध कठोर विभागीय//दण्डात्मक कार्रवाई की जाए। गोवंश के वध व गोवंश तथा दुधारू पशुओं की तस्करी की घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी अभिसूचना तंत्र विकसित किया जाए। विगत 10 वर्ष में हुई घटनाओं को संकलित व सूचीबद्ध करते हुए इनके आवागमन, तस्करी के रूट, हॉटस्पाट्स चिन्हित कर रणनीति बनाकर अभियान चलाया जाए। जहां भी गोवंश का वध व वध किये जाने का प्रयास किये जाने की सूचना प्राप्त हो तत्काल संज्ञान लेकर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकरण, अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी की जाए। घटनास्थल से मजबूत साक्ष्यों का संकलन करते हुए महत्वपूर्ण समस्त भौतिक प्रदर्श संकलित किए जाएं।।अभियुक्तों से राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में टीम लगाकर गहन पूछ.ताछ करायी जाए। पूछ.ताछ में अभियुक्तों की समूची चेन के अनावरण, गोवंश के परिवहन, तस्करी के मार्ग, श्रोत तथा सहयोगियों का विवरण एकत्र करते हुए योजनाबद्ध विवेचनात्मक कार्रवाई सम्पादित की जाए। डीजीपी ने कहा है कि इस प्रकार के कृत्यों में लिप्त तस्करों, अभियुक्तों द्वारा पूर्व में पुलिस टीम पर हमला करने की घटनाएं हो चुकी हैं। अत: इसके दृष्टिगत समस्त कार्रवाई पर्याप्त पुलिस बल के साथ फील्ड टैक्टिस के नियमों का प्रयोग करते हुए पूरी तैयारी के साथ की जाए। जनपद के जिन थाना क्षेत्रों में उक्त घटनायें निरन्तर हो रही हों, उन्हें हॉटस्पाट्स के रूप में चिन्हित कर प्रभावी रोकथाम के लिए जनपद स्तर पर कार्ययोजना तैयार की जाए।

# चित्रकूट के पर्यटन विकास के लिए 25 करोड़ से अधिक की धनराशि स्वीकृत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**धार्मिक,** ऐतिहासिक एवं पौराणिक दृष्टि से विश्वविख्यात चित्रकूट जनपद में पर्यटन संबंधी गतिविधियों को बढ़ाने के लिए पर्यटन विभाग द्वारा लगभग 25 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न योजनाएं स्वीकृत करते हुए कार्यदायी संस्थाओं को अग्रेतर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।



प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह न बताया कि जनपद चित्रकूट में रामघाट के पास उप्र पर्यटन चौराहे के विकास एवं प्रवेश द्वार के निर्माण के लिए 223.37 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा कामदगिरि परिक्रमा मार्ग के पर्यटन विकास के लिए 473.63 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार चित्रकूट में सीतापुर में पर्यटन विकास कार्य के लिए 86.72 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। यह तीनों कार्य कार्यदायी संस्था उप्र राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड को सौंपे गए हैं। जयवीर सिंह ने बताया कि इसी प्रकार जनपद चित्रकूट में पर्यटन चौराहे से रामघाट एवं शिवरामपुर तीराहा तक स्ट्रीट लाइट एवं परिक्रमा मार्ग में 63 केवीए जनरेटर की व्यवस्था के लिए 495.74 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके लिए कार्यदायी संस्था उप्र प्रोजेक्टस कारपोरेशन को निर्माण संबंधी जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त चित्रकूट में ही महर्षि बाल्मीक आश्रम के आसपास पर्यटक आवास गृह के निर्माण के लिए 12.55 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गयी है तथा कार्यदायी संस्था नामित किए जाने की कार्यवाही की जा रही है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि जनपद चित्रकूट रामवनगमन मार्ग का हिस्सा है। वनवास के दौरान भगवान श्रीराम, सीता जी एवं लक्ष्मण के साथ यहां कई वर्ष गुजारे थे। इसके अलावा यहां ऋषियों एवं मुनियों के आश्रम तथा भगवान श्रीराम से जुड़े कई पौराणिक स्थल मौजूद हैं।

# डेंगू के 34 रोगी मिले, टीम ने इलाकों का किया निरीक्षण

**लखनऊ।** जनपद में डेंगू मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। शुक्रवार को लखनऊ में 34 डेंगू के रोगियों की पुष्टि हुई है। वहीं जनपद में 31 अक्टूबर तक संचारी रोगों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को डेंगू रोग के प्रभावी नियंत्रण हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर जिला मलेरिया अधिकारी की टीम ने कई इलाकों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम के सदस्यों ने जनता को जागरूक भी किया। जिन इलाकों में आज डेंगू के 34 रोगियों की पुष्टि हुई है, उनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के तहत सिल्वर जुबली में 3, अलीगंज में 12, एनके रोड इलाके में 1, चन्दन नगर में 3, इंदिरा नगर में 4, काकोरी में 1, मलीहाबाद में 2, चिनहट में 5 और राजाजी पुरम में 3 केस पाए गए। वहीं दूसरी तरफ जिला मलेरिया अधिकारी की टीम ने आज अलीगंज, गोमतीनगर, इंदिरानगर, खदरा, ऐशबाग, चिनहट एवं जानकीपुरम के विभिन्न वार्डों के आस-पास के क्षेत्रो का भ्रमण किया।

# बेमौसम बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर फेरा पानी

**संवाददाता।** तिकुनियां खीरी

**क्षेत्र में** हो रही मूसलाधार बारिश से जहाँ जंजीवन अस्त व्यस्त हो गया वही किसानो की धान, गन्ना, केला और साग सब्जी की फसलें बर्बाद होने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें छा गयी इसे कुदरत की मार कहें या फिर किसानों की बदनसीबीए बे मौसम हो रही मूसलाधार बारिश ने जहां किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। तो वहीं आम जनजीवन भी प्रभावित हो गया है। खेतों में कटने को तैयार खड़ी धान की फसल तहस.नहस होने के कगार पर पहुंच गई है। जिससे किसानों की धड़कने बढ़ने के साथ ही उनमें मायूसी छा गई है।

बुधवार रात्रि से शुरू हुई रिमझिम बारिश के बाद गुरुवार रात्रि से रुक.रुक कर हो रही मूसलाधार बारिश से जहां आम जनजीवन प्रभावित हो गया है तो वही बेमौसम बरसात से फसल बर्बाद होने की आशंका से किसानों के दिल की धड़कने बढ़ने के साथ ही उनके चेहरों पर मायूसी छा गई है। बेमौसम हो रही भीषण बारिश से धान की फसल के साथ.साथ गन्नाए केला और साग सब्जी आदि विभिन्न खरीफ की फसलें बर्बाद होने के कगार पर पहुंच गई है। तेज हवाओं और गरज चमक के साथ रुक.रुक कर हो रही मूसलाधार बारिश से किसानों के साथ.साथ आम जनजीवन भी प्रभावित हो गया है।निचले घरों में पानी भर गया गया वही नाली का पानी रोडो पर बहने लगा बेमौसम बारिश से बाढ़ का खतरा बढ़ गया है अगर अब बाढ़ आगयी तो किसान बे मौत मर जाएगा उसके सपनो पर पानी फिर जायगा लेकिन कुदरत के आगे किसकी चली। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे तक भारी बारिश की संभावना जताते हुए अलर्ट जारी किया है। साथ ही 11 अक्टूबर लगातार चार दिनों तक मौसम खराब रहने की आशंका जताई है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के अधिकांश जिलों में अगले 24 घंटे तक इसी तरह रुक.रुक कर मूसलाधार बारिश होती रहेगी। तत्पश्चात एक.दो दिन बारिश धीमी होने के बाद पुनः भारी बारिश होने की संभावना जताई है।

## झोपड़ी पर गिरा पेड़, डीएम ने सीएचसी पहुंचकर घायलों को एंबुलेंस से भेजवाया अस्पताल

**लखीमपुर खीरी।** शुक्रवार की शाम तहसील निघासनए ब्लॉक रमियाबेहड़ की ग्राम पंचायत पडुवा के मजरा बोझिया में बारिश में झोपड़ी पर एक पेड़ गिरने की घटना की सूचना मिलते ही डीएम महेंद्र बहादुर सिंह फौरन रवाना हुए।

करीब 05 बजे डीएम महेंद्र बहादुर सिंह सीधे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचेए जहां उन्होंने घायलो का चिकित्सकों से कुशल क्षेम जाना। परिजनों को ढाढ़स बंधाया। सीएमओ की मौजूदगी में चिकित्सकों की टीम ने गंभीर रूप से घायल एक महिला व उसके 06 वर्षीय पुत्र निखिल का प्राथमिक उपचार देकर जिला चिकित्सालय ओयल रेफर किया। डीएम ने घायलों को अपने सम्मुख एंबुलेंस के जरिए तत्काल जिला



चिकित्सालय ओयल भिजवाया। फोन करके ओयल के चिकित्सकों को एंबुलेंस का नंबर नोट कराकर फौरन बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान सीएमओ डॉ अरुणेंद्र त्रिपाठी एसीएमओ डॉ अनिल गुप्ता एसडीएम राजेश कुमार बीडीओ प्रीति तिवारी सहित पूरा प्रशासनिक अमला मौके पर मौजूद रहा।

## नामांकन कक्ष का डीएम ने अफसरों संग लिया जायजा, दिए निर्देश

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**गुरुवार की** सुबह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कलेक्ट्रेट स्थित अपर जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष में 139ए गोला गोकरननाथ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन हेतु नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। डीएम ने अफसरों संग स्थलीय निरीक्षण कर नामांकन प्रक्रिया देखी, मौजूद अफसरों को जरूरी निर्देश दिए।

गुरुवार को करीब पूर्वाहन 11 बजे जिला निर्वाचन अधिकारी/ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने डिप्टी डीईओ/ एडीएम संजय कुमार सिंहए एएसपी अरुण सिंह के साथ पैदल नामांकन स्थल सहित नामांकन कक्ष का जायजा लिया एवं संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। नामांकन प्रपत्र जमा किये जाने के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए उप निर्वाचन के रिटर्निंग ऑफिसर/ उप जिला



मजिस्ट्रेट (गोला) अनुराग सिंह को निर्देशित किया कि नामांकन से संबंधित समस्त प्रपत्रों को पूर्ण करते हुए उपलब्ध रखे जायें। डीएम ने सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस कार्मिकों को भी जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारी/ तहसीलदार विनोद गुप्ता, बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी सहित नामांकन ड्यूटी में तैनात अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

**पहले दिन नहीं दाखिल हुआ नामांकनः** रिटर्निंग अधिकारीध् एसडीएम अनुराग सिंह ने बताया कि आज 06 लोगों ने ;जबर सिंह.एक सेटए विनय तिवारी.04 सेटए विवेक कुमार अवस्थी.दो सेटए अमन गिरी 04 सेटए बलवीर 04 सेट व आलोक कुमार.एक सेटद्ध नामांकन स्थल से प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि नामांकन के प्रथम दिवस कोई भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ।

# बदलते मौसम में स्वास्थ्य को लेकर सावधानी जरूरीः डॉ. अरुणेंद्र

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**मौसम बदल** रहा है। इस मौसम में सर्दीए खांसी और बुखार जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। इस समय स्वास्थ्य को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। इन दिनों बरसात होने से मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। साथ ही मौसम ने करवट ली है ऐसे में बीमारियों के होने का खतरा बड़ा है जिससे सावधान कर बचा जा सकता है। इसे लेकर सीएचसी और पीएचसी पर तैनात प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए हैं। यह जानकारी सीएमओ डॉण् अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी द्वारा दी गई है

उन्होंने बताया कि सर्दीए खांसी और बुखार होने की स्थिति में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर चिकित्सक से परामर्श लें। खुद दवा की दुकान से दवा लेकर उपचार न करें। उपचार और जांच के विषय में चिकित्सकीय परामर्श जरूरी है।

उन्होंने कहा कि बदलते मौसम में रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। इस मौसम में टाइफाइड अक्सर खराब खाना खाने और गंदा पानी पीने से होता है। थोड़ी सावधानी रखकर इससे बचाव किया जा सकता है। बदलते मौसम में खानपान का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है। बाहर का कुछ तला भुना और ठंडा खाने से परहेज करें। मच्छरों से बचाव के लिए पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें। घर के आसपास साफ .सफाई रखें और जलजमाव न होने दें।

एमसीएच विंग ओयल के अधीक्षक गैस्ट्रो सर्जन डॉण् एसी श्रीवास्तव का कहना है कि अस्पताल में इस समय ओपीडी में सबसे अधिक मरीज मियादी बुखारए टाइफाइड व सर्दी जुकाम व खांसी के आ रहे हैं। ओपीडी में आये मरीजों को सावधानी बरतने के लिए जागरूक किया जा रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि गर्भवती माताओं और नवजात बच्चों के लिए भी मौसम में आया बदलाव काफी खराब होता है। छोटे बच्चों को मौसम के अनुरूप अब गर्म कपड़े पहनाने जरूरी है। वहीं खानपान का भी विशेष ध्यान अब गर्भवती माताओं को रखना चाहिए। पेट की बीमारियां गलत खानपान और गंदा पानी पीने के साथ-साथ अधिक बाहरी खानपान से भी होती हैं।

## शस्त्र पूजन की परंपरा कायम रखते हुए धूमधाम से मनाया गया दशहरे का त्योहार

**निघासन-खीरी।** भाजपा प्रदेश सह संयोजक राजा राज राजेश्वर सिंह की अगुवाई में लखीमपुर खीरी की प्राचीन झंडे स्टेट में दशहरे का त्यौहार परंपरागत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता श्री सिंह ने ने अपने पूर्वजों द्वारा पुराने समय से चली आ रही परंपरा को कायम रखते हुए सदैव की तरह विधि.विधान पूर्वक शस्त्र पूजन किया गया।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश सह संयोजक राजा राज राजेश्वर सिंह ने कहा कि प्राचीन समय से अस्त्र शस्त्र क्षत्रियों का आभूषण रहे हैं। अन्याय और अत्याचार से प्रजा समाज और देश की रक्षा के लिए क्षत्रियों ने शस्त्र उठा कर अपनी



वीरता का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि उनके राजवंश में शस्त्र पूजन की परंपरा सदियों से कायम है और कायम रहेगी। श्री सिंह के अनुसार वर्तमान भाजपा सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की जनता के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है जिसका सीधा लाभ गरीब पात्र व्यक्तियों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में अपराधियों और समाज विरोधी तत्वों को नेस्तनाबूद करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। गौरतलब है कि ग्राम झंडी राज में दशहरे के मौके पर रामलीला मेले का आयोजन भी किया जाता है जिसका ग्रामीणों भरपूर आनंद उठाते हैं। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### मार्ग दुर्घटना में युवक की मौत

**रामकोट सीतापुर।** रामकोट क्षेत्र के डालमिया चीनी मिल जवाहरपुर मार्ग पर नागेश्वर मंदिर के पास सब्जी लेकर घर जा रहे युवक को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र रामकोट के जवाहरपुर गांव निवासी अवनीश दीक्षित 27 वर्ष पुत्र हरिद्वारी दीक्षित रामकोट कस्बे से सब्जी लेकर अपने घर वापस जा रहा था रास्ते में नागेश्वर मंदिर के पास कुतुबनगर की तरफ से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने अवनीश को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई घरवालों का रो रो कर बुरा हाल है ।

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, सड़क किनारे मिला शव

**बरेली।** बड़े भाई से रुपए लेने लेने के लिए घर से निकले एक युवक की लाश रात में घर से दूर पाई गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी । कैंट थाना क्षेत्र के गांव चौबारी निवासी 40 वर्षीय रमेश पुत्र रूम सिंह कि लाश कल शाम को आइटीबीपी कैंप के पास बुखार मोड़ पर पाई गई जिला अस्पताल में मौजूद मृतक के परिजनों ने बताया कि अवनीश चार भाइयों में सबसे छोटा था उसके पिता रूम सिंह ने अपनी संपत्ति बड़े बेटे नरेश के नाम कर दी जो पिछले काफी समय से कांधर पुर स्थित जागेश्वर धाम कॉलोनी में रह रहा है घर वालों ने बताया कि अवनीश कल सुबह लगभग 9 बजे नरेश से पैसे लेने के लिए घर से निकला था वह पैदल ही था लेकिन शाम तक वह घर वापस नहीं लौटा रात लगभग 8 बजे उसका शव आइटीबीपी कैंप के पास बुखारा मोड़ पर पाया गया सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मृतक के पास मिले मोबाइल फोन से उसके घरवालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली उन्होंने हत्या की आशंका जताई मृतक टेंपो चला कर गुजारा करता था और अविवाहित था।

### शराबी युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**बरेली।** शराब के नशे में एक युवक ने गला रेत कर आत्महत्या का प्रयास किया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला हाता फालतू निवासी 20 वर्षीय देवेंद्र पुत्र नंदराम को आज सुबह तड़के घर वालों ने भी उसी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उन्होंने बताया कि देवेंद्र तीन बहनों का अकेला भाई है और उसकी मां घरों में काम करके गुजारा चल आती है तीनों बहनों का विवाह हो चुका है लेकिन शराब पीने के लायक ही काम करता है वह अक्सर शराब के नशे में हंगामा करता है आज सुबह तड़के वह शराब के नशे में घर में हंगामा कर रहा था मां ने उसे समझाने की कोशिश की जिससे नाराज देवेंद्र ने मां को धक्का देकर घर के बाहर कर दिया और दरवाजा बंद करके खुद की गर्दन पर धारदार हथियार मार लिया जिससे वह घायल हो कर जमीन पर गिर पड़ा पड़ोसियों की मदद से मां ने दरवाजा खुलवाया और उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाई जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

### दो मोटरसाइकिलें टकराईं, युवक घायल

**बरेली।** दो मोटरसाइकिल के बीच की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक घायल हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कैंट थाना क्षेत्र के गांव चनहेटी निवासी 25 वर्षीय सोनू पुत्र रतनलाल को बीती रात इलाज के लिए घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके घर वालों ने बताया कि सोनू रेलवे जंक्शन के पास एक होटल में नौकरी करता है और कल रात ड्यूटी पर जाने के लिए घर से निकला था लेकिन होटल से कुछ ही दूरी पर सामने से आ रही दूसरी बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली बाइक फरार हो गई सूचना मिलने पर पहुंचे पड़ोसी सरवन लाल ने उसे घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### भाई से झगड़े के बाद बहन ने जहरीला पदार्थ खाया

**बरेली।** भाई से झगड़े के बाद एक युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। भमोरा थाने के गांव हर्रम पुर निवासी सत्यपाल की 18 वर्षीय बेटी पूजा को आज दोपहर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके घर वालों ने बताया कि पूजा का कल रात अपने भाई सनी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिससे नाराज पूजा ने घर में ही जहरीला पदार्थ खा लिया पता चलने पर उसे इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया लेकिन हालत नाजुक देख कर घरवाले उसे जिला अस्पताल लाए जहां उसका इलाज जारी है उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है।

## बारिश के बीच हुआ रावण वध, श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान हो उठा नगर



**लहरपुर सीतापुर।** श्री राम लीला मैदान में चल रही रामलीला के अंतिम दिन आज गुरुवार को श्री रामलीला मैदान पर कुंभकरण वध, राम रावण युद्ध और रावण वध एवं पुतला दहन का सजीव मंचन किया गया इसे देखने के लिए लगातार हो रही बारिश के बाद भी भारी संख्या में श्रद्धालु श्री रामलीला मैदान पहुंचे और लीला का रसपान कर इस मौके पर लगाये गए मेले में जहां बच्चों ने जमकर धमाल मचाया वहीं लोगों ने अपनी जरूरत की चीजों की खरीदारी की। श्री वृंदावन धाम से आए बृज बिहारी रासलीला मंडल के कलाकारों द्वारा प्रभु श्री राम और रावण के युद्ध का मंचन किया गया। भयंकर युद्ध के बाद भी रावण के न मारे जाने पर बिभीषण ने प्रभु श्री राम को बताया कि रावण की नाभि में अमृत है इसलिए उसकी मृत्यु नहीं हो सकती आप उसकी नाभि पर वाण चलाएं तभी इसकी मृत्यु होगी ऐसा सुनकर प्रभु श्री राम ने रावण की नाभि को लक्ष्य बनाकर बाण चलाए जिससे रावण मारा गया। अंत में प्रभु श्री राम ने रावण के पुतले पर अग्निबाण चलाकर उसका दहन कर दिया रावण दहन को देखने के लिए भारी संख्या में बच्चे महिलाएं और श्रद्धालु उपस्थित थे। सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

## हम सभी को भरत की तरह ही अपने भाई का सम्मान करना चाहिएः त्रिपाठी





**संवाददाता।** खैराबाद सीतापुर

**भगवान श्री** राम व भ्राता भरत का मिलाप हमारे जीवन मे भाई चारे का संदेश के रूप मे हर वक्त मौजूद ।हम सभी को अपने बडे भाईयो का आदर सम्मान भ्राता भरत की तरह करना चाहिये उक्त बात को कस्बे के पुरानी बाजार मे ड़ा राजेन्द्र चौधरी अस्पताल के पास आयोजित भरत मिलाप कार्यक्रम मे भाजपा पूर्व जिला अध्यछ राकेश त्रिपाठी ने कही।

उन्होने कहा श्री राम चरित मानश मे भगवान श्री राम के हर के चरित्र का वर्णन है ।हम सभी भगवान श्री राम की तरह सत्य के रास्ते पर चलने की आवस्कता है । कस्बे के पाठक ताल शिद्ध पीठ हनुमान मन्दिर परिसर से सैकडो मोटर साईकिलो के साथ भगवान श्री राम के जयकारो के साथ भ्राता भरत मो किसानी टोला से हलवाई गली से होते हुये नगर पालिका के पास आये।वही भगवान राम मोहल्ला हटौरा होते हुये मंच के दूसरी तरफ आये और दोनो भाईयो का मिलाप हुआ ।उसके बाद कटरा संगत के महन्त दामोदर शरण जी और पहलाद ऋष्ण शात्री द्वारा आरती की गयी ।इस अवसर पर थाना अध्यछ अरविंद कुमार सिंह व खैराबाद कस्बा इन्चार्ज संजय सिंह , अपनी टीम के साथ भगवान की मुर्यतियो के आगे आगे चलते रहे।वही भरत मिलाप कार्यक्रम से पहले नन्हे मुन्हे बच्चो द्रारा भगवान शिव की छाकियो के कार्यक्रम किया गया । .इस अवसर पर एडवोकेट पृशात शुक्ला, भारती जनता पार्टी के पूर्व्र जिला अध्यक्ष राकेश त्रिपाठी, समाजसेवी रजत टन्डन, सभासद आलोक बाजपेयी, समाजसेवी व पत्रकार राजेश मिश्रा, कुलदीप जायवाल, रंजीत रस्त्रातोगी, मदन गुप्ता, अंकित गुप्ता, राम शुमिरन शर्मा, मंयक गुप्ता, विकाश गुप्ता, प्रतीक महेन्द्र, अजय शुक्रला रंजीत रस्तोगी, अंशू मिश्रा, अजितेश शुक्ला, बलराम पांडे, आदि भक्त उपस्थित रहे।

# पेज एक का शेष

### धर्मांतरण पर...

ने कहा कि केजरीवाल के पीछे एक हिंदू विरोधी मानसिकता छिपी हुई है। पश्चिम दिल्ली के सांसद प्रवेश वर्मा ने गौतम पर निशाना साधते हुए उन पर सामूहिक धर्मांतरण में शामिल होने का आरोप लगाया। वर्मा ने ट्वीट किया, आप शासित पंजाब से हर रोज धर्मांतरण की खबरें सामने आती हैं। इसी तरह, केजरीवाल सरकार में मंत्री राजेंद्र पाल गौतम अब दिल्ली में सामूहिक रूप से लोगों का धर्मांतरण करवा रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने भी गौतम की आलोचना करते हुए उन्हें बर्खास्त करने की मांग की। विहिप ने दिल्ली पुलिस और उपराज्यपाल वीके सक्सेना से गौतम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का भी आग्रह किया।

### किसी देश...

सदस्यों ने पक्ष में तथा चीन सहित 19 देशों ने मसौदा प्रस्ताव के विरुद्ध मतदान किया। भारत, ब्राजील, मैक्सिको और यूक्रेन सहित 11 देशों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। मसौदा प्रस्ताव का विषय था- चीन के शिंजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र में मानवाधिकारों की स्थिति पर चर्चा। यह मसौदा प्रस्ताव कनाडा, डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे, स्वीडन, ब्रिटेन और अमेरिका के एक कोर समूह द्वारा पेश किया गया था, और तुर्की सहित कई देशों ने इसे सह-प्रायोजित किया था। चीन में उइगर और अन्य मुस्लिम बहुल समुदायों के खिलाफ मानवाधिकारों के उल्लंघन के गंभीर आरोपों को 2017 के अंत से संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय और संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार तंत्र के ध्यान में लाया जाता रहा है। इस प्रस्ताव को लेकर केंद्र सरकार के रुख पर विपक्षी दलों ने कहा कि जो सच है, उस बारे में भारत को बोलना चाहिए और अपने पड़ोसी देश से डरना नहीं चाहिए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा सदस्य मनीष तिवारी ने ट्वीट कर कहा कि भारत सरकार चीनी घुसपैठ पर संसद में चर्चा कराने के लिए सहमत नहीं होगी। शिंजियांग में मानवाधिकारों पर चर्चा के लिए आए प्रस्ताव पर यूएनएचआरसी में भारत अनुपस्थित रहेगा। तिवारी ने आरोप लगाया कि विदेश मंत्रालय ताइवान का दौरा करने के लिए सांसदों को मंजूरी नहीं दे रहा है।

### शिंजियांग क्षेत्र...

चाहिए और इसे सुनिश्चित किया जाना चाहिए। हम उम्मीद करते हैं कि संबंधित पक्ष स्थिति का ठीक ढंग से और निष्पक्षता से ध्यान रखेगा। चीन में उइगर और अन्य मुस्लिम बहुल समुदायों के खिलाफ मानवाधिकारों के उल्लंघन के गंभीर आरोपों को 2017 के अंत से संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय और संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार तंत्र के ध्यान में लाया जाता रहा है।

### लद्दाख में...

सैनिकों की वापसी की उम्मीद करता है, जिससे दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंध सामान्य होने का मार्ग प्रशस्त हो सके। उन्होंने कहा, हम वहां तक नहीं पहुंचे हैं। मैं यह नहीं कहना चाहूंगा कि स्थिति सामान्य है। कुछ सकारात्मक कदम उठाए गए हैं, लेकिन कुछ कदम अभी उठाए जाने बाकी हैं। बागची ने पिछले महीने की गई विदेश मंत्री एस जयशंकर की उस टिप्पणी का भी जिक्र किया, जिसमें कहा गया था कि पूर्वी लद्दाख में पेट्रोलिंग प्वाइंट-15 से भारत और चीन की सेनाओं का पीछे हटना सीमा पर एक समस्या कम होने जैसा है।

### ज्ञानवापी मामले...

यह हमारे वाद का एक हिस्सा है। विष्णु जैन ने आगे कहा कि हमने अदालत को यह भी बताया कि हलफनामे पर मुस्लिम पक्ष ने कहा है कि यह (शिवलिंग जैसी संरचना) एक फव्वारा है, और यह चाहता है कि यह एक फव्वारा है या शिवलिंग, इस पर फैसला किया जाए। और निर्णय का सबसे अच्छा तरीका यह है कि इसकी जांच भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा की जानी चाहिए, जिसके लिए न्यायालय एक आयोग नियुक्त कर सकता है।' जैन ने कहा कि मुस्लिम पक्ष चाहता है कि वह इस पर अपना प्रत्युत्तर दे, जिसके लिए अदालत ने 11 अक्टूबर की तारीख तय की है। उन्होंने कहा कि अदालत सुनवाई के बाद अपना आदेश देगी। फैसला 11 अक्टूबर या 11 अक्टूबर के बाद आ सकता है। जिला शासकीय अधिवक्ता महेंद्र पांडेय ने बताया कि ज्ञानवापी परिसर में मिले शिवलिंग के कार्बन डेटिंग और वैज्ञानिक परीक्षण के मामले पर हिन्दू पक्ष ने आज कुछ बिंदुओं पर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया। अदालत ने अगली सुनवाई 11 अक्टूबर को मुस्लिम पक्ष से हिन्दू पक्ष के इस स्पष्टीकरण पर प्रत्युत्तर मांगा है।

### रुपया 82.33...

साथ 17,314.65 अंक पर आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने पूंजी बाजार में शुद्ध खरीदारी की। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, बृहस्पतिवार को विदेशी निवेशकों ने 279 करोड़ रुपए मूल्य के शेयरों की लिवाली की।

### दूसरा धर्म...

यादव भी शामिल हैं। आयोग नए व्यक्तियों को अनुसूचित जाति का दर्जा देने के मामले की जांच करेगा, जो ऐतिहासिक रूप से अनुसूचित जाति के होने का दावा करते हैं, लेकिन संविधान के अनुच्छेद 341 के तहत समय-समय पर जारी राष्ट्रपति के आदेशों में उल्लिखित धर्मों के अलावा अन्य धर्म को अपना चुके हैं। मौजूदा अनुसूचित जातियों पर निर्णय -अगर अमल में आता है तो- के निहितार्थों की भी आयोग जांच करेगा। इसके अलावा, इन लोगों के अन्य धर्मों में परिवर्तित होने के बाद, रीति-रिवाजों, परंपराओं और सामाजिक भेदभाव और अभाव की स्थिति में बदलाव पर भी ध्यान दिया जाएगा। आयोग किसी भी अन्य संबंधित प्रश्नों पर भी मंथन कर सकता है जो वह केंद्र के परामर्श और उसकी सहमति से उचित समझे। केजी बालकृष्णन उच्चतम न्यायालय के पहले दलित प्रधान न्यायाधीश थे। वह भारत के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। अधिसूचना में, मंत्रालय ने कहा कि यह मुद्दा मौलिक और ऐतिहासिक रूप से जटिल सामाजिक और संवैधानिक प्रश्न है और निश्चित रूप से सार्वजनिक महत्व का एक मामला है।

### अगले सत्र...

करे। यह व्यवस्था ऐसी ठोस हो कि डिटेंशन की आवश्यकता ही न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस गाइडलाइन्स के माध्यम से उनकी सरकार का उद्देश्य किसी भी विद्यार्थी को अगली क्लास में जाने से रोकना नहीं है, असल मकसद शिक्षा के प्रति संवेदनशीलता लाना है, ताकि सभी छात्र 5वीं व 8वीं कक्षाओं को भी उतनी ही गंभीरता से लें, जितनी गंभीरता वे 10वीं 12वीं कक्षा में दिखाते हैं। नई नीति के तहत किसी भी बच्चे को प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने तक स्कूल से नहीं निकाला जाएगा। प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष के अंत में कक्षा पांच और आठ में नियमित परीक्षा होगी। यदि कोई बच्चा इन कक्षाओं में अनुत्तीर्ण हो जाता है तो उसे परिणाम घोषित होने की तारीख से दो महीने की अवधि के भीतर पुनः परीक्षा का अवसर दिया जाएगा। कक्षा तीन, चार, छह और सात का मूल्यांकन कक्षा पांच और आठ के समान परीक्षा पैटर्न पर किया जाएगा।

### बेलारूस के...

पुरस्कार जीता, जिसे वैकल्पिक नोबेल पुरस्कार भी कहा जाता है। पुतिन के करीबी सहयोगी बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको के फिर से चुनाव जीतने के खिलाफ 2020 में विरोध प्रदर्शन के बाद उन्हें हिरासत में लिया गया था। उन्हें बिना किसी मुकदमे के जेल में रखा गया है और दोषी पाए जाने पर उन्हें 12 साल तक की जेल की सजा मिल सकती है। एंडरसन ने कहा कि व्यक्तिगत परेशानियां झेलने के बावजूद, बियालियात्स्की बेलारूस में मानवाधिकारों व लोकतंत्र के लिए अपनी लड़ाई में एक इंच भी पीछे नहीं हटे। उन्होंने कहा कि नोबेल समिति इस आशंका से अवगत है कि बेलियात्स्की को पुरस्कार दिए जाने पर बेलारूस में अधिकारी उनके खिलाफ और कार्वाई कर सकते हैं। उन्होंने कहा, हम कामना करते हैं कि यह पुरस्कार उन्हें नकारात्मक रूप से प्रभावित नहीं करेगा। हमें उम्मीद है कि इससे उनका मनोबल बढ़ सकता है। वहीं, मेमोरियल की स्थापना साम्यवादियों द्वारा किए गए दमन के शिकार लोगों की याद में साल 1987 में, तत्कालीन सोवियत संघ में की गई थी। मेमोरियल अब भी रूस में मानवाधिकारों के हनन और राजनीतिक बंदियों के बारे में सूचनाएं एकत्र करता है। एंडरसन ने कहा, संगठन सैन्यवाद का मुकाबला करने और कानून राज व मानवाधिकारों को बढ़ावा देने के प्रयासों में भी सबसे आगे खड़ा है। मेमोरियल ह्यूमन राइट्स डिफेंस सेंटर के बोर्ड की सदस्य तात्याना ग्लुशकोवा ने कहा कि वह और उनके सहयोगी अपने काम के महत्व को मान्यता दिए जाने को लेकर बहुत, बहुत खुश हैं। वहीं, यूक्रेन में मानवाधिकारों व लोकतंत्र को बढ़ावा देने के लिए साल 2007 में सेंटर फॉर सिविल लिबर्टीज की स्थापना की गई थी। एंडरसन ने कहा, सेंटर फॉर सिविल लिबर्टीज ने यूक्रेनी नागरिक समाज को मजबूत बनाने के लिए कदम उठाए हैं।

# मुंबई, गुजरात से 120 करोड़ की मेफेड्रोन जब्त एयर इंडिया के पूर्व पायलट समेत छह गिरफ्तार

भाषा। मुंबई

**स्वापक नियंत्रण ब्यूरो** ने मुंबई और गुजरात से 120 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की 60 किग्रा मेफेड्रोन जब्त की है और इस मामले में एयर इंडिया के एक पूर्व पायलट समेत मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह के छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एनसीबीसी के उपमहानिदेशक संजय सिंह ने मुंबई में एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुजरात के जामनगर में नौसेना खुफिया इकाई को मिली एक विशिष्ट जानकारी के आधार पर यह कार्रवाई की गई। हमने देश के विभिन्न राज्यों में फैले मादक पदार्थ तस्करों के गिरोह का भंडाफोड़ किया है और इसमें शामिल छह लोगों को गिरफ्तार किया है।

सिंह ने कहा, खुफिया जानकारी मिलने के बाद दिल्ली स्थित एनसीबी मुख्यालय और इसकी मुंबई क्षेत्रीय इकाई के अधिकारियों ने तीन अक्टूबर को जामनगर में छापेमारी की और 10 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त की। सिंह ने बताया कि एनसीबी के दल ने इस सिलसिले में जामनगर से एक और मुंबई से तीन लोगों को गिरफ्तार किया। एनसीबी के दल ने दक्षिण मुंबई के फोर्ट इलाके में एस बी रोड स्थित एक गोदाम में बृहस्पतिवार को छापा मारा और 50 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त की तथा मामले के सरगना समेत दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया। सिंह ने कहा कि और लोगों को भी गिरफ्तार किया जा सकता है। एक आरोपी पूर्व पायलट है, जिसने निम्न श्रेणी के एक कर्मचारी के रूप में अपना करियर शुरू किया था, लेकिन बाद में उसने पायलट पाठ्यक्रम की परीक्षा उत्तीर्ण की।

सिंह ने बताया कि पूर्व पायलट ने 2016 से 2018 के बीच विमानन कंपनी में काम किया। उन्होंने बताया कि उसने अमेरिका और लिथुआनिया में पायलट का प्रशिक्षण लिया। उन्होंने कहा, पायलट ने कुछ चिकित्सकीय कारणों से नौकरी छोड़ दी थी और तब से वह नशीले पदार्थों के गिरोह में शामिल हो गया था। मुंबई से गिरफ्तार किए गए एक आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है। उसे राजस्व खुफिया निदेशालय ने 2001 को 350 किलोग्राम मैनड्रैक्स (मादक पदार्थों) की तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया गया था और वह 2008 से जमानत पर रिहा है। गिरोह के सभी सदस्य लंबे समय से नशीले पदार्थों की तस्करी कर रहे हैं और वे अब तक विभिन्न राज्यों में कम से कम 225 किलोग्राम मेफेड्रोन वितरित कर चुके हैं। इस अभियान में जब्त मेफेड्रोन को मुंबई के निकट एक प्रयोगशाला में तैयार किया गया था और मुंबई स्थित मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ (एएनसी) पहले ही इस प्रयोगशाला का भंडाफोड़ कर चुका है। हमें इसी प्रकार के अन्य नेटवर्क के बारे में भी सूचना मिली है और हमारी जांच जारी है। उन्होंने बताया कि यह भी पता चला है कि इस मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों का एएनसी द्वारा हाल में जब्त की गई मेफेड्रोन से भी संबंध है। सिंह ने कहा, यह सामने आया है कि जब्त की गई 60 किग्रा मेफेड्रोन एक खेप का हिस्सा है और इसका मुंबई पुलिस द्वारा हाल में जब्त किए गए मादक पदार्थों से संबंध है। मेफेड्रोन एक मादक पदार्थ है, जिसे म्याऊम्याऊ या एमडी के रूप में भी जाना जाता है। यह नशीला पदार्थ स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत प्रतिबंधित है।

## छत्तीसगढ़ : बारूदी सुरंग में विस्फोट बीएसएफ जवान घायल

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में शुक्रवार को बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कांकेर के कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र के कोयलीबेड़ा-पानीडोबीर मार्ग पर मरकानार गांव के करीब बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से बीएसएफ का जवान घायल हो गया है। पुलिस को जानकारी मिली है कि शुक्रवार सुबह पानीडोबीर गांव स्थित बीएसएफ के शिविर से जवान अपने बीमार सहयोगी को कोयलीबेड़ा शिविर लेकर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि जवान मोटरसाइकिल पर थे और जब वे मरकानार गांव के करीब पहुंचे, तब बारूदी सुरंग में विस्फोट हो गया। इस घटना में एक जवान घायल हो गया। घटना के बाद घायल जवान को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी हालत खतरे से बाहर है।



कोलकाता में शुक्रवार को दुर्गा पूजा उत्सव समारोह में सिंदूर खेला में भाग लेती महिलाएं

## पूर्व सैनिक की पत्नी ने प्रधानमंत्री को भेंट की अपने पति की लिखी तीन किताबें

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के एक पूर्व वरिष्ठ अधिकारी की पत्नी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और अपने दिवंगत पति द्वारा लिखित तीन पुस्तकें उन्हें भेंट की। इनमें से एक पुस्तक विभाजन के उनके अनुभवों पर आधारित है। प्रधानमंत्री ने एक के बाद एक किए गए ट्वीट में यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि आज उनकी मुलाकात 90 वर्षीय उमा सचदेवा से हुई जो यादगार बन गई। उमा सचदेवा के पति कर्नल एच के सचदेवा (सेवानिवृत्त) सेना के एक सम्मानित अधिकारी थे। मोदी ने कहा, उमा जी ने मुझे अपने दिवंगत पति द्वारा लिखित तीन पुस्तकें भेंट कीं। इनमें से दो गीता से संबंधित हैं जबकि तीसरी ब्लड एंड टियर्स विभाजन के उनके अनुभवों और उनके जीवन पर इसके असर पर आधारित है। हमने 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस के रूप में मनाए जाने के भारत के फैसले को लेकर चर्चा की जो विभाजन के पीड़ितों को श्रद्धांजलि है।

## अमित शाह की मौजूदगी में 25 हजार किलोग्राम मादकपदार्थ नष्ट किया जाएगा

**गुवाहाटी।** एनसीबी द्वारा चलाए गए एक बड़े अभियान के तहत जब्त किए गए लगभग 25,000 किलोग्राम मादक पदार्थ को शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में नष्ट किया जाएगा। शाह यहां मादक पदार्थ की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर एक क्षेत्रीय बैठक की अध्यक्षता भी करेंगे, जिसमें पूर्वोत्तर क्षेत्र में मादक पदार्थ संबंधी स्थिति और इस पर अंकुश लगाने के तरीकों पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में पूर्वोत्तर के सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) हिस्सा लेंगे।एनसीबी यहां शनिवार को करीब 11,000 किलोग्राम मादक पदार्थ नष्ट करेगा।

एक अधिकारी ने बताया कि इसके अतिरिक्त, लगभग 13,675 किलोग्राम जब्त मादक पदार्थ (हेरोइन, गांजा, कोडीन कफ सिरप, नशीली गोलियां) को असम (2,531 किलोग्राम) और त्रिपुरा (11,144 किलोग्राम) द्वारा नष्ट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लगभग 25,000 किलोग्राम मादक पदार्थ नष्ट किया जाएगा। समाज को नशा मुक्त बनाने की नरेंद्र मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाला एनसीबी जब्त मादक पदार्थ को नष्ट करने के लिए एक जून से एक विशेष अभियान चला रहा है।

आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर एनसीबी ने तय किया था कि 75 दिनों के इस विशेष अभियान के दौरान एनसीबी की सभी क्षेत्रीय इकाइयों द्वारा 75 हजार किलोग्राम मादक पदार्थ नष्ट किया जाएगा। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि एनसीबी ने समयसीमा से काफी पहले, केवल 60 दिनों में इस लक्ष्य को हासिल कर लिया और मादक पदार्थ के इस्तेमाल के खिलाफ लड़ाई के संबंध में देश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। अधिकारी ने बताया कि 30 जुलाई तक करीब 82,000 किलोग्राम जब्त मादक पदार्थ नष्ट किया गया। इसी अभियान के तहत 30 जुलाई को चंडीगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में गृह मंत्री ने एनसीबी की विभिन्न क्षेत्रीय इकाइयों द्वारा 31,000 किलोग्राम नशीले पदार्थ को नष्ट करने की प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से शुरू की थी। अधिकारी ने बताया कि एक से सात जून तक चले इस विशेष अभियान के दौरान एनसीबी ने करीब 1,09,000 किलोग्राम जब्त नशीला पदार्थ नष्ट किया।

## केरल में कांग्रेस ने आबादी असंतुलन संबंधी भागवत की टिप्पणी की आलोचना की

**तिरूवनंतपुरम।** केरल की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने समुदाय आधारित जनसंख्या असंतुलन टिप्पणी को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत की शुक्रवार को तीखी आलोचना की और कहा कि यह राजनीतिक लाभ के लिए समुदाय में घृणा फैलाने के ैसांप्रदायिक एजेंडे का हिस्सा है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी. डी. सतीसन ने कहा कि यह दुष्प्रचार दक्षिणपंथी संगठन के सांप्रदायिक एजेंडे का भी हिस्सा है। कांग्रेस नेता ने यहां संवाददाताओं से कहा, ैजनसंख्या नियंत्रण के संबंध में आरएसएस प्रमुख का भाषण राजनीतिक लाभ के लिए समाज में नफरत फैलाने एवं लोगों के बीच धार्मिक विभाजन पैदा करने की खातिर तैयार किए गए सांप्रदायिक एजेंडे का हिस्सा है। उन्होंने भागवत की टिप्पणी को निराधार भी बताया। इससे पहले बृहस्पतिवार को, केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने भागवत पर निशाना साधते हुए कहा कि विजयदशमी पर उनका भाषण किसी तथ्य या आंकड़ों पर आधारित नहीं था, बल्कि यह आगामी चुनावों में लाभ लेने के उद्देश्य से कहा गया एकै झूठ था। भागवत ने बुधवार को कहा था कि राष्ट्र को सभी सामाजिक समूहों पर समान रूप से लागू एक व्यापक जनसंख्या नियंत्रण नीति तैयार करनी चाहिए और समुदाय आधारितै जनसंख्या असंतुलनै एक महत्वपूर्ण विषय है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

## कर्नाटक: भीड़ ने मदरसे में घुसकर हिंदू समर्थक नारे लगाए, नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

भाषा। बीदर (कर्नाटक)

**कर्नाटक** के बीदर में लोगों का एक समूह महमूद गवां मदरसे और वहां स्थित मस्जिद में दरवाजा तोड़कर घुस गया और कथित तौर पर हिंदू समर्थक नारे लगाए, जिसके बाद पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। मस्जिद समिति के सदस्य एवं शिकायतकर्ता मोहम्मद शफीउद्दीन के अनुसार, यह घटना उस समय हुई, जब बृहस्पतिवार को तड़के दुर्गा की प्रतिमा के विजर्सन के लिए पास से एक शोभा यात्रा निकल रही थी। आरोप लगाया गया है कि करीब 60 लोग पुरातात्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्मारक में ताला तोड़कर घुस आए, उन्होंने हिंदू समर्थक नारे लगाए और परिसर में गुलाल भी फेंका। भीड़ पर वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों को धमकाने का भी आरोप है जिन्होंने लोगों को रोकने की कोशिश की।

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए ट्वीट किया कि चरमपंथियों ने विरासत स्मारक को अपवित्र करने का प्रयास किया। ओवैसी ने एक वीडियो साझा करते हुए ट्वीट किया, कर्नाटक के बीदर में ऐतिहासिक महमूद गवां मस्जिद एवं मदरसे के (पांच अक्टूबर के) दृश्य। चरमपंथियों ने ताला तोड़ा और (मस्जिद को) अपवित्र करने की कोशिश की। बीदर पुलिस और (कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज एस) बोम्मई, आप ऐसा कैसे होने दे सकते हैं? भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) मुसलमानों को केवल नीचा दिखाने के लिए इसे बढ़ावा दे रही है।

शफीउद्दीन ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि इस जिला मुख्यालय शहर में शांति एवं सौहार्द बिगाड़ने और हिंसा पैदा करने की दुर्भावनापूर्ण मंशा वाले बदमाश लंबे समय से सक्रिय हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बदमाशों ने परिसर में मूर्तियां या तस्वीरें लगाईं और वे धार्मिक एवं सरकारी स्मारकों में घुसे।

शफीउद्दीन ने अपनी शिकायत में कहा, आपके संज्ञान में यह भी लाया जाता है कि ए लोग देश के खिलाफ नारे लगा रहे थे और दूसरे समुदाय को भड़काने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने पुलिस से गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज करने की भी अपील की। पुलिस ने कहा कि उसने घटना के बाद तनाव बढ़ने के कारण मदरसे के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी है।



मांड्या। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी दिवंगत पत्रकार और कार्यकर्ता गौरी लंकेश की बहन कविता के साथ

## नेशनल हेराल्ड मामला : ईडी ने कांग्रेस नेता शिवकुमार से की पूछताछ

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष डी के शिवकुमार से नेशनल हेराल्ड से जुड़े कथित धन शोधन मामले में शुक्रवार को दिल्ली में पूछताछ की। शहर में एपीजे अब्दुल कलाम रोड स्थित ईडी कार्यालय के अंदर जाने से पहले शिवकुमार (60) ने पत्रकारों से कहा कि वह कानून का पालन करने वाले नगारिक हैं और इसलिए संघीय एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए पहुंचे हैं, जबकि उन्हें यह भी नहीं पता कि उन्हें यहां बुलाया क्यों गया है। शिवकुमार ने कहा, मैं कानून का पालन करने वाला नागरिक हूं... मैं कानून का सम्मान करता हूं... मैंने समय मांगा था, लेकिन उन्होंने कहा आपको आना ही होगा। मैं आज यहां आया हूं... देखते हैं क्या होता है, मुझे उनकी बात सुनने दें और जो पता है, वह बताने दें। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा कर्नाटक में प्रवेश कर चुकी है, जिसमें शामिल होने के कारण शिवकुमार ने ईडी से 21 अक्टूबर तक पेशी से छूट देने का अनुरोध किया था। वह राज्य में यात्रा के प्रबंधन का जिम्मा संभाल रहे हैं।

शिवकुमार ने बृहस्पतिवार को बताया था कि ईडी ने सात अक्टूबर को दिल्ली में एजेंसी के सामने पेशी से छूट देने की उनकी अर्जी खारिज कर दी है। ईडी ने शिवकुमार और उनके भाई एवं सांसद डी के सुरेश (56) को भी कांग्रेस पार्टी के स्वामित्व वाले नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र से जुड़े कथित धन शोधन मामले में जारी जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए तलब किया है। एजेंसी तीन लेन-देन के बारे में जानकारी हासिल करना चाहती है। कांग्रेस की तेलंगाना इकाई की कार्यकारी अध्यक्ष जे गीता रेड्डी और पार्टी के कुछ अन्य नेताओं से भी एजेंसी ने पूर्व में उनके द्वारा किए गए इसी तरह के लेन-देन के संबंध में पूछताछ की है। नेशनल हेराल्ड धन शोधन मामले में ईडी पिछले कुछ महीने में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और पवन बंसल सहित कांग्रेस के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं से पूछताछ कर चुकी है।

## गोविंदाचार्य 11 अक्टूबर से उत्तर प्रदेश के नरौरा से गंगा संवाद यात्रा शुरू करेंगे

**नई दिल्ली।** जाने माने चिंतक के एन गोविंदाचार्य गंगा की निर्मलता, अविरलता एवं जल संरक्षण के महत्व के बारे में जन जागरूकता के प्रसार के लिए 11 अक्टूबर से गंगा संवाद यात्रा शुरू करेंगे। गोविंदाचार्य ने कहा कि वह उत्तर प्रदेश के नरौरा (बुलंदशहर) से गंगा संवाद यात्रा की शुरुआत करेंगे और यह यात्रा 30 नवंबर को कानपुर के बिठूर में समाप्त होगी। गंगा और गोवंश के प्रति लोगों में भावनात्मक लगाव तो है, लेकिन जिम्मेदारी का भाव शून्य होता जा रहा है। हमें अपने कर्तव्यबोध को समझने की जरूरत है। सरकार और समाज के साझा प्रयास से गंगा और गोवंश दोनों का संरक्षण संभव है। गोविंदाचार्य ने कहा कि नरौरा में गंगा की अविरलता बाधित होनी शुरू होती है और प्रदूषण में वृद्धि कानपुर के पास नदी की समस्या को विकराल बना देती है। पर्यावरणविद जी.डी. अग्रवाल ने गंगा के लिए अनशन किया और गंगा के लिए ही 11 अक्टूबर 2018 को उन्होंने प्राण त्याग दिए।

## क्विक न्यूज

### जलपाईगुड़ी हादसा: मल नदी से 450 लोगों को बचाया, भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने इलाके का दौरा किया

**जलपाईगुड़ी/कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान मल नदी में अचानक आई बाढ़ में आठ लोगों की मौत व कई लोगों के लापता होने की घटना में करीब 450 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। फिलहाल बचाव अभियान समाप्त कर दिया गया है। जिला प्रशासन ने यह जानकारी दी। वही, भाजपा का आठ सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल इलाके में पहुंचा और बचाए गए कई लोगों से बातचीत की और अचानक आई बाढ़ में मारे गए लोगों के परिजनों से मुलाकात की। जलपाईगुड़ी की जिलाधिकारी मौमिता गोदारा ने बताया, अब कोई भी लापता नही है। छह लोग अब भी अस्पताल में भर्ती हैं। मृतकों की संख्या आठ है। हमने पिछली रात बचाव अभियान को रोक दिया, लेकिन हमने तीन बचाव दलों को तैयार अवस्था में रखा है। भाजपा प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे सांसद जयंत रे ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, प्रशासन को और अधिक सतर्क रहना चाहिए। उत्तर बंगाल विकास मामलों के मंत्री उद्यान गुहा ने प्रशासन द्वारा लापरवाही बरतने के भाजपा के आरोपों को खारिज करते हुए, उसे आधारहीन करार दिया। उन्होंने कहा, हमने राहत और बचाव के लिए सभी कदम उठाए हैं। भाजपा का दल इलाके में सस्ती राजनीति करने आया है। गौरतलब है कि इस हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दो-दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। उन्होंने प्रतएक घायल को भी 50-50 हजार रुपए की सहायता देने की घोषणा की है। यह घटना बुधवार रात करीब साढ़े आठ बजे की है, जब विसर्जन समारोह में शामिल होने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग मल नदी के किनारे जमा हुए थे।

### दिव्यांगों को सशक्त बनाने की पहल

**कानपुर।** एमेज़ॉन इंडिया ने दिव्यांग युवाओं को काम के अवसर प्रदान करने के लिए दिव्यांग सशक्तीकरण विभागए सामाजिक न्याय व सशक्तीकरण मंत्रालय के साथ एक लैटर ऑफइंटेंट ;एलओआईद्ध पर हस्ताक्षर किए हैं। मार्चए 2024 तक लागू इस एमओयू का उद्देश्य जॉब फेयर द्वारा देश में हजारों दिव्यांगों को कौशल व रोजगार के अवसर प्रदान करना है। दिव्यांग सशक्तीकरण विभागए सामाजिक न्याय व सशक्तीकरण मंत्रालय एवं एमेज़ॉन के बीच किया गया यह त्रिपक्षीय समझौता स्किलिंगए सर्टिफिकेशन और एंट्रप्रेन्योरशित पर केंद्रित होगा, जो एक आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए समावेशी विकासए और आत्मनिर्भरता प्रदान करने के प्रधानमंत्री कार्यालय ;पीएमओद्ध के अनुरूप मुख्य समाज में दिव्यांगों की प्रतिभागिता को सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से डिज़ाईन किया गया है।इस अभियान द्वारा एमेज़ॉन का उद्देश्य दिव्यांगों के लिए स्वीकार्यता एवं समावेशन के वातावरण का निर्माण कर उन्हें आवश्यक सहयोग व प्रशिक्षण प्रदान करना हैए जो उनके स्किलिंग के अनुभव में एक सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण की मदद से होगा।

### मवेशी तस्करी: सीबीआई ने अनुव्रत मंडल के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

**कोलकाता।** सीबीआई ने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस नेता अनुव्रत मंडल के खिलाफ आसनसोल की एक सीबीआई अदालत मे 35 पन्नों का आरोपपत्र पेश किया। मंडल को जांच एजेंसी ने मवेशी तस्करी के एक मामले मे गिरफ्तार किया था। मंडल फिलहाल न्यायिक हिरासत मे है। तृणमूल कांग्रेस की बीरभूम जिला इकाई के अध्यक्ष मंडल को सीबीआई अधिकारियों की एक टीम ने 11 अगस्त को बोलपुर स्थित उनके आवास से मवेशी तस्करी मामले की जांच मे सहयोग नही करने के आरोप मे गिरफ्तार किया था। पश्चिम बंगाल मे सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेता मंडल गिरफ्तारी से पहले कई मौकों पर पूछताछ के लिए सीबीआई अधिकारियों के सामने पेश नही हुए थे।

### जम्मू-कश्मीर के बारामूला में दुर्घटनावश गोली चलने से एक सैनिक की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले मे अपनी ही सर्विस राइफल से दुर्घटनावश गोली चलने से सेना के एक जवान की मौत हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, हादसे मे 28 वर्षीय चंदर मोहन की मौत हो है। उन्होंने बताया कि उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर इलाके के चटूसा स्थित एक सैन्य शिविर के बाहर चंदर मोहन की सर्विस राइफल से बृहस्पतिवार देर शाम दुर्घटनावश गोली चल गई थी। हादसे मे मोहन की मौत हो गई।

## पुंछ में विस्फोटक बरामदगी के मामले में यूएपीए के तहत पांच लोग गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में हाल ही में एक विस्फोटक बरामद होने के सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया और उनके खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि (निरोधक) अधिनियम (यूएपीए) की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार से तस्करी कर भारत लाया गया था और 28 सितंबर को पुंछ शहर के परेड पार्क में एक महिला से इसे बरामद किया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (पुंछ) रोहित बसकोत्रा ने संवाददाताओं से कहा, महिला ने बताया कि उसके पति मोहम्मद आज़ाद ने उसे आईईडी दिया था। इसके बाद आज़ाद को हिरासत में लिया गया और लगातार पूछताछ के बाद पूरी साजिश का खुलासा हुआ। उन्होंने कहा, पाकिस्तान में रहने वाले आज़ाद के मामा टीका खान ने विस्फोटक की व्यवस्था की। बाद में इसे तस्करी के जरिए भारत लाया गया था और कमरदीन व वजाहत ने उसे सौंपा। पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया है।

बसकोत्रा ने कहा कि एक अन्य व्यक्ति, संदिग्ध सीमा पार तस्कर कमालदीन का नाम भी आरोपी से पूछताछ के दौरान सामने आया था, जिसे उसके सहयोगी सज्जाद के साथ एक अभियान के तहत पकड़ा गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों के पास से छह किलोग्राम से अधिक हेरोइन जब्त की गई। उन्होंने कहा कि कमालदीन के दो भाई नज़र और आतिफ भी पाकिस्तान में हैं और भारतीय हितों के खिलाफ काम कर रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि पांचों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (निरोधक) अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## मुस्लिम समुदाय के कुछ सदस्यों की पिटाई की घटना की जांच का आदेश दिया गया

**अहमदाबाद।** गुजरात के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आशीष भाटिया ने खेड़ा जिले में एक गरबा नृत्य कार्यक्रम पर पथराव करने के आरोपी मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों की पुलिसकर्मियों द्वारा सार्वजनिक रूप से पिटाई किए जाने की घटना की जांच का आदेश दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्य गृह विभाग के सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि कपड़वंज के पुलिस उपाधीक्षक वी एन सोलंकी को घटना की जांच करने और एक रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। घटना के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे और उन क्लिप का अधिकारियों द्वारा संज्ञान लिए जाने के बाद जांच का आदेश दिया गया। सोलंकी ने कहा, देर रात, मुझे घटना की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई। मैं यथाशीघ्र अपनी रिपोर्ट सौंपूंगा। हालांकि, उन्होंने डंडे से पिटाई किए जाने की मंगलवार की घटना में संलिप्त पुलिसकर्मियों के बारे में कोई ब्योरा देने से इनकार कर दिया।

## खड़गे ने सोनिया का रिमोट कंट्रोल होने की बात खारिज की

**अहमदाबाद।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पार्टी के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी के विपरीत उनकी पार्टी में रिमोट कंट्रोल जैसी कोई चीज नहीं है। पार्टी के शीर्ष पद के लिए हो रहे चुनाव के वास्ते अपना प्रचार करने यहां आए खड़गे ने जोर देकर कहा कि यदि वह सबसे पुरानी पार्टी (कांग्रेस) का मुखिया बनते हैं तो रिमोट कंट्रोल उनके पास ही होगा। वह भाजपा के इस दावे के बारे में एक सवाल का जवाब दे रहे थे कि वह अध्यक्ष पद पर चुने जाने के बाद सोनिया गांधी के रिमोट कंट्रोल और प्रॉक्सी के रूप में काम करेंगे।

खड़गे ने कहा, बहुत से लोग कहते हैं कि मैं रिमोट कंट्रोल हूं और पीछे से काम करूंगा। वे कहते हैं कि मैं वही करूंगा, जो सोनिया गांधी कहेंगी। कांग्रेस में रिमोट कंट्रोल जैसी कोई चीज नहीं है, हम लोग एक साथ निर्णय लेते हैं। यह आपकी सोच है। कुछ लोग यह मंतव्य तैयार कर रहे हैं। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) ने कितनी बार (पार्टी अध्यक्ष का) चुनाव कराया? (भाजपा में) सभी अध्यक्षों का चुनाव आम सहमति से हुआ, और आप मुझे शिक्षा दे रहे हैं? भाजपा में रिमोट कंट्रोल कहां है? जब मैं अध्यक्ष बनूंगा तो रिमोट कंट्रोल मेरे पास रहेगा।

सोनिया गांधी की प्रशंसा करते हुए खड़गे ने कहा कि उन्होंने एक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री को देश का प्रधानमंत्री (मनमोहन सिंह) बनाया था, न कि खुद पद संभाला था या अपने बेटे के नाम पर इसके लिए विचार किया था। खड़गे ने कहा कि वह एक ऐसे परिवार से ताल्लुक रखती हैं, जिसने इस देश के लिए अपने सदस्यों की कुर्बानी दी है और यहां तक कि अपने पति के हत्यारों को माफ करने की बात भी कही है। उन्होंने कहा कि अगर वह पार्टी अध्यक्ष बनते हैं तो पार्टी के हर स्तर पर महिलाओं, युवाओं, दलितों, पिछड़े वर्गों को प्रतिनिधित्व देने की कोशिश करेंगे और राज्य इकाइयों से एकजुट होकर चुनाव लड़ने की अपील करेंगे।

मैं अपनी पार्टी एवं गांधी, नेहरू की विचारधारा को बचाने और सरदार पटेल के एकता के आह्वान को मजबूत करने के लिए मैदान में उतरा हूं। अपने प्रतिद्वंद्वी शशि थरूर के बारे में पूछे जाने पर वरिष्ठ नेता ने कहा कि वह सहयोगियों और कार्यकर्ताओं की सलाह के बाद वह चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने पूछा, जब हमारे कार्यकर्ता, प्रतिनिधि और युवा कहते हैं कि आपको नेतृत्व करना चाहिए, तो क्या मुझे भाग जाना चाहिए? खड़गे ने कहा कि कांग्रेस के सामने कई चुनौतियां हैं, लेकिन इसमें बहादुरी से उनका सामना करने और उनसे पार पाने की क्षमता भी है। खड़गे ने याद दिलाया कि केदारनाथ में बाढ़ के बाद गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड शहर में फंसे अपने राज्य के लोगों को वापस लाने के लिए उनसे एक विशेष ट्रेन की मांग की थी। उस समय, हमने सरकारी स्तर पर उनकी मदद करने और फंसे लोगों को घर भेजने की पूरी कोशिश की थी। अगर हम एक साथ काम करते हैं, तो देश प्रगति करेगा। आगामी 17 अक्टूबर को होने वाले पार्टी चुनावों के लिए कांग्रेस की गुजरात इकाई के प्रतिनिधियों से मिलने आए खड़गे ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की भी सराहना की।

# भारत-अमेरिका के बीच संबंध सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं: पेंटागन

● दोनों सेनाओं के बीच अंतर-संचालन पर ध्यान केंद्रित

भाषा। वाशिंगटन

**पेंटागन** ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और दोनों देश विशेष तौर से अपनी सेनाओं के बीच अंतर-संचालन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

विदेश मंत्रालय (एमईए) की वेबसाइट के अनुसार, रक्षा संबंध भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में उभरे हैं। दोनों देश अब किसी अन्य देश की तुलना में एक-दूसरे के साथ अधिक द्विपक्षीय अभ्यास करते हैं। अमेरिका के रक्षा उद्योग से रक्षा खरीद का कुल मूल्य 13 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया है। पेंटागन के प्रवक्ता वायु सेना के ब्रिगेडियर जनरल पैट राइडर ने बृहस्पतिवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह एक ऐसा रिश्ता है जिसमें हम लगातार सुधार की उम्मीद करते हैं। विशेष रूप से हम दोनों सेनाओं के बीच अंतर-संचालन पर ध्यान केंद्रित करते हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, जून 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान, वाशिंगटन ने भारत को एक प्रमुख रक्षा भागीदार के रूप में मान्यता दी। साथ ही अमेरिका ने भारत के निकटतम सहयोगी और साझेदार के रूप में रक्षा उत्पादन और उद्योग के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी साझा करने लिए भी प्रतिबद्धता दिखाई।

### भारत जिम्मेदारी और परिपक्वता से ऊर्जा संकट से निपटा : पुरी

**वाशिंगटन।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत जिम्मेदाराना और परिपक्व तरीके से ऊर्जा क्षेत्र संबंधी चुनौतियों से पार पाने में सफल रहा है। पुरी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने ऊर्जा की कमी के कारण अपने देश की आबादी के किसी हिस्से को प्रभावित नहीं होने दिया। पुरी ने अमेरिका में भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधू द्वारा उनके सम्मान में आयोजित एक कार्यक्रम में ऊर्जा संकट का जिक्र करते हुए कहा, हम एक जिम्मेदाराना और परिपक्व तरीके से चुनौतियों से पार पाने में सफल रहे हैं। उन्होंने यहां इंडिया हाउस में आयोजित कार्यक्रम में कहा, मुझे नहीं लगता कि हमने भीषण बाढ़ झेल रहे पूर्वोत्तर के हिस्सों समेत हमारी आबादी के किसी भी हिस्से को ऊर्जा की कमी के कारण प्रभावित होने दिया है। कभी कमी नहीं आने दी गई और मुझे भरोसा है कि हम आगे भी ऐसा करेंगे। पुरी अमेरिकी ऊर्जा मंत्री जेनिफर ग्रानहोम के साथ शुक्रवार को द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। उन्होंने कहा, ऊर्जा क्षेत्र में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग की काफी संभावनाएं है। 160 अरब डॉलर के सालाना द्विपक्षीय व्यापार में से भारत 20 अरब डॉलर की ऊर्जा अमेरिका से आयात करता है। भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत रिचर्ड वर्मा और जनरल एटॉमिक्स कंपनी के मुख्य कार्यकारी विवेक लाल समेत कई गणमान्य हस्तियां इंडिया हाउस में आयोजित स्वागत समारोह में शामिल हुईं। इंडिया हाउस अमेरिका में भारत के शीर्ष राजनयिक का आधिकारिक आवास है।



हैती के पेटियन.विले क्षेत्र में प्रधानमंत्री एरियल हेनरी के इस्तीफे की मांग को लेकरहथियार के रूप में लकड़ी का टुकड़े के साथ जाता एक प्रदर्शनकारी

## यूएसएस रोनाल्ड रीगन ने दक्षिण कोरियाई युद्धपोतों के साथ फिर से नौसैनिक अभ्यास किया शुरू

एपी। सियोल

**परमाणु** शक्ति युक्त विमानवाहक पोत यूएसएस रोनाल्ड रीगन ने शुक्रवार को दक्षिण कोरियाई युद्धपोतों के साथ नौसैनिक अभ्यास का एक नया दौर शुरू किया। उत्तर कोरिया के और अधिक बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण करने और उसके युद्धक विमानों के दक्षिण कोरिया की सीमा के पास उड़ान भरने के एक दिन बाद यह अभ्यास शुरू किया गया है। इससे दोनों के बीच पहले से ही व्यापत तनाव के और बढ़ने की आशंका है।इससे पहले, उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया के नौसन्य पोतों के युद्धाभ्यास के खिलाफ इस सप्ताह की शुरुआत में एक मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल दागी थी जो जापान के ऊपर से गुजरते हुए प्रशांत महासागर में जा गिरी थी। इसके बाद रीगन और उसके बल कोरियाई प्रायद्वीप के पास समुद्री क्षेत्र में लौट आए थे।उत्तर कोरिया, अमेरिका और दक्षिण कोरिया के ऐसे अभ्यासों को युद्ध का पूर्वाभ्यास बताता है।दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने एक बयान में कहा कि शुक्रवार को शुरू हुए इस दो दिवसीय नौसैनिक अभ्यास में अमेरिका और दक्षिण कोरिया के विध्वंसक और अन्य पोत भी शामिल हैं। यह अभ्यास प्रायद्वीप के पूर्वी तट में अंतरराष्ट्रीय समुद्री क्षेत्र में किया जा रहा है। अभ्यास का उद्देश्य सहयोगियों की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाना है। इसमें दक्षिण कोरिया के दक्षिणी द्वीप जेजू की रक्षा करने के लिए रीगन का प्रशिक्षण भी किया जाएगा। बयान में कहा गया, हम उत्तर कोरिया द्वारा किसी भी उकसावे का जवाब देने के लिए अपनी क्षमताओं को बढ़ाना जारी रखेंगे। दक्षिण कोरिया की सेना ने बृहस्पतिवार को कहा था कि उत्तर कोरिया के आठ लड़ाकू विमान और चार बम गिराने वाले विमानों ने उसकी सीमा के पास उड़ान भरी। ऐसा जान पड़ता है कि उत्तर कोरियाई विमानों ने हवा से सतह पर गोलीबारी करने का अभ्यास किया।सेना के अनुसार, उत्तर कोरियाई की इस कार्वाई के खिलाफ दक्षिण कोरिया ने अपने 30 युद्धक विमान तैनात किए हैं।

### इस्लामिक स्टेट के तीन वरिष्ठ सदस्यों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने बृहस्पतिवार को सीरिया में दो अलग-अलग सैन्य अभियानों में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के तीन वरिष्ठ सदस्यों को मार गिराया। अमेरिका के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, अमेरिकी विशेष अभियान बलों ने सीरिया में कमिशली गांव के पास छापेमारी की, जिसमें आईएस का उग्रवादी रक्कन वाहिद अल शम्मन मारा गया। इस दौरान एक अन्य उग्रवादी घायल हो गया और दो अन्य को पकड़ लिया गया।

## अमेरिका में व्यक्ति पर करीब 14 हिंदू महिलाओं पर हमला करने का आरोप

भाषा। सैन फ्रांसिस्को

**अमेरिका** के कैलिफोर्निया प्रांत में घृणा अपराध की विभिन्न घटनाओं के तहत एक व्यक्ति ने कम से कम 14 ऐसी हिंदू महिलाओं पर हमले किए, जिन्होंने साड़ी या कोई अन्य पारंपरिक पोशाक पहन रखी थी, बिंदी लगा रखी थी और आभूषण धारण कर रखे थे। सांता क्लारा काउंटी के डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी के कार्यालय के अनुसार, 37 वर्षीय लाथन जॉनसन ने हिंदू महिलाओं को कथित रूप से निशाना बनाया और उनके आभूषण भी छीन लिए। प्राधिकारियों ने बताया कि जून में शुरू हुआ यह सिलसिला करीब दो महीने चला। एबीसी7 न्यूज ने बताया कि आरोपी ने इस दौरान कई महिलाओं को चोट भी पहुंचाई, जिनमें से अधिकतर की आयु 50 वर्ष से 73 वर्ष के बीच थी। रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी ने ऐसे ही एक मामले में एक महिला को जमीन पर कथित रूप से धक्का दिया, उसके पति के चेहरे पर मुक्का मारा और महिला का हार छीनकर एक कार में बैठकर फरार हो गया। इसमें बताया गया है कि इसी प्रकार के एक अन्य मामले में आरोपी के हमले में एक महिला की कलाई टूट गई। जॉनसन को सांता क्लारा पुलिस विभाग और यूएस मार्शल के कार्यालय ने गिरफ्तार किया है। दोषी ठहराए जाने पर उसे अधिकतम 63 साल की सजा हो सकती है। इस मामले की अगली सुनवाई चार नवंबर को होगी। जॉनसन द्वारा चोरी किए गए गले के हारों की कीमत करीब 35,000 डॉलर है। डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी के कार्यालय ने बताया कि जिन महिलाओं पर हमला हुआ, उनमें से लगभग सभी ने साड़ी या उसी प्रकार की कोई अन्य पारंपरिक पोशाक पहन रखी थी, बिंदी लगा रखी थी और आभूषण धारण कर रखे थे। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन के सदस्य समीर कालरा ने कहा, हम घृणा अपराध और ऑनलाइन हिंदूफोबिया के मामलों में वृद्धि देख रहे हैं।

## पुतिन 70 साल के हुए, स्थिरता के वादे से लेकर परमाणु हमले की धमकी तक का सफर

एपी। मॉस्को

**रूस** के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शुक्रवार को 70 साल के हो गए हैं, लेकिन वह अपने जीवन के सबसे मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। यूक्रेन में रूसी सेना को अपमानजनक तरीके से हार का सामना करना पड़ रहा है। नए सैनिकों की भर्ती की उनकी घोषणा के बाद हजारों की संख्या में रूसी देश छोड़ रहे हैं और उनके अपने ही शीर्ष सहयोगी सार्वजनिक रूप से सैन्य नेताओं का अपमान कर रहे हैं। पुतिन का हर दांव खाली जाता प्रतीत हो रहा है और वह लगातार संकेत दे रहे हैं कि यूक्रेन में रूसी बढ़त को बचाने के लिए परमाणु हथियारों का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। यह खौफनाक धमकी उनकी स्थिरता के वादे के विपरीत है जिसका निरंतर दावा वह गत 22 साल के अपने शासन में करते आए हैं। कार्नेगी इंडाउमेंट के वरिष्ठ शोधकर्ता एंद्रेई कोलेस्निकोव ने कहा, यह वास्तव में उनके (पुतिन के) लिए मुश्किल समय है, लेकिन वह इसके लिए किसी और को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते हैं। उन्होंने स्वयं यह किया है और बहुत बड़ी समस्या की ओर बढ़ रहे हैं।

उनका कहना है कि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद यूक्रेन के खिलाफ युद्ध छेड़ कर उन्होंने यूरोप का सबसे बड़ा सैन्य संघर्ष शुरू किया है और इस प्रकार पुतिन ने अलिखित सामाजिक संविदा को तोड़ा है जिसपर रूसी रणनीतिक रूप से सहमत थे। उन्होंने कहा कि माना जाता था कि रूसी समृद्धि और आंतरिक शांति के बदले सोवियत संघ के विघटन के बाद राजनीतिक आजादी त्यागने पर सहमत हुए थे। क्रेमलिन के कुलीन लोगों के लगातार संपर्क में रहने वाले और पुतिन पर किताब लिखने वाले पत्रकार मिखाइल जाइगर ने रेखांकित किया कि यूक्रेन पर हमले से न केवल जनता स्तब्ध थी बल्कि पुतिन के करीब भी हतप्रभ थे। जाइगर ने कहा, उनमें से सभी स्तब्ध थे, कोई ऐसी परिस्थिति नहीं देखना चाहता था जिसमें वे सबकुछ हारने वाले हैं। अब सभी के हाथ खून से रंगे हैं और वे जानते हैं कि इससे बच नहीं सकते। लंबे समय से राजनीतिक सलाहकार रहे और सत्तारूढ़ वर्ग से करीबी संपर्क रखने वाले स्टानिस्लाव बेलकोवस्की ने यूक्रेन पर हमले को पुतिन के लिए स्व विनाशकारी करार दिया। उन्होंने कहा कि यह उनकी सत्ता और रूसी परिसंघ के लिए भी विनाशकारी है। गौरतलब है कि ठीक ढंग से संगठित हमला नहीं होने की वजह से बड़े पैमाने पर रूसी सेना में अफरातफरी के हालात हैं। रूसी सेना नए भर्ती सैनिकों को जरूरी सामान की आपूर्ति करने में संघर्ष का सामना कर रही है, कई सैनिकों से स्वयं चिकित्सा किट खरीदने को कहा गया है और वे मोर्चे पर जाने से पहले जमीन पर सोने के लिए मजबूर हैं।

## सरकार ने स्टार्टअप के लिए क्रेडिट गारंटी योजना को अधिसूचित किया

**नई दिल्ली।** सरकार ने स्टार्टअप के लिए एक क्रेडिट गारंटी योजना को अधिसूचित किया है, जिसके तहत उन्हें एक तय सीमा बंधक मुक्त कर्ज दिया जाएगा। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने अधिसूचना में कहा कि योग्य उधारकर्ता को छह अक्टूबर या उसके बाद स्वीकृत ऋण, इस योजना के तहत पात्र होंगे। अधिसूचना के मुताबिक, केंद्र सरकार ने स्टार्टअप के लिए योग्य उधारकर्ताओं को वित्तपोषित करने के लिए सदस्य संस्थानों (एमआई) द्वारा दिए गए ऋण को क्रेडिट गारंटी प्रदान करने के उद्देश्य से स्टार्टअप के लिए क्रेडिट गारंटी योजना (सीजीएसएस) को मंजूरी दी है। यह योजना स्टार्टअप को जरूरी बंधक मुक्त कर्ज देने में मदद करेगी। एमआई में वित्तीय मध्यस्थ (बैंक, वित्तीय संस्थान, एनबीएफसी, एआईएफ) शामिल हैं। ए संस्थान ऋण देने के लिए योजना के तहत पात्र हैं। विभाग ने कहा, प्रति उधारकर्ता अधिकतम गारंटी कवर 10 करोड़ रुपए से अधिक नहीं होगा। यहां कवर की जा रही क्रेडिट सुविधा किसी अन्य गारंटी योजना के तहत कवर नहीं की जानी चाहिए। इस योजना के लिए भारत सरकार एक ट्रस्ट या फंड की स्थापना करेगी, जिसका उद्देश्य पात्र उधारकर्ताओं को दिए गए ऋण में चूक की स्थिति में भुगतान की गारंटी देना है। इस फंड का प्रबंधन नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड के बोर्ड द्वारा किया जाएगा।

## भारत में चौथी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व करने की क्षमता: मोदी

भाषा। केवडिया (गुजरात)



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत में चौथी औद्योगिक कांति का नेतृत्व करने की क्षमता है और सरकार ने देश को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए सुधार किए हैं। उन्होंने कहा कि चौथी औद्योगिक क्रांति का जितना संबंध नई तकनीक से है, उतना ही नई सोच से भी है। उन्होंने एक संदेश में कहा, विभिन्न कारणों से भारत पिछली औद्योगिक क्रांतियों का हिस्सा बनने से चूक गया। लेकिन, भारत में उद्योग 4.0 का नेतृत्व करने की क्षमता है। प्रधानमंत्री ने इसकी वजह बताते हुए कहा कि हाल के इतिहास में पहली बार हमारे पास जनसांख्यिकी, मांग और निर्णायक शासन जैसे कई अलग-अलग कारक एक साथ मौजूद हैं। भारी उद्योग मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने यहां उद्योग 4.0 पर आयोजित सम्मेलन में प्रधानमंत्री का संदेश पढ़ा। मोदी ने कहा कि उद्योग और उद्यमी भारत को वैश्विक मूल्य श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण कड़ी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा, हमने भारत को दुनिया का एक तकनीकी-संचालित विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए सुधारों और प्रोत्साहनों को बढ़ावा दिया है। कार्यक्रम में भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय ने कहा कि सरकार औद्योगिक क्रांति 4.0 के माध्यम से विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा रही है। उन्होंने कहा, भारत वैश्विक विनिर्माण का केंद्र बनने की ओर बढ़ रहा है... 3डी प्रिंटिंग, मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स और आईओटी औद्योगिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## वीजा विवाद से भारत-ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता पूरा होने पर आशंका गहराई

**लंदन।** ब्रिटेन की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन की आव्रजन संबंधी विवादास्पद टिप्पणी के बीच यहां इस बात की आशंका बढ़ रही है कि भारत-ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) फिलहाल बाधित हो सकता है। इस समझौते को अंतिम रूप देने के लिए दीपावली की समयसीमा तय की गई है और इस पर चल रही बातचीत अंतिम चरण में है। ऐसा लगता है कि भारतीय मूल की ब्रेवरमैन वीजा मुद्दे पर ब्रिटेन की प्रधानमंत्री लिज ट्रस के साथ सीधे टकराव के लिए तैयार हैं। ट्रस चाहती हैं कि एफटीए के लिए तय 24 अक्टूबर की समयसीमा तक पूरा कर लिया जाए। ट्रस इस बात को अच्छी तरह समझती हैं कि नए व्यापार समझौते के तहत भारत के लिए छात्रों और पेशेवरों की आवाजाही में सुविधा महत्वपूर्ण है। हालांकि, ब्रेवरमैन ने एफटीए के तहत भारत के साथ एक खुली सीमा प्रवास नीति होने की आशंका जाहिर की, जिसके बाद अंतिम समझौते को लेकर संदेह पैदा हो गया है। लंदन स्थित थिंक टैंक इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रेटेजिक स्टडीज (आईआईएसएस) में दक्षिण एशिया के सीनियर फेलो राहुल रॉय चौधरी ने कहा, अब ऐसा लगता है कि लिज ट्रस सरकार के तहत संभावित ब्रिटेन-भारत एफटीए न तो उतना वास्तविक होगा और न ही उतना व्यापक होगा, जितना कि पिछली बोरिस जॉनसन सरकार में इसकी परिकल्पना की गई थी। हो सकता है कि आवाजाही ा प्रवासन और व्यापार शुल्क के मुद्दों पर बातचीत जारी रहे। रणनीतिक विशेषज्ञ का मानना है कि दिवाली की समयरेखा अभी भी प्रतीकात्मक रूप से पूरी हो सकती है ताकि दोनों सरकारें एक तरह की राजनीतिक जीत का दावा कर सकें। ब्रिटेन की व्यापार मंत्री केमी बेडेनॉच ने भी एक परिचर्चा में इस समझौते के कम असरदार होने की आशंका जताई है। बेडेनॉच ने इस परिचर्चा में कहा कि दोनों देश यह कह सकते हैं कि वे आगे चलकर समझौते के अन्य बिंदुओं पर सहमत हो सकते हैं।

## आईटी, वित्तीय शेयरों में मुनाफावसूली से सेंसेक्स में गिरावट

भाषा। मुंबई



**वैश्विक** शेयर बाजारों में कमजोरी के बीच वित्तीय और आईटी शेयरों में मुनाफावसूली होने से प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। इस दौरान 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 30.81 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,191.29 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह एक समय 370.95 अंक यानी 0.63 फीसदी की गिरावट के साथ 57,851.15 तक टूट गया था।

दूसरी ओर एनएसई का निफ्टी 17.15 अंक यानी 0.10 प्रतिशत टूटकर 17,314.65 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस और आईटीसी में खास तौर पर गिरावट दर्ज की गई। महिंद्रा एंड महिंद्रा में सर्वाधिक 1.37 प्रतिशत की गिरावट रही। दूसरी ओर टाइटन, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, मारुति, इंडसइंड बैंक और एशियन पेंट्स में बढ़त दर्ज की गई। टाइटन ने सर्वाधिक 5.27 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। अन्य एशियाई बाजारों में सोल, तोक्यो, शंघाई और हांगकांग के बाजार लाल निशान में बंद हुए। यूरोपीय बाजारों में मध्य सत्र के दौरान मिला-जुला रुख देखने को मिला। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिका में रोजगार के आंकड़े जारी होने से पहले, घरेलू बाजार ने अन्य विदेशी बाजारों की ही तरह कमजोरी का रुख दिखाया। रोजगार में अनुमान से अधिक कमी से बाजार में गिरावट आ सकती है, क्योंकि ऐसे में फेडरल रिजर्व मुद्रास्फीति को काबू में करने पर अधिक जोर देगा। नायर ने कहा कि तेल निर्यातक संगठन ओपेक और सहयोगी देशों द्वारा आपूर्ति में कटौती की घोषणा के बाद कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि जारी है। दूसरी ओर फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की तीखी टिप्पणियों से डॉलर के मुकाबले रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर आ गया है। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि बाजारों में हालिया तेजी थम गई है और किसी भी बड़े घटनाक्रम के अभाव में उल्लेखनीय फेरबदल नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजारों, विशेषकर अमेरिका, में अब भी स्थाई सुधार के संकेत नहीं दिख रहे हैं। ऐसे में अस्थिरता बनी हुई है और प्रतिभागियों को इसी के हिसाब से रणनीति बनानी चाहिए।

व्यापक बाजारों में बीएसई स्मॉलकैप 0.30 फीसदी और मिडकैप सूचकांक 0.15 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई के क्षेत्रवार सूचकांकों की बात करें तो तेल एवं गैस में 0.78 प्रतिशत, ऊर्जा में 0.72 प्रतिशत, धातु में 0.63 प्रतिशत, आईटी में 0.57 प्रतिशत और एफएमसीजी में 0.52 प्रतिशत की गिरावट आई। दूसरी ओर उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में 2.13 फीसदी, दूरसंचार में 0.91 फीसदी और पूंजीगत सामान में 0.35 फीसदी की तेजी रही।

इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा 0.48 फीसदी की तेजी के साथ 94.87 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर पहुंच गया। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 279.01 करोड़ रुपए मूल्य के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की।

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that **I, Rabindra Nath Dass S/D/W/O Nadiar Chand Dass R/o SFS Flat No. 8049,Ground Floor,CAT-III, Pocket-11, Sector-B,Vasant Kunj, New Delhi-110070.** Submission of document in respect of property bearing Ref. no. F-126 (6100) 83/SFS/VK/III.The Original Documents **Allotment Letter,last & final Demand Letter, Possession Letter, Site Possession Letter with encloures, NOC for Water & Electricity Connection, Conveyence Deed** of the above said property has been lost. An FIR/NCR to this effect has lodged in P.S. Crime Branch, Delhi vide LR NO. 867495/2022.So No. 430/2014 Delhi Police. Any person(s)claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone:9811219105.The person claiming any right, interest objections with respect to this property can personally inform or write to: **The Assistant Director (SFS III) Vikas Sadan, INA, New Delhi.**

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of Fullerton India Home Finance Company Ltd. that Mrs. Babli Devi is only surviving Member of late Mrs. Gopali Devi & Mr. Ashok Kumar, she is claiming owner of Property bearing No. H-41/14, area measuring 50 Sq., Yds., out of Khasra No. 627, Situated in the Village Ghonda Gujran khaddar, in the abadi of H Block, Gali No. 15, Jain Prakash Nagar, Ghonda, Illaqa Shahdara, Delhi, Mrs. Gopali Devi and Mr. Ashok Kumar acquired the said property on the basis of GPA, Agreement, and will dated 19.12.2001, All persons are hereby informed that above mentioned claiming owner want to sell the said property to Mr. Brijesh Kumar & Mr. Vijay Kumar who is taking a Loan from Fullerton India Home Finance company Ltd. for purchase of the said property, if any body has any objection/s upon the ownership of Mrs. Babli Devi in respect of the said property its sale /Mortgage/Litigation, & any kind of dispute, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that **Mrs. Sushila** who is purchasing the Residential Property/House No.960, area admeasuring 54 Sq. Yds. (18.6'x26'), situated at Mauja Sihi, within the limit of Lal Dora, Tehsil Ballabhgarh, District Faridabad (Haryana); from **Mrs. Amreen** W/o. Mr. Arif Khan who is owner of the aforesaid property vide Transfer Deed dated 12.05.2022, registered with the office of Sub-Registrar,-Ballabgarh, vide Document No.963 and same to be finance & mortgage by **Vastu Housing Finance Corporation Limited.** To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim / right / title / interest / creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 7 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Lucem Legal LLP**
269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth, Opp. Uday Park, South Ext. II, New Delhi-49
Contact# 011-40046316

**PUBLIC NOTICE**

My client, Smt. Anu Singh, who is a registered co-owner/co-lessee of Residential House No. 88, situated in Block-G, Sector- Alpha- II, Greater Noida, Distt Gautam Budh Nagar ("the said property") admeasuring 60 Sq. Mtrs. vide Transfer Deed of Lease Hold rights dated 20.12.2003 executed by Sh. B.D. Ahuja S/o Sh. D.F. Ahujaas General Power of Attorney of Sh. Neeraj Sharma S/o Sh. Ghanshyam Sharma in favour of Sh. Shailender Singh S/o Late Sh. Vasudeo Singh & Mrs. Anu Singh W/o Sh. Shailender Singh via document number 8909 on 20.12.2003.Thereafter, Sh. Shailender Singh S/o Late Sh. Vasudeo Singh died on 04.05.2019 and the said property was mutated solely in the name of my client. The said property is going to be mortgaged with IIFL Home Finance Limited. Any person/bank/ financial institution having any claim/right, lien any objection whatsoever in regard to above property, should notify to the undersigned/Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered A/D within 7 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.

**Vishal Mehan (Advocate)**
**E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092. Mobile No. 9811215181**

**PUBLIC NOTICE**

Before the Regional Director, Ministry of Corporate Affairs Region, Delhi
Northern Region
In the matter of Companies Act, 2013, Section 14 of Companies Act, 2013 and rule 41 of the Companies (Incorporation) Rules, 2014
AND
In the matter of M/s Orient Resins Limited having its registered office at 10, Friends Colony (West) New Delhi -110065
Applicant

Notice is hereby given in the general public that the company intending to make an application to the Central Government under Section 14 of the Companies Act, 2013 read with aforesaid rules and is desirous of converting into a private limited company in terms of special resolution passed at the Extra Ordinary General Meeting held on 29th August, 2022 to enable the company to give effect for such conversion.

Any person whose interest is likely to be effected by the proposed change/status of the company may deliver or cause to be delivered or send registered post of his objections supported by an affidavit stating the nature of his interest and ground of opposition to the concerned Regional Director with in fourteen days (14 days) from the date of publication of this notice with a copy to the applicant company at its registered office mention below:

Registered Office: 10, Friends Colony (West) New Delhi -110065

**For an on behalf of the Applicant**
Avikshit Saras, Director
DIN: 00122648
Address: 10, Friends Colony West, Delhi-110065
Date: 07-10-2022
Place: New Delhi

**सार्वजनिक नोटिस**

**वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत निगमित एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी
निगमन की तिथि: 04.02.2005
सीआईएन: U65922MH2005PLC272501
पंजीकृत और कॉर्पोरेट कार्यालय:
यूनिट नंबर 203 और 204, दूसरी मंजिल, ए विंग, नवभारत एस्टेट्स, जकारिया बंदर रोड, सेवरी (पश्चिम), मुंबई – 400015
दूरभाष नं: 022-24190911; ईमेल: cs@vastuhfc.com
वेबसाइट: https://www.vastuhfc.com

**शाखा कार्यालय का स्थानांतरण**

गाजियाबाद (सविता विहार) स्थित वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड ("कंपनी") की शाखा कार्यालय को प्रभावी **8 नवम्बर 2022** से लक्ष्मी नगर से नीचे दिए गए नए परिसर में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

| | |
|---|---|
| **पुराना पता:** 301 और 304, तीसरी मंजिल पंकज टॉवर, प्लॉट नंबर 10 एल.एस.सी. सविता विहार, दिल्ली– 110092 | |
| **नया पता:** 211 S/F, प्लॉट नंबर – 7 जिला केंद्र रूट्स टॉवर लक्ष्मी नगर, दिल्ली – 110092 | |

पुराना परिसर **7 नवंबर, 2022** तब तक चालू रहेगा। **8 नवंबर, 2022** से, कंपनी के सभी लेनदेन/ग्राहक सेवा अनुरोध केवल नए पते पर भेजे जाने चाहिए।

किसी भी प्रश्न के मामले में, आप हमसे यहां संपर्क कर सकते हैं: **customercare@vastuhfc.com**

**पता:** यूनिट नंबर 203 और 204, दूसरी मंजिल, ए विंग, नवभारत एस्टेट्स, जकारिया बंदर रोड, सेवरी (पश्चिम), मुंबई – 400015

दिनांक : 08.10.2022 हस्ताक्षर
स्थान : नई दिल्ली

**शुद्धिपत्र**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग,दिल्ली–110005

ऋण खाता संख्या एलबीडीईएल00003442545, एलबीडीईएल00005314217, एलबीडीईएल00003957823 कर्जदार का नाम विनोद कुमार शर्मा, सुकृति शर्मा के संबंध में सरफासी ऐक्ट के तहत सूचनाएं, धारा 13(2) के तहत मांग सूचना दिनांकित 30–09–2022 क्रमश: के रूप में प्रकाशित की गई थी। हम वर्णित करने के इच्छुक हैं कि असावधानीवश और बिना कोई इरादा के, उक्त प्रकाशन में एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा बकाया राशि रू. 37,23,516/–, रू. 6,05,201.05/–, रू. 6,00,994.05/– के स्थान पर रू. 37,23,516/–, रू. 6,05,201.05/– वर्णित की गई है। हम अतएव, आपसे उसको रू. 37,23,516/–, रू. 6,05,201.05/–, रू. 6,00,994.05/– के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं।

दिनांकित : 07–10–2022 हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**शुद्धिपत्र**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग,दिल्ली–110005

ऋण खाता संख्या एलबीडीईएल00005680801 एवं एलबीडीईएल00005680802, कर्जदार का नाम सुरेन्द्र राव मालवाय, दुर्गा मालवाय के संबंध में सरफासी ऐक्ट के तहत सूचनाएं, धारा 13(2) के तहत मांग सूचना दिनांकित 30–09–2022 क्रमश: के रूप में प्रकाशित की गई थी। हम वर्णित करने के इच्छुक हैं कि असावधानीवश और बिना कोई इरादा के, उक्त प्रकाशन में एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा बकाया राशि रू. 30,09,950/–, रू. 13,32,068/– के स्थान पर रू. 30,09,950/–, रू. 13,32,068/– रू. 6,00,994.05 वर्णित की गई है। हम अतएव, आपसे उसको रू. 30,09,950/–, रू. 13,32,068/– के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं।

दिनांकित : 07–10–2022 हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# लोकनायक की जयंती पर नीतीश सरकार के अंत की इबारत लिखी जाएगी: भूपेंद्र सिंह



भाषा। बलिया

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने दावा किया कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती के अवसर पर बिहार की नीतीश कुमार (बिहार के मुख्यमंत्री) सरकार के अंत की इबारत लिखी जाएगी। उन्होंने नीतीश कुमार सरकार को जातिवादी और अवांछनीय तत्वों के नापाक गठबंधन की सरकार करार दिया। शुक्रवार को बिहार सीमा पर स्थित जिले के जयप्रकाश नगर क्षेत्र के सिताबदियारा में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती के अवसर पर 11 अक्टूबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का कार्यक्रम सुनिश्चित है।

इस कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करने आए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार को जातिवादी व अवांछनीय तत्वों के नापाक गठबंधन की सरकार करार दिया। चौधरी ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह के लोकनायक जयप्रकाश नारायण के जयंती के अवसर पर 11 अक्टूबर को होने वाले कार्यक्रम से बिहार में जातिवादी व अवांछनीय तत्वों के नापाक गठबंधन की सरकार के अंत की इबारत लिखी जाएगी। उन्होंने कहा कि कि बिहार से आने वाले समय में जातिवाद व भ्रष्टाचार का खात्मा होगा। बलिया के भाजपा सांसद और जेपी ट्रस्ट के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह मस्त ने कहा कि इस कार्यक्रम के बाद देश में विशेषकर बिहार में एक नए राजनीतिक वातावरण का सृजन होगा। उन्होंने कहा कि इस ट्रस्ट पर राजनीतिक संग्रहालय का निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश व बिहार के कुल 46 गांवों की महिलाओं को यहां कुटीर उद्योग का प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वावलंबी बनाने का कार्य किया जाएगा। महिलाओं को राष्ट्रीय ध्वज बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## राहुल गांधी को कांग्रेस जोड़ो यात्रा शुरू करनी चाहिए : चौधरी

**बलिया (भाषा)।** उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने शुक्रवार को कांग्रेस में जारी अंतर्विरोध का हवाला देते हुए वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को कांग्रेस जोड़ो यात्रा शुरू करने की सलाह दी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि राहुल गांधी को भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत पाकिस्तान के पेशावर, कराची और इस्लामाबाद से करनी चाहिए थी, क्योंकि कांग्रेस सरकार में ही ए हिस्से देश से अलग हुए थे और इसके बाद से देश में कोई विभाजन नहीं हुआ है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा शुरू करने के उपरांत जिस तरह से कांग्रेस में राजस्थान और अन्य राज्यों में अंतर्विरोध और टकराव की स्थिति सामने आ रही है, उसे देखते हुए राहुल गांधी को अपने परिवार को जोड़ने के लिए कांग्रेस जोड़ो यात्रा शुरू करनी चाहिए। ओम प्रकाश राजभर के नेतृत्व वाली सुभासपा (सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी) के साथ संभावित गठजोड़ के सवाल पर चौधरी ने कहा कि ओम प्रकाश राजभर से गठबंधन के मामले में राजनीतिक परिस्थितियों और पार्टी हित के आधार पर केंद्रीय नेतृत्व फैसला करेगा। उन्होंने कहा कि राजभर पहले भी भाजपा के साथ रहे हैं।

# पांच करोड़ रुपए मूल्य की स्मैक बरामद, एक व्यक्ति गिरफ्तार

**बहराइच (भाषा)** पुलिस ने बहराइच जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र से करीब पांच करोड़ रुपए मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए हैं और इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अशोक कुमार ने शुक्रवार को कहा, पुलिस के दल ने खुफिया जानकारी के आधार पर कार्वाई करते हुए बृहस्पतिवार को सद्दाम हुसैन नाम के व्यक्ति के पास से 530 ग्राम स्मैक बरामद की और उसे गिरफ्तार कर लिया। जब्त स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब पांच करोड़ रुपए है। कुमार ने बताया कि हुसैन बहराइच जिले के रामगांव थानांतर्गत रमवापुर गांव का निवासी है। एएसपी ने बताया कि हुसैन के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि हुसैन से पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर तस्करों के नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

# टाटा ग्रुप के चेयरमैन चंद्रशेखरन ने किए रामलला के दर्शन



संवाददाता। अयोध्या

**टाटा ग्रुप** के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन आज धर्मपत्नी सहित अयोध्या पधारे। हनुमानगढ़ी में दर्शन किए। तत्पश्चात राम जन्मभूमि परिसर पहुंचे, मंदिर निर्माण स्थल का बारीकी से अवलोकन किया, टाटा के मन्दिर निर्माण परिसर स्थित कार्यालय में इंजीनियरों के साथ उनके अनुभव साझा किए, मंदिर का वीडियो देखा । मन्दिर में रामलला की आरती की। अर्चकों द्वारा श्री राम जन्म भूमि मंदिर का मॉडल ,भगवान के प्रसाद स्वरूप अंगवस्त्र भेंट किए गए । वे अत्यंत भाव विभोर थे। अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए चंद्रशेखरन ने कहा कि अयोध्या भगवान श्री राम की जन्मभूमि है इस भूमि को मैं प्रणाम करता हूं, इस पावन धरती पर श्री राम का मंदिर बन रहा है, यह भारत के लिए ही नहीं अपितु पूरे विश्व के लिए गौरव की बात है। इस मंदिर निर्माण के ऐतिहासिक कार्य को देखकर मैं अत्यधिक उत्साहित हूं, अभिभूत हूं । इसके निर्माण के लिए टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा कंसलटिंग इंजिनियर्स को प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसलटेंट का कार्य सौंपा गया है, हमारे लिए यह सौभाग्य की, गौरव की बात भी है । हमने जिस उत्साह से मंदिर निर्माण का कार्य शुरू किया था, उतने ही उत्साह के साथ और निर्धारित समय पर इस कार्य को पूरा भी करेंगे । प्रभु से यही कामना है कि प्रभु श्री राम की कृपा हम पर बनी रहे। इस अवसर पर टाटा कंसलटिंग इंजीनियर्स के श्री रमेशए श्री सतीश राव और प्रोजेक्ट मैनेजर इंजीनियर विनोद शुक्ला उपस्थित रहे। प्रदेश सरकार की ओर से मंडलायुक्त नवदीप रिनवा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से न्यासी डॉ अनिल मिश्रा एवं महामंत्री चंपत राय भी उपस्थित रहे । राम जन्मभूमि परिसर के पश्चात अम्मा मन्दिर दर्शन करके वापस प्रस्थान करेंगे।

# मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान युवक को मारी गोली, मौत

भाषा। गोरखपुर

**गोरखपुर के** शाहपुर थाना क्षेत्र के असुरन में मूर्ति विसर्जन के दौरान गोली लगने से 28 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार गोली लगने से गंभीर रूप से घायल होने पर युवक को बीआरडी मेडिकल कॉलेज में ले जाया गया, जहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। लेकिन बीच रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान राप्तीनगर फेज चार निवासी विकास तिवारी (28) के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि उसे तीन गोलियां (एक पेट और दो हाथ में) लगी थीं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) गौरव ग्रोवर ने बताया कि हमें जानकारी मिली शाहपुर थाना क्षेत्र के असुरन इलाके में बृहस्पतिवार देर शाम मूर्ति विसर्जन जुलूस निकालने के दौरान गोली लगने से एक मेडिकल स्टोर संचालक घायल हो गया। पुलिस उसे मेडिकल कॉलेज ले गई, जहां से उसे लखनऊरेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। ग्रोवर ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कथित तौर पर लकी निषाद नामक व्यक्ति ने युवक पर गोलियां चलाईं जिसे हिरासत में ले लिया गया और पूछताछ जारी है। एसएसपी ग्रोवर ने कहा कि पुलिस को लिखित शिकायत मिलने के बाद मामला दर्ज किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार विसर्जन जुलूस में डीजे को लेकर हुए विवाद में विकास तिवारी की हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि जुलूस में शामिल अधिकतर लोग शराब के नशे में थे और डीजे डांस को लेकर हुए विवाद के बाद एक व्यक्ति ने पिस्टल निकाली और विकास पर गोलियां चला दीं। पुलिस अधीक्षक (नगर) केके विश्नोई ने कहा कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। मृतक के माता-पिता दोनों सेवानिवृत्त पुलिस निरीक्षक हैं और भाई पीएसी में कार्यरत है।

# युवा वर्ग दिनचर्या में योग को करें शामिल: डॉ. गौर

- कहा, विश्व योग परिषद का वैचारिक सत्याग्रह स्वास्थ्य सुधार हेतु एक अविस्मरणीय प्रयास



कार्यक्रम में बोलते हुए पूर्व मंत्री डॉ नरेन्द्र कुमार सिंह गौर।

**प्रयागराज।** रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर में विश्व योग परिषद के वैचारिक सत्याग्रह आओ योग करें देश का नवनिर्माण करें कार्यक्रम श्रृंखला का शुभारंभ शुक्रवार को मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नरेंद्र कुमार सिंह गौर ने किया। मुख्य अतिथि डॉ नरेंद्र कुमार सिंह गौर ने छात्र छात्राओं से कहा कि प्रत्येक युवाओं को दैनिक दिनचर्या में कम से कम दस मिनट योग को जरूर शामिल करना चाहिए। जिससे कि प्रत्येक भारतीय का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि जैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग के नित्य अभ्यास से स्वयं को प्रत्येक क्षेत्र में अग्रसर बनाए रखा हुआ है। उसी प्रकार आप भी दैनिक दिनचर्या में योग को धारण कर आप भी कैरियर के अग्रिम पंक्ति में अपना स्थान सुनिश्चित कर सकते हैं। मुख्य वक्ता अंतरराष्ट्रीय योग गुरु आत्माचार्य ने योग विषय की जानकारी दी। उन्होंने छात्र छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों स्ट्रेस डायबिटीज मोटापा याददाश्त का कमजोर होना चिड़चिड़ापन इत्यादि विषयों से संबंधित सवालों का जवाब दिया और इन से बचते हुए अपने जीवन को लक्ष्य पर कैसे केंद्रित हो इसका तरीका बताया। आत्माचार्य ने कहा भयानक से भयानक महामारी ने योग करने वालों के आगे घुटने टेक दिए लोगों ने योग के बल पर अपने अंदर एक विशेष प्रकार की एंटीबॉडी को तैयार किया। जिसका साक्षात्कार सारी दुनिया ने कोरोना महामारी के अंतर्गत देखा। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडेय ने किया। उन्होंने विश्व योग परिषद के उद्देश्य की सराहना की। कहा योग कर्मसु कौशलम् अर्थात योग आपके जीवन के कर्म के कौशल प्रदान करेगा जिससे आपकी दैनिक दिनचर्या सुदृढ़ होगी और लक्ष्य की प्राप्ति का मार्ग सुगम होगा।कार्यक्रम के व्यवस्थापक ध्रुव कुमार रहे। इस मौके पर संगीताचार्य और मीडिया प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता आदि रहे। कार्यक्रम संयोजक आचार्य देवराज ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन शुभम ने किया।

## क्विक न्यूज

### तालाब में डूबने से दो सगे भाइयों समेत तीन बच्चों की मौत

**ललितपुर (भाषा)।** ललितपुर जिले के महरौनी कोतवाली क्षेत्र में एक तालाब में डूबने से दो सगे भाइयों समेत तीन बच्चों की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ललितपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि शुक्रवार को महरौनी कोतवाली क्षेत्र के अगौरा गांव में एक तालाब में ऊदल सिंह के दो बेटे चंद्र प्रताप सिंह (आठ) और सूरत सिंह (10) और अशोक के बेटे अमित (10) की डूबने से मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि तीनों बच्चों के शव तालाब से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर हादसे की जांच आरंभ कर दी गई है।

### बारिश से सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का एक हिस्सा धंसा

**सुल्तानपुर (भाषा)।** सुल्तानपुर जिले के हलियापुर थाना क्षेत्र में भारी बारिश के कारण नवनिर्मित पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का एक हिस्सा धंस गया। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में कार सवार चार लोग घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुल्तानपुर के जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने कहा, बृहस्पतिवार की रात हलियापुर थाना क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे का एक हिस्सा धंस गया। यूपीईडा के सुरक्षा अधिकारी मौके पर पहुंचे और डायवर्जन किया। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के अधिकारियों ने पहले एक्सप्रेस-वे पर यातायात रोका फिर इसे डायवर्ट किया। राज्य की राजधानी लखनऊको पूर्वी उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले से जोड़ने वाले करीब 340 किलोमीटर लंबे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल नवंबर में 2022 के विधानसभा चुनाव से कुछ समय पहले किया था।

### दुर्गा पूजा पंडाल में आग लगने से मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हुई

**भदोही (भाषा)।** भदोही जिले के औराई थाना क्षेत्र में एक दुर्गा पूजा पंडाल में आग लगने से झुलसी दो और महिलाओं की शुक्रवार को मौत होने से इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों महिलाओं की शुक्रवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। इस हादसे में घायल 80 से अधिक घायलों का इलाज कई अस्पतालों में किया जा रहा है। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि शुक्रवार को सीमा बिन्द (35) और मंजू देवी (25) की सर सुन्दरलाल अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इससे पहले रविवार दो अक्टूबर की रात से बृहस्पतिवार शाम तक हादसे में अंकुश सोनी (12), जया देवी (45), नवीन (10), आरती देवी (48), हर्षवर्धन (8), शिवपूजन (70) और राम मूरत (65) की मौत हो चुकी है। राठी ने कहा कि इस घटना में झुलसे कुल 89 लोगों का भदोही, वाराणसी और प्रयागराज के सात अस्पतालों में इलाज चल रहा है, जिनमें से कई की हालत गंभीर है। जिलाधिकारी के मुताबिक रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे औराई थाने से 100 मीटर दूर नरथुआ गांव में दुर्गा पूजा पंडाल में एक हैलोजन लाइट के अधिक गर्म होने के बाद बिजली के तार में आग लग गई थी, जो पूरे पंडाल में फैल गई। राठी के अनुसार इस मामले में पूजा समिति के अध्यक्ष और सदस्यों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या सहित कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### रालोद विधायक दल नेता बालियान का अदालत में समर्पण, अगली सुनवाई 11 अक्टूबर को

**मुजफ्फरनगर (भाषा)।** आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में गैर जमानती वारंट का सामना कर रहे राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) विधायक दल के नेता राजपाल बालियान ने शुक्रवार को यहां विशेष सांसद-विधायक अदालत (एमपी-एमएलए कोर्ट) में आत्मसमर्पण कर दिया। अदालत के विशेष न्यायाधीश मयंक जायसवाल ने बालियान के खिलाफ वारंट वापस ले लिया है और आगे की सुनवाई के लिए 11 अक्टूबर की तारीख तय की है। इससे पहले, बालियान ने अदालत में उनके खिलाफ रिकॉल वारंट के लिए अपील दायर की थी। अभियोजन अधिकारी नीरज सिंह ने बताया कि राजपाल बालियान पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के दो मामले चल रहे हैं जो 2012 और 2022 में जिले के बुढाना विधानसभा क्षेत्र में बिना अनुमति जनसभा करने के लिए दर्ज किए गए थे। सिंह ने कहा कि अदालत ने यहां दोनों मामलों में अदालत में पेश नही होने पर उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था।

# वसुंधरा परिवार के शिविर में दौ सौ प्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा

**चित्रकूट।** संघ की विचार पद्धति पर राष्ट्र के पुनर्जागरण कार्य मे लगे अंतर्राष्ट्रीय वसुंधरा परिवार के आठ दिवसीय शिविर के चित्रकूट में समापन पर कई राज्यों की मातृशक्ति और छात्र-छात्राओं ने सहभागिता निभाई। वसुंधरा परिवार के मुख्य लक्ष्य बच्चों को फ्तह के गुर सिखाकर ऑनलाइन नि:शुल्क कक्षाएं चलाई जायेंगी। शुक्रवार को वसुंधरा परिवार के संरक्षक/पूर्व गृह सचिव जगन्नाथ सिंह की अगुवाई में आचार्य मंदिर नयागांव में चले शिविर में दिल्ली, उड़ीसा, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार और यूपी के छात्र-छात्राओं समेत दो सौ लोगों ने हिस्सा लिया। अखिल भारतीय कार्यकारिणी ने आठ दिवसीय शिविर में सवेरे पांच बजे से रात में 10 बजे तक वसुन्धरा परिवार संस्थापक अध्यक्ष आशुतोष ने सत्रों में बच्चों को लक्ष्य साधने के तरीके बताये। संरक्षक सेवा निवृत्त आईएएस जगन्नाथ सिंह ने बताया कि वसुंधरा परिवार में तमाम शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी एवं वरिष्ठ समाजसेवी शामिल हैं। अनुभवी टीम देशभर में चुनिंदा बच्चों की फौज तैयार करने में लगी है। वसुंधरा परिवार का गठन वर्ष 2005 में किया गया है। संघ परिवार की विचारधारा को आगे बढ़ाना लक्ष्य है। वसुंधरा परिवार की अखिल भारतीय कार्यकारिणी बैठक नवम्बर महीने में दिल्ली में होगी। इस शिविर में भुवनेश्वर से ममता पंडा, दिल्ली से खेमचंद्र शर्मा, डा सत्यजीत, रींवा के पूरनमल साहू, जबलपुर के मुकुल तिवारी, प्रज्ञा द्विवेदी, उडीसा के कृष्ण कुमार गुप्ता, लखनऊ की जया सिंह, वैतुल के अनिल राठौर, लक्ष्मीकांत लखनऊ, श्रीनाथ जेना भुवनेश्वर, प्रो लिली पंडा, शिवांगी परमार, सुधा सिंह लखनऊ, सरस्वती कर्वी समेत मातृशक्ति, प्रशिक्षक और छात्र-छात्राओं की मौजूदगी रही स शिविर में राष्ट्रीय स्तरके अनेकों विभूतियों ने प्रशिक्षण में मार्गदर्शन किया। उद्घाटन सत्र में डा राम अवतार शर्मा (चेयरमैन रामायण सर्किट) सत्येन्द्र सिंह आगरा एवं दीक्षांत समारोह श्री श्री 1008 पूज्य संत राजगुरु बद्री प्रपन्नाचार्य महान्त आचार्य आश्रम मार्गदर्शन हुआ।

# ट्राफिक चौराहे का नाम तुलसी चौराहा रखने की मांग

**चित्रकूट।** भारतीय साहित्यक संस्थान के प्रबंधक डॉ मनोज द्विवेदी की अगुवाई में जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि ट्राफ्कि चौराहे का नाम तुलसी चौराहा रखकर महाकवि तुलसीदास की प्रतिमा लगवाई जाये। शुक्रवार को जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में भारतीय साहित्यिक संस्थान के प्रबंधक डॉ मनोज द्विवेदी ने कहा कि 1975 में पूर्व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शंकरलाल अग्रवाल ने लिओ क्लब के कार्यक्रम में ट्राफ्कि चौराहे का नाम तुलसी चौराहा रखकर बगल की बाजार का नाम तुलसी मार्केट रखा था। हाल में नगर पालिका परिषद ने इस चौराहे का चौडीकरण कर सुन्दरीकरण करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि ट्राफ्कि चौराहे का नाम तुलसी चौराहा कर महाकवि तुलसीदास की प्रतिमा लगाई जाये। इस चौराहे में महात्मा गांधी की भी प्रतिभा लगाई जाये। इसी स्थान पर 1930 में आजादी के आन्दोलन के समय गांधी ने यहां जनसभा की थी।

# मऊ बाजार में लगी हाई मास्क लाइट का भाजपा नेता ने किया उद्घाटन

संवाददाता। महराजगंज रायबरेली



**क्षेत्र के** मऊ में चल रहे दो दिवसीय विशाल मेले में पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश सिंह राठौर ने बाजार में क्षेत्र पंचायत निधि से लगी हाई मास्क लाइट का उद्घाटन किया वही क्षेत्र पंचायत निधि से बाजार में हाई मास्क लाइट स्थापित कराने में अहम भूमिका निभाने वाले पूर्व ब्लाक प्रमुख व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मऊ सत्येंद्र प्रताप सिंह के प्रति हर्ष व्यक्त किया आपको बता दें कि मऊ में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मऊ बाजार स्थल पर विशाल मेले का आयोजन पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह की देख रेख लगवाया जा रहा है, मेले में प्रथम दिन शुक्रवार को भारी भीड़ का जन सैलाब उमड़ा रहा और चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहे वहीं मेले में वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सिंह राठौर ने भी पहुचकर उपस्थित दर्ज कराई तथा मऊ बाजार में क्षेत्र पंचायत निधि से चार लाख एखत्तर हजार रुपए की लागत से लगी हाई मास्क लाइट उद्घाटन भी किया इस अवसर उन्होंने ने कहा कि मेले के आयोजन देश के सांस्कृतिक धरोहर है जिन्हें संजो रखना बहुत जरूरी है इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा अभय सिंह राजन बाबू अतुल कुमार पाण्डेय अशोक सिंह रानू सोमवंशी आशीष सिंह सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# ऐतिहासिक दशहरे मेला का गौरव बनाए रखना जरूरी: जायसवाल

- रोशनी कमेटी के पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**विजयदशमी के** पावन पर्व पर मुट्ठीगंज में तीन दिवसीय भव्य रोशनी की सजावट को लेकर रोशनी कमेटी के अध्यक्ष एवं रोशनी के ठेकेदारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुट्ठीगंज के चारों दिशाओं में जलने वाली रोशनी कमेटी के संरक्षक समाजसेवी मुकेश चंद्र जायसवाल ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के पवित्र आदर्श पर आधारित मुट्ठीगंज की ऐतिहासिक दशहरे का मेला पूरी दुनिया में प्रयागराज का गौरव बढ़ाती है और हमें इस गौरव को बनाए रखना होगा। रोशनी कमेटी के मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अवसर पर थाना अध्यक्ष मुट्ठीगंज आशीष कुमार चौबे के द्वारा रोशनी प्रतियोगिता को लेकर सभी रोशनी कमेटियों को समानांतर स्थान देते हुए दशहरे की पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर न्यू बाल संघ रोशनी कमेटी के अध्यक्ष उमेश चंद्र गुप्ता दादा व्यापार रोशनी कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार केसरवानी मुट्ठीगंज रोशनी कमेटी के अध्यक्ष सतीश केसरवानी एवं बाल संघ रोशनी कमेटी के अध्यक्ष सतीश चंद्र केसरवानी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद रामबाबू अग्रहरि सुभाष चंद्र केसरवानी अरुण केसरवानी राजेश केसरवानी राजकुमार जायसवाल राजू रमेश चंद्र केसरवानी संतोष अग्रहरि सचिन गुप्ता आदि चारों रोशनी कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# टैंक का बैरल फटने से कमांडर समेत दो सैनिकों की मौत

- झांसी जिले के बबीना में हुआ हादसा

भाषा। झांसी

**झांसी जिले** के बबीना में सेना के फील्ड फायरिंग अभ्यास के दौरान एक टैंक का बैरल फट जाने से दो जवानों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। एक प्रशासनिक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। झांसी के जिलाधिकारी शशि भूषण ने बताया कि बृहस्पतिवार की शाम करीब सात बजे फील्ड फायरिंग रेंज बबीना में फायरिंग प्रशिक्षण के दौरान एक टैंक का बैरल फट जाने से तीन जवान घायल हुए थे, जिन्हें उपचार के लिए सैन्य चिकित्सालय बबीना में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल क्षेत्र के रहने वाले एस. समानता एवं राजस्थान के सुमेर सिंह बगारिया नामक दो जवानों की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल जवान संतकबीरनगर निवासी प्रदीप यादव का उपचार सेना के चिकित्सालय में चल रहा है। भारतीय सेना ने आधिकारिक जानकारी देते हुए बताया कि छह अक्टूबर को वार्षिक प्रशिक्षण के दौरान तीन सैन्यकर्मियों द्वारा संचालित एक टैंक का बैरल फट जाने से एक कमांडर और एक गनर ने गंभीर रूप से झुलस जाने के कारण दम तोड़ दिया। टैंक चालक भी झुलस गया, जिसका उपचार सेना के चिकित्सालय में चल रहा है और उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। भारतीय सेना ने शहीद हुए जवानों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

# चार दिन से लापता किशोर का शव फांसी से लटका मिला

**अमेठी (भाषा)।** पिछले चार दिन से लापता 18 वर्षीय एक किशोर का शव अमेठी जिले में गजियापुर गांव के बाहर उसके परिवार के नवनिर्मित मकान में शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी से लटका मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राहुल वर्मा का शव गांव के बाहर परिवार के नवनिर्मित मकान से मिला। उन्होंने बताया कि वर्मा का परिवार गांव में एक अन्य मकान में रहता है। युवक की मां अमरावती का आरोप है कि उसका बेटा राहुल वर्मा चार दिन से लापता था और उसकी हत्या कर शव को फांसी से लटकाया गया है। संग्रामपुर के थाना प्रभारी उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि वर्मा का शव गांव के बाहर बने मकान में फांसी के फंदे से लटका मिला। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और घटना की जांच की जा रही है।

# ग्रामोदय से राष्ट्र उदय की अवधारणा पर चित्रकूट में 9 से होगा चार दिवसीय ग्रामोदय मेला

- भारत रत्न नानाजी देशमुख के जन्मोत्सव पर हो रहा आयोजन, एमपी के सीएम शिवराज समेत कई केंद्रीय व राज्य मंत्री होंगे शामिल

**चित्रकूट।** भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में 9 से 12 अक्टूबर तक ग्रामोदय से राष्ट्र उदय की अवधारणा पर ग्रामोदय मेला में 'एक जिला-एक उत्पाद' के अलावा राज्य शासन के कई विभाग भी सहभागिता करेंगे। भारत रत्न नानाजी देशमुख की जयंती पर होने वाले इस आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों से ओत-प्रोत शरद उत्सव भी होगा। ग्रामोदय मेले में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित केन्द्रीय मंत्रि-परिषद के सदस्य भी शामिल होंगे। मेला में तीन अलग-अलग परिसर होंगे। एक परिसर में 'एक जिला-एक उत्पाद' के लिए विशेष रूप से प्रदर्शनी होगी। दूसरे परिसर में राज्य के सभी विभागों के लिए प्रमुख विभागीय कार्यक्रम, विकास गतिविधियों, योजनाओं, नीतियों आदि को प्रदर्शित करने के लिए प्रदर्शनी तथा स्टॉल होंगे। तीसरा परिसर केन्द्र शासन के मंत्रालय/उपक्रम तथा निजी क्षेत्र की कंपनियों के लिये होगा। चार दिवसीय मेले में अलग-अलग विषयों पर सेमीनार, परिचर्चा, गोष्ठियाँ और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। चित्रकूट में आयोजित होने वाले ग्रामोदय मेले के आयोजन के संबंध में सतना कलेक्टर अनुराग वर्मा व पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता एवं चित्रकूट के डीएम अभिषेक आनंद ने दीनदयाल शोध संस्थान के उद्यमिता परिसर पहुंचकर जिला अधिकारियों और संस्थान के पदाधिकारियों के साथ मेला आयोजन की रुपरेखा और गतिविधियों के संबंध में चर्चा की। इस मौके पर एसडीएम पीएस त्रिपाठी डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन सहित स्थानीय प्रशासनिक और पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर एवं एसपी ने चित्रकूट ग्रामोदय मेले में लगाये जा रहे स्टालो के डोम और मेला परिसर का भ्रमण कर अब तक की गई तैयारियों का जायजा भी लिया। उद्यमिता परिसर स्थित राममनोहर लोहिया सभागार में जिला अधिकारियों एवं मेला आयोजन की संस्थाओं और डीआरआई प्रतिनिधियों के साथ आयोजन की रुपरेखा पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# पाकिस्तान 13 रन से जीता

## 2016 के बाद चिर प्रतिद्वंद्वी भारत पर टी-20 में पहली जीत

**महिला एशिया कप**

**भाषा।** सिलहट




**बल्लेबाजों** के निराशाजनक प्रदर्शन से भारत को शुक्रवार को यहां महिला एशिया कप टी20 क्रिकेट मैच में पाकिस्तान से 13 रन से हार का सामना करना पड़ा। इससे पाकिस्तान ने चिर प्रतिद्वंद्वी भारत पर छह वर्षों में पहली जीत हासिल की। एशिया की सबसे मजबूत टीमों में शुमार भारत का बल्लेबाजी प्रदर्शन निराशाजनक रहा जिससे पूरी टीम पाकिस्तान द्वारा बनाए गए छह विकेट पर 137 रन के स्कोर का पीछा करते हुए 19.4 ओवर में महज 124 रन पर सिमट गई।

वहीं पाकिस्तान के लिए शानदार वापसी रही जिसे 24 घंटे से भी कम समय पहले थाईलैंड से उलटफेर का सामना करना पड़ा था। भारत की आधी टीम 65 रन के स्कोर पर पवेलियन पहुंच चुकी थी, उसे हर तरह की समस्या का सामना करना पड़ा जिसमें स्टार खिलाड़ी स्मृति मंधाना (19 गेंद में 17 रन) सहित ज्यादातर खिलाड़ियों ने अपना विकेट आसानी से गंवा दिया। इस मैच से पहले भारत का पाकिस्तान पर जीत का रिकॉर्ड 10-2 था। पाकिस्तान ने इससे पहले भारत पर जीत 2016 में नई दिल्ली में टी20 विश्व कप के दौरान हासिल की थी। पूजा वस्त्राकर खराब क्षेत्ररक्षण पर एक रन चुराने के प्रयास में रन आउट हो गईं जबकि दयालन हेमलता (22 गेंद में 20 रन) ने अच्छी शुरूआत का फायदा नहीं उठाकर अपनी टीम को निराश किया। हरमनप्रीत कौर की फिटनेस पर भी सवाल उठे क्योंकि वह सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरीं और सस्ते में आउट हो गईं। मैच के बाद निराश हरमनप्रीत ने कहा, क्रीज पर हम अन्य बल्लेबाजों को मौका देने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन मुझे लगता है कि आज यह महंगा पड़ गया। इस लक्ष्य को हासिल किया जा सकता था। मध्य के ओवरों में हम स्ट्राइक रोटेट नहीं कर सके। भारत को अंतिम छह ओवर में 61 रन की जरूरत थी। ऋचा घोष (13 गेंद में 26 रन) ने स्पिनरों के खिलाफ तीन छक्के जड़कर भारतीय टीम को मैच में वापसी कराई लेकिन वह 19 ओवर में डीप में कैच आउट हुईं। उनके आउट होने से भारतीय उम्मीदें भी समाप्त हो गईं।

इससे पहले पाकिस्तानी बल्लेबाजों का चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ यह बेहतर प्रदर्शन रहा। उसने निदा दार के नाबाद अर्धशतक से छह विकेट पर 137 रन ही बनाए। निदा ने अपने पांवों का अच्छा इस्तेमाल किया, विशेषकर स्पिनरों के खिलाफ। उन्होंने 37 गेंद की अपनी पारी में पांच चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 56 रन बनाए। उनके अलावा पाकिस्तान की कप्तान बिसमाह मारूफ ने 32 रन का योगदान दिया। इन दोनों ने 58 गेंद में 76 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी भी निभाई।

भारतीय गेंदबाजों में दीप्ति शर्मा सबसे सफल रहीं जिन्होंने चार ओवर में 27 रन देकर तीन विकेट चटकाए। दीप्ति ने पहले पाकिस्तानी सलामी बल्लेबाज मुनीबा अली (17 रन) को स्टंप आउट कराया और फिर दो गेंद बाद ओमेमा सोहिल को शून्य पर पगबाधा आउट किया।

बिस्माह भी आठ रन पर भाग्यशाली रहीं जब अंपायर ने राजेश्वरी गायकवाड़ की पगबाधा की अपील को ठुकरा दिया। वह पगबाधा आउट दिख रही थीं। पाकिस्तान ने 10 ओवर में तीन विकेट पर 61 रन बनाए। निदा ने पारी को कुछ लय प्रदान की, उन्होंने डी हेमलता पर एक चौका और एक छक्का जड़ा जिससे इस ओवर में 15 रन बने। दीप्ति के अलावा पूजा वस्त्राकर ने दो और रेणुका सिंह ने एक विकेट लिया। भारतीय क्षेत्ररक्षण भी कई मौकों पर लचर रहा जिसमें स्थानापन्न शेफाली वर्मा ने स्टंपिंग का आसान मौका भी गंवाया।

**त्रिकोणीय शृंखला**

## पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 21 रन से हराया

**भाषा।** क्राइस्टचर्च

**विकेटकीपर** बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान की नाबाद 78 रन की पारी की मदद से पाकिस्तान ने शुक्रवार को यहां बांग्लादेश को 21 रन से हराकर टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

रिजवान ने 50 गेंद की अपनी पारी में सात चौके और दो छक्के जड़े। उन्होंने कप्तान बाबर आजम (22) के साथ पहले विकेट के लिए 52 और शान मसूद (31) के साथ दूसरे विकेट के लिए 48 रन की उपयोगी साझेदारियां की। इससे पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 167 रन बनाए। इसके जवाब में बांग्लादेश आठ विकेट पर 146 रन ही बना पाया। उसकी तरफ से यासिर अली ने नाबाद 42 जबकि लिटन दास ने 35 रन बनाए। पाकिस्तान के लिए मोहम्मद नसीम ने तीन और मोहम्मद नवाज ने दो विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया में होने वाले विश्वकप की तैयारियों के लिहाज से महत्वपूर्ण इस त्रिकोणीय श्रृंखला की तीसरी टीम मेजबान न्यूजीलैंड है।

# आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को हराकर शृंखला 2-0 से जीती




**भाषा।** ब्रिसबेन

**सलामी** बल्लेबाज डेविड वार्नर (75 रन) के अर्धशतक के बाद मिशेल स्टार्क के चार विकेट की बदौलत आस्ट्रेलिया ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शुक्रवार यहां वेस्टइंडीज को 31 रन से हराकर दो मैचों की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की। आस्ट्रेलिया ने पहले टी20 मैच में वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराया था। आस्ट्रेलिया ने वार्नर की 10 चौके और तीन छक्के जड़ित 41 गेंद की पारी और टिम डेविड के 42 रन (20 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) के योगदान से सात विकेट पर 178 रन का स्कोर खड़ा किया। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज 20 ओवर में आठ विकेट पर 147 रन ही बना सकी। उसने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए। जॉनसन चार्ल्स 29 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। अकील हुसैन ने 25 रन बनाए।

आस्ट्रेलिया के लिए मिशेल स्टार्क ने 20 रन देकर चार खिलाड़ियों को पवेलियन भेजा। उनके अलावा पैट कमिंस को दो विकेट मिले। इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद वार्नर ने कप्तान आरोन फिंच (15 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 52 गेंद में 85 रन की भागीदारी निभाई। स्टीव स्मिथ (17 रन) और डेविड के बीच पांचवें विकेट के लिए 26 गेंद में 56 रन की साझेदारी भी अहम रही।

वेस्टइंडीज के लिए अल्जारी जोसफ ने 21 रन देकर तीन जबकि ओबेद मैकॉय ने तीन ओवर में 33 रन देकर दो विकेट झटके।

## चाहर का टखना मुड़ा, मुकेश और सकारिया बतौर नेट गेंदबाज विश्व टी20 टीम से जुड़े

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय वनडे टीम को करारा झटका लगा है क्योंकि लखनऊ में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच से पहले हुए ट्रेनिंग सत्र के दौरान टखना मुड़ने के कारण सीनियर तेज गेंदबाज दीपक चाहर के बचे हुए दो मैचों में खेलने की संभावना नहीं है। चाहर उस भारतीय टीम के अंतिम एकादश का हिस्सा नहीं थे जिसे शुरूआती मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नौ रन से हार का सामना करना पड़ा था। चयन मामलों की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, दीपक का टखना मुड़ गया है लेकिन यह इतना गंभीर नहीं है। हालांकि कुछ दिन का आराम की सलाह दी जा सकती है। उन्होंने कहा, इसलिए यह टीम प्रबंधन का फैसला होगा कि वे दीपक को खिलाने का जोखिम लेना चाहेंगे या नहीं क्योंकि वह टी20 विश्व कप के लिए स्टैंड बाई सूची में शामिल है। लेकिन अगर वहां जरूरत होगी तो यह प्राथमिकता होगी। अभी टी20 विश्व कप टीम में जसप्रीत बुमराह की जगह मोहम्मद शमी को लिया जाएगा जो धीरे धीरे मैच फिट हो रहे हैं और उनके अगले तीन से चार दिनों में आस्ट्रेलिया रवाना होने की उम्मीद है। सूत्र ने कहा, मोहम्मद शमी अगर फिट होते हैं तो वह पहली प्राथमिकता होगी। वह अगले हफ्ते टीम से जुड़ेंगे। मुकेश चौधरी और चेतन सकारिया बतौर नेट गेंदबाज टी20 टीम से जुड़ गए हैं। पिछले साल चेन्नई सुपर किंग्स की खोज रहे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी और सौराष्ट्र के चेतन सकारिया बतौर नेट गेंदबाज टी20 विश्व कप टीम से जुड़ चुके हैं।

## बुमराह और जडेजा की अनुपस्थिति से नए चैंपियन ढूंढ़ने का मौका मिलेगा: शास्त्री

**चेन्नई (भाषा)।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है की टीम को टी20 विश्व कप में जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा की कमी खलेगी लेकिन इससे नए चैंपियन को खोजने का मौका भी मिलेगा।



बुमराह और जडेजा चोटिल होने के कारण ऑस्ट्रेलिया में इस महीने शुरू होने वाले टी20 विश्वकप में नहीं खेल पाएंगे। जडेजा का घुटना चोटिल है जबकि बुमराह पीठ की गंभीर समस्या से परेशान हैं। इन दोनों के चोटिल होने से भारत को करारा झटका लगा है। शास्त्री ने बी अरुण और आर श्रीधर के साथ मिलकर कोचिंग बियोंड नाम की अपनी नई पहल के शुरुआत के अवसर पर कहा, बुमराह वहां नहीं होगा, जडेजा वहां नहीं होगा और इससे टीम प्रभावित होगी लेकिन साथ ही यह नए चैंपियन ढूंढने का भी मौका होगा। उन्होंने कहा, बुमराह की चोट दुर्भाग्यपूर्ण है। बहुत अधिक क्रिकेट खेला जा रहा है और खिलाड़ी चोटिल हो रहे हैं। वह चोटिल है लेकिन यह किसी दूसरे के लिए मौका भी है। चोट के मामले में आप कुछ नहीं कर सकते।

बुमराह की जगह अभी तक किसी नए खिलाड़ी को नहीं चुना गया है लेकिन मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने संकेत दिए हैं कि यदि मोहम्मद शमी कोविड-19 से उबर कर पूर्ण फिटनेस हासिल कर लेते हैं तो उन्हें टीम में लिया जा सकता है। टी20 विश्वकप के लिए स्टैंड बाय के रूप में भारतीय टीम में शामिल शमी ने जुलाई से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है लेकिन शास्त्री का मानना है कि इस तेज गेंदबाज का ऑस्ट्रेलिया में खेलने का अनुभव भारत के काम आएगा। शास्त्री ने कहा, उसे ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में खेलने का काफी अनुभव है। भारत ने पिछले छह वर्षों में ऑस्ट्रेलिया के काफी दौरे किए हैं और वह इनमें टीम का हिस्सा रहा है। इसलिए यह अनुभव मायने रखता है। शास्त्री ने कहा कि कुछ खिलाड़ियों के चोटिल होने के बावजूद भारतीय टीम काफी अच्छी है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमारी टीम काफी अच्छी है। अगर आप सेमीफाइनल में जगह बना लेते हो तो फिर कोई भी टीम चैंपियन बन सकती है। इसलिए अच्छी शुरुआत पर ध्यान देना जरूरी है।

**क्विक न्यूज**

### गंभीर आरपीएसजी की टी-20 टीमों के वैश्विक मेंटोर बने

**नई दिल्ली।** आर पी . संजीव गोयनका ग्रुप ने भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और अपनी आईपीएल टीम लखनऊसुपर जाइंट्स के मेंटोर गौतम गंभीर को अपने क्रिकेट संचालन मामलों का वैश्विक मेंटोर बनाया है। एलएसजी के साथ गंभीर अब दक्षिण अफ्रीका में आरपीएसजी समूह की टी20 टीम डरबंस सुपर जाइंट्स के भी मार्गदर्शक होंगे। गंभीर के मार्गदर्शन में एलएसजी ने पहले ही सत्र में प्लेआफ के लिए क्वालीफाई किया। गंभीर ने कहा , मैं सुपर जाइंट्स के वैश्विक मेंटोर के रूप में पूरी प्रतिबद्धता और जुनून के साथ काम करूंगा। सुपर जाइंट्स परिवार को विश्व स्तर पर अपनी छाप छोड़ते देखना सुखद पल है।

### जीव मिल्खा सिंह की पीजीए सीनियर चैंपियनशिप में अच्छी शुरुआत

**इबारकी।** भारतीय गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने यहां पीजीए सीनियर चैंपियनशिप समिट कप के पहले दौर में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों मे पार 72 का कार्ड खेलकर अच्छी शुरुआत की। विश्व भर मे कई सीनियर चैंपियनशिप मे भाग ले रहे इस 50 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने अंतिम दो होल मे बर्डी बनाकर पहले दौर का शानदार अंत किया। उन्होने पहले, 13वे, 17वे और 18वे होल मे बर्डी लगाई तथा दूसरे, 12वे, 14वे और 16वे होल मे बोगी की। वह अभी संयुक्त 11वे स्थान पर है। जीव ने कहा, यहां काफी ठंड है और बारिश हो रही है। अभ्यास की तुलना मे कोर्स अलग तरह से व्यवहार कर रहा था लेकिन मुझे जापान मे खेलना पसंद है। दूसरे दौर मे भी बारिश की भविष्यवाणी की गई है।

### अंतरराष्ट्रीय ब्रिज चैंपियनशिप 11 से

**गुरुग्राम।** विश्व भर के 950 से अधिक खिलाड़ी यहां 11 अक्टूबर से शुरू हो रही 19वीं एचसीएल अंतरराष्ट्रीय ब्रिज चैंपियनशिप में भाग लेंगे। इस छह दिवसीय प्रतियोगिता में जो प्रमुख खिलाड़ी हिस्सा लेंगे उनमें जिया महमूद (पाकिस्तानी-अमेरिकी), क्रेग गोवर (दक्षिण अफ्रीका), रॉब स्टीफेंस (दक्षिण अफ्रीका) और किरण नादर (भारत) शामिल हैं। इस प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय ब्रिज महासंघ के तत्वावधान में किया जाएगा और इसकी कुल पुरस्कार राशि दो करोड़ 20 लाख रुपए होगी।

### हाथ में फ्रैक्चर के कारण मिशेल त्रिकोणीय शृंखला से बाहर

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिशेल शुक्रवार को अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गए और उनके हाथ में फ्रैक्चर हो गया जिसके कारण वह टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला मे नही खेल पाएंगे। यह ऑलराउंडर अभ्यास के दौरान बल्लेबाजी करते हुए चोटिल हो गया और एक्स-रे से पता चला कि उनकी छोटी उंगली मे फ्रैक्चर हो रखा है। टीम फिजियो थियो क्पाकौलकिस ने पुष्टि की कि मिशेल को चोट से उबरने दो सप्ताह का समय लग सकता है। कोच गैरी स्टीड ने कहा कि मिशेल की टी20 विश्व कप मे उपलब्धता को लेकर समय आने पर विचार किया जाएगा। टीम को 15 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया रवाना होना है। स्टीड ने न्यूजीलैंड क्रिकेट के बयान मे कहा, यह दुखद है कि डेरिल चोटिल हो गया है। वह हमारी टी20 टीम का महत्वपूर्ण सदस्य है और हमें त्रिकोणीय श्रृंखला में उनके ऑलराउंड कौशल की कमी खलेगी। उन्होंने कहा, विश्व कप मे हमारे पहले मैच मे दो सप्ताह से अधिक का समय है और हमारे पास डेरिल की उपलब्धता पर विचार करने के लिए अभी समय है।

### युवराज सिंह संधू ने टाटा स्टील पीजीटीआई प्लेयर्स चैम्पियनशिप में सत्र की चौथी जीत दर्ज की

**पंचकूला।** चंडीगढ़ के गोल्फर युवराज सिंह संधू ने शुक्रवार को यहां टाटा स्टील पीजीटीआई प्लेयर्स चैम्पियनशिप के अंतिम दौर में चार अंडर 68 का कार्ड खेलकर सत्र का चौथा खिताब अपने नाम किया। युवराज का कुल स्कोर 19 अंडर 269 रहा जिससे वह अपना सातवां पेशेवर खिताब जीतने में सफल रहे। वह 7.5 लाख रुपए की पुरस्कार राशि जीतकर पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में तीसरे से दूसरे स्थान पर पहुंच गए। चंडीगढ़ के एक अन्य गोल्फर अजीतेश संधू ने दिन का सर्वश्रेष्ठ 65 का कार्ड खेला जिससे वह 18 अंडर 270 के कुल स्कोर से बांग्लादेश के गोल्फर जमाल हुसैन (66) के साथ संयुक्त उप विजेता रहे।

# एफआईएच के वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए हरमनप्रीत सिंह

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह को शुक्रवार को यहां लगातार दूसरी बार पुरूष वर्ग में एफआईएच का वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। हरमनप्रीत लगातार वर्षों में पुरूष वर्ग में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाले चौथे खिलाड़ी हैं, वह इस तरह नीदरलैंड के तेयून डि नूजीयर, आस्ट्रेलिया के जेमी ड्वेयर और बेल्जियम के आर्थर वान डोरेन के साथ इस एलीट सूची में शामिल हो गए हैं। एफआईएच ने एक बयान में कहा, हरमनप्रीत एक आधुनिक युग के हॉकी सुपरस्टार हैं। वह शानदार डिफेंडर हैं जिनमें प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ने के लिय सही समय पर सही जगह पहुंचने की बेहतरीन क्षमता है। इसमें कहा गया, उसकी ड्रिब्लिंग काबिलियत शानदार है। वह काफी गोल भी बनाता है। अब उन्हें लगातार दूसरे साल एफआईएच का वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया है। हरमनप्रीत (26 वर्ष) को कुल 29.4 अंक मिले, उनके बाद थिएरी ब्रिंकमैन के 23.6 और टॉम बून के 23.4 अंक हैं। भारतीय उप कप्तान हरमनप्रीत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2021-22 में 16 मैचों में 18 गोल दागे हैं जिसमें दो हैट्रिक भी शामिल हैं। इन 18 गोल की बदौलत वह भारत के लिए सत्र के अंत में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी रहे और उने नाम प्रो लीग के एक ही सत्र में सबसे ज्यादा गोल करने का रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया है।




## भारत के महिला अंडर-17 कोच डेनरबी ने कहा, हमारा लक्ष्य क्वार्टर फाइनल में पहुंचना

**भुवनेश्वर (भाषा)।** भारत को भले ही अंडर-17 महिला फुटबॉल विश्वकप में अमेरिका और ब्राजील जैसी शीर्ष टीमों के साथ एक ग्रुप में रखा गया हो लेकिन कोच थॉमस डेनरबी ने कहा कि उनकी टीम मजबूत टीमों को कड़ी चुनौती देने के लिए तैयार है और उसका लक्ष्य अंतिम आठ में जगह बनाना है।

भारत 11 अक्टूबर को अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। इसके बाद वह 14 अक्टूबर को मोरक्को और 17 अक्टूबर को ब्राजील से भिड़ेगा। डेनरबी ने प्रतियोगिता से पहले वर्चुअल बातचीत में संवाददाताओं से कहा, निश्चित तौर पर हमारा सामना शीर्ष टीमों से है लेकिन यदि हमारे लिए मैच वाला दिन अच्छा रहता है और दूसरी टीम थोड़ा खराब प्रदर्शन करती है तो हमारे पास मौका रहेगा। वैसे भी कमजोर टीम मैच जीतती रही हैं। उन्होंने कहा, अगर हम इन टीम के खिलाफ शुरू में गोल कर देते हैं तो उन पर दबाव आ जाएगा। मौके हमेशा रहते हैं और अगर हमें मौका मिलता है तो हमें उसका फायदा उठाना चाहिए।

प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी। अगर फीफा की सीनियर रैंकिंग पर गौर किया जाए तो अमेरिका विश्व में नंबर एक पर काबिज है जबकि ब्राजील शीर्ष 10 में शामिल है। भारत की रैंकिंग 58 है और ग्रुप में केवल मोरक्को (76) उससे कम रैंकिंग वाली टीम है। डेनरबी ने कहा, निश्चित तौर पर हम क्वार्टर फाइनल में जगह बनाना चाहते हैं इसमें कोई संदेह नहीं है और हम प्रत्एक मैच में पूरी जी जान लगा देंगे। केवल अपने प्रदर्शन पर ध्यान देने से हम इसे हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा, मेरे लिहाज से यह परिणाम से इतना जुड़ा नहीं है। हमें अपनी रणनीति पर कायम रहना होगा और जो भी परिणाम रहे शांतचित बने रहना होगा। हम कड़ी चुनौती पेश करेंगे। महिला अंडर-17 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए नवंबर 2019 में भारतीय टीम से जुड़ने वाले डेनरबी ने कहा, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात अपने प्रदर्शन पर ध्यान देना होगा और उम्मीद है कि अच्छे प्रदर्शन से हम अंक हासिल करेंगे। उम्मीद है कि दर्शकों के अपार समर्थन का भी हमें फायदा मिलेगा।

## जोकोविच अस्ताना ओपन के सेमीफाइनल में, दानिल मेदवेदेव से होगा सामना

**एपी।** अस्ताना (कजाखस्तान)



**सर्बियाई** स्टार नोवाक जोकोविच ने करेन खाचानोव को 6-4, 6-3 से हराकर अस्ताना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना दानिल मेदवेदेव से होगा। दूसरी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव ने क्वार्टरफाइनल में राबर्टो बातिस्ता आगुट को 6-।, 6-। से शिकस्त दी। दूसरा सेमीफाइनल तीसरी वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सिटसिपास और पांचवीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रूबलेव के बीच होगा। 21 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच ने प्री क्वार्टरफाइनल में नीदरलैंड के बॉटिक वैन डे ज़ैंड्सचुल्प को 6-3, 6-। से सीधे सेटों में पराजित किया था। दूसरी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव ने प्री क्वार्टर में फिनलैंड के एमिल रुसुवुओरी को 6-3, 6-2 से हराया।

## दिल्ली हाफ मैराथन में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे अविनाश साबले

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता अविनाश साबले 16 अक्टूबर से यहां होने वाली 17वीं वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। ओलंपियन स्टीपलचेज एथलीट साबले जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से शुरू होने वाली 268,000 डॉलर पुरस्कार राशि की विश्व एथलेटिक्स एलीट लेबल रोड रेस में वापसी करेंगे, जिसमें वह हाफ मैराथन 61 मिनट के अंदर (60:30 मिनट) पूरी करने वाले पहले भारतीय बने थे। वह इस समय से भारतीयों में शीर्ष पर और कुल 10वें स्थान पर रहे थे। भारतीय एलीट वर्ग में 2018 चरण के विजेता अभिषेक पाल भी हिस्सा लेंगे। पाल ने हाल में गुजरात में चल रहे राष्ट्रीय खेलों में 28:54.98 सेकेंड के समय से 10,000 मीटर में रजत पदक जीता था। भारतीय महिला दल का नेतृत्व पूर्व चैम्पियन संजीवनी जाधव करेंगी। वह 2020 चरण की रजत पदक विजेता हैं। संजीवनी ने 2022 फेडरेशन कप एथलेटिक्स में 10,000 मीटर का स्वर्ण पदक जीता था। उन्हें पूर्व चैम्पियन मोनिका अथारे से भी चुनौती मिलेगी। पुरूष और महिला वर्ग में भारतीय एलीट विजेताओं को 3.5 लाख रूपए की पुरस्कार राशि मिलेगी।




# विश्व रैंकिंग में फिर शीर्ष 25 में पहुंचना चाहते हैं राष्ट्रीय खेल चैम्पियन प्रणीत

**भाषा।** सूरत

**राष्ट्रीय** खेलों में पहला स्वर्ण पदक जीतने के बाद बैडमिंटन खिलाड़ी बी साई प्रणीत विश्व रैंकिंग में फिर से शीर्ष 25 में वापसी करना चाहते हैं। कोविड-19 महामारी उनके लिए काफी भयावह साबित हुई थी जिससे उनका प्रदर्शन काफी प्रभावित हुआ था। उन्होंने 2017 में लगातार कुछ बड़े खिलाड़ियों को पराजित किया था। उन्होंने 2017 में सिंगापुर सुपर सीरीज खिताब और 2019 में विश्व चैम्पियनशिप का कांस्य पदक भी जीता था। लेकिन महामारी के कारण दुनिया भर में लगे लॉकडाउन से सब रूक गया जिसमें प्रणीत का करियर भी शामिल था। विश्व रैंकिंग में 2019 में दुनिया के 10वें नंबर के खिलाड़ी से वह इस साल सितंबर में 41वें स्थान पर खिसक गए।

प्रणीत ने गुरूवार को यहां 36वें राष्ट्रीय खेलों में पुरूष बैडमिंटन खिताब जीतने के बाद एक विज्ञप्ति में कहा, मेरा करियर 2017 तक ऊंचाई की ओर बढ़ रहा था। मैं अपने खेल के शिखर पर था और आत्मविश्वास से लबरेज था। उन्होंने कहा, लेकिन दुर्भाग्य से लॉकडाउन लगा दिया गया। यह मेरे लिए बड़ी आपदा साबित हुआ। मेरी ट्रेनिंग रूक गई। मैं घर पर बैठा था। प्रणीत की लय ही नहीं बल्कि उनके आत्मविश्वास पर भी इसका प्रभाव पड़ा। कुछ चोट लग गईं। लेकिन अब हैदराबाद का यह खिलाड़ी खुद को लय में महसूस कर रहा है।

उन्होंने कहा, खेल में खुद पर भरोसा ही अहम होता है। एच एस प्रणय पर राष्ट्रीय खेलों में मिली जीत आगे मेरे लिए मनोबल बढ़ाने वाली होगी। उन्होंने कहा, मेरी प्राथमिकता जितना जल्दी हो सकते विश्व रैंकिंग में शीर्ष 25 में जगह बनाने की है। मुझे अपनी फिटनेस पर काम करना होगा ताकि मैं कई टूर्नामेंट खेल सकूं।



## जिमनास्ट से गोताखोर बनी मेधाली रेडकर ने स्वर्ण पदक जीता

**राजकोट (भाषा)।** जिमनास्ट से गोताखोर बनी मेधाली रेडकर ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रीय खेलों में गोताखोरी की। एम स्प्रिंगबोर्ड स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाला। मेधाली ने अपने कोचों के सुझाव के बाद गोताखोरी में आने का फैसला किया क्योंकि दोनों खेलों में एक समान कोर स्ट्रेंथ और एक्रोबेटिक काबिलियत की जरूरत होती है। मेधाली ने इसमें हाथ आजमाने की कोशिश की और सात साल बाद मुंबई की इस एथलीट ने कुल 171.50 अंक से रूतिका श्रीराम को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। गुवाहाटी में हाल में समाप्त हुई सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मेधाली ने 3 एम स्प्रिंगबोर्ड में कांस्य पदक जीता था और। एम स्प्रिंगबोर्ड स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रही थीं।

